


अखबार जो बदल दे नजरिया

# राष्ट्रीय ख़बर हमारी नज़र

पेज ›› 12 मूल्य ›› 3 रुपये ›› वर्ष ›› 14 अंक ›› 321 | epaper.rashtriyakhabar.com | कार्तिक, शुक्लपक्ष पूर्णिमा, विक्रम संवत 2080


## विदुर नीति

य ईर्षुः परवित्तेषु रूपे वीर्ये कुलान्वये।

सुख सौभाग्य सत्कारे तस्य व्याधिरनन्तकः॥

**भावार्थ** : किसी के धन, संपत्ति, रूप, सौंदर्य, वीर्य, कुल/खानदान, सुख सौभाग्य, तथा सत्कार के कारण उससे ईर्ष्या करना ऐसी बीमारी है जिसका कोई इलाज नहीं।

**रांची पारा अपडेट**

| मैक्सिमम | मिनीमम |
|---|---|
| 26.00 °c | 12.00 °c |

सूर्यास्त (आज) ›› 17 .01 बजे

सूर्योदय (कल) ›› 06 .10 बजे

## लश्कर के सहयोगी संगठन के आतंकवादी गिरफ्तार

**श्रीनगर:** जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले में सुरक्षा बलों ने शनिवार को आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के सहयोगी द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) के तीन आतंकवादियों को गिरफ्तार करके उनके कब्जे से हथियार, गोला-बारूद और आपत्तिजनक सामग्री बरामद की। पुलिस ने कहा कि कल झूला फुट ब्रिज के पास कलगाई में 13 सिखली, 185 बीएन बीएसएफ और बारामूला पुलिस के साथ संयुक्त जांच और गश्त के दौरान कमलकोट से राष्ट्रीय राजमार्ग की ओर बैग लेकर आ रहे दो संदिग्ध व्यक्तियों को रोका गया। संदिग्धों की पहचान मडियन कमलकोटे के निवासी ज़मीर अहमद खांडे और मोहम्मद नसीम खांडे के रूप में हुई। पुलिस ने बताया कि तलाशी के दौरान उनके पास से तीन चीनी ग्रेनेड और करीब ढाई लाख रुपये की नकदी बरामद हुई। पुलिस स्टेशन उरी में उन पर कानून की संबंधित धाराओं के तहत एक मामला दर्ज किया गया है। दोनों आरोपियों ने पूछताछ के दौरान खुलासा किया कि ये अवैध रूप से हासिल किए गए ग्रेनेड और नकदी उन्हें मेडियान कमलकोटे के निवासी मंजूर अहमद भट्टी ने उपलब्ध कराई थी, ताकि वे किसी भी आतंकवादी घटना को अंजाम दे सकें। इसके बाद मंजूर अहमद को गरिफ्तार करके पूछताछ की गयी। उसने पूछताछ के दौरान बताया कि आतंकवादी कृत्यों को अंजाम देने के लिए इन व्यक्तियों को अवैध रूप से प्राप्त ग्रेनेड और नकदी की उसने आपूर्ति की है और अपने घर के पास अपने परिचित स्थान पर एक हथगोला और नकदी भी रखी।

## निजाम के वंशज कांग्रेस में शामिल

**हैदराबाद:** तेलंगाना में हैदराबाद के प्रिंस हाशम जाह बहादुर के पुत्र नवाब मीर नजफ अली खान रविवार को यहां कांग्रेस में शामिल हो गए। मीर नजफ ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और अन्य वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में औपचारिक रूप से पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस मौके पर उन्होंने कहा गांधी परिवार के साथ हमारा जुड़ाव चार पीढ़ियों से है और आज हम पार्टी में आधिकारिक रूप से शामिल हो गये।

## त्रिपुरा में दो भारतीय एजेंट व 10 बंगलादेशी गिरफ्तार

**अगरतला:** रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे (एनआरएफ) के त्रिपुरा में अगरतला रेलवे स्टेशन से पिछले पांच दिनों में दो अलग-अलग छापेमारी में 10 अवैध बंगलादेशी नागरिकों और दो भारतीय बिचौलियों सहित कुल 12 लोगों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने कहा कि रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ, सामान्य रेलवे पुलिस (जीआरपी) और सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) कर्मियों की एक संयुक्त टीम द्वारा अवैध प्रवासियों के खिलाफ चलाए गए नियमित जांच और अभियान के दौरान ये गिरफ्तारियां की गईं। इससे पहले, टीम ने 21 नवंबर को तीन बंगलादेशी पुरुष और एक भारतीय एजेंट को पकड़ा, जो उन्हें सीमा पार कराने और उनकी आगे की यात्रा को सुविधाजनक बनाने में शामिल था। अधिकारी ने बताया कि टीम ने शुक्रवार को रेलवे स्टेशन से करीब सात अवैध बंगलादेशी प्रवासियों और एक अन्य भारतीय एजेंट को पकड़ा, जो दिल्ली जाने वाली ट्रेन का इंतजार कर रहे थे। पुलिस ने कहा कि पकड़े गए सभी लोगों से न्यायिक हिरासत में पूछताछ जारी है।

## विदेशी मुद्रा भंडार 5.08 अरब डॉलर बढ़ा

**मुंबई:** विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, स्वर्ण, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि में बढ़ोतरी होने से 17 नवंबर को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 5.08 अरब डॉलर बढ़कर 595.4 अरब डॉलर हो गया। वहीं, इसके पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 46.2 करोड़ डॉलर घटकर 590.3 अरब डॉलर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 17 नवंबर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 4.4 अरब डॉलर की बढ़त लेकर 526.4 अरब डॉलर हो गयी। इस अवधि में स्वर्ण भंडार 52.7 करोड़ डॉलर की बढ़ोतरी के साथ 46.04 अरब डॉलर हो गया। आलोच्य सप्ताह विशेष आहरण अधिकार में 12 करोड़ डॉलर की बढ़ोतरी हुई और यह बढ़कर 18.13 अरब डॉलर हो गया। इसी तरह इस अवधि में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के पास आरक्षित निधि 4.2 करोड़ डॉलर की बढ़ोतरी लेकर 4.8 अरब डॉलर हो गई।

अपरिहार्य कारणों से आज का अंक 12 पृष्ठों का है। पाठकों की असुविधा के लिए हमें खेद है।

**आरोप** | सेमीफाइनल के अंतिम मैच में निशाने पर केसी राव

# राहुल गाँधी और नरेंद्र मोदी दोनों ने दावे ठोंके

- भाजपा के सारे टायर पंचर हो गयेः राहुल
- हमारी गारंटियों का वजन होता हैः मोदी
- हम ओबीसी सीएम बनायेंगेः अमित शाह



**राष्ट्रीय खबर**

**हैदराबादः** पांच में से चार राज्यों में विधानसभा चुनाव का मतदान संपन्न हो चुका है। दक्षिण भारत के एकमात्र राज्य तेलेंगना में अब मतदान होना है। इसलिए दोनों प्रमुख राष्ट्रीय दल यानी भाजपा और कांग्रेस यहां जोर लगा रहे हैं। मजेदार बात यह है कि इस प्रचार में कांग्रेस और भाजपा एक दूसरे को कोस रही है पर उनके निशाने पर वर्तमान मुख्यमंत्री के सी राव ही हैं।

कालेश्वरम सिंचाई परियोजना का जिक्र करते हुए गांधी ने राव पर इसमें एक लाख करोड़ रुपये लूटने का आरोप लगाया।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शनिवार को कहा कि उनकी पार्टी ने चुनावी राज्य तेलंगाना में भाजपा के चारों टायरों को पंचर कर दिया है और जल्द ही दिल्ली में भी ऐसा करेगी। तेलंगाना में चुनावी रैलियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि बीआरएस प्रमुख चंद्रशेखर राव को यह एहसास होना चाहिए कि यह कांग्रेस ही थी जिसने उस स्कूल और विश्वविद्यालय का निर्माण किया जिसमें उन्होंने पढ़ाई की। आगामी चुनाव को सामंती सरकार और जनता की सरकार के बीच की लड़ाई बताते हुए गांधी परिवार ने कहा कि जहां लोग गरीबों और किसानों की समर्थक सरकार का सपना देख रहे थे, वहीं राव ने उनकी उम्मीदों पर पानी फेर दिया। श्री गांधी ने कहा, केसीआर पूछ रहे हैं कि कांग्रेस ने क्या किया है। उन्हें याद रखना चाहिए कि जिस स्कूल में आपने पढ़ाई की और जिस विश्वविद्यालय में आपने पढ़ाई की, वे कांग्रेस पार्टी द्वारा स्थापित किए गए थे। जिस हवाई अड्डे से आपका विमान उड़ान भरता है वह कांग्रेस द्वारा बनाया गया था। बाहरी रिंग रोड, जिस पर आपके वाहन चल रहे हैं, कांग्रेस द्वारा बनाया गया था, उन्होंने कहा। उन्होंने तेलंगाना के गठन का पूरा श्रेय भी अपनी पार्टी को दिया। कांग्रेस नेता ने कहा, यह कांग्रेस पार्टी ही थी जिसने हैदराबाद को दुनिया में एक प्रमुख आईटी केंद्र में बदल दिया। केसीआर परिवार पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि उनके पास पैसा कमाने वाले सभी विभाग हैं। उन्होंने

›› पेज 2 भी देखें

आलीशान क्रूज में तीन साल के समुद्री भ्रमण का सपना टूटा

# पैसा देकर ठगे गये अनेक पर्यटक



- तस्वीर में जहाज देखकर आकर्षित हुए
- अब पता चला जहाज कंपनी का नहीं
- पैसा वापस करने की बात कही कंपनी ने

**राष्ट्रीय खबर**

**इस्तांबुलः** तीन साल के लिए समुद्री भ्रमण के लिए जिस क्रूज को दिखाया गया था, वह दावा गलत निकला। इसकी तस्वीर देखकर ही लोगों ने इस क्रूज पर तीन साल की यात्रा करने के लिए पैसे का भुगतान किया था। इनमें से कुछ लोग ऐसे भी हैं, जो लंबे समय तक आलीशान समुद्री सफर के लिए अपना घर भी बेच आये थे। अब उन यात्रियों का सपना खत्म हो गया है, जिन्होंने लाइफ एट सी क्रूज की शुरूआती तीन साल की यात्रा के लिए साइन अप किया था। हफ्तों की चुप्पी के बाद, कंपनी ने यात्रियों को स्वीकार किया है कि उसके पास कोई जहाज नहीं है, और प्रस्थान रद्द कर दिया है, और उन लोगों को पैसा वापस करने की कसम खाई है जिन्होंने सैकड़ों हजारों डॉलर की लागत वाले क्रूज के लिए साइन अप किया था।

क्रूज मूल रूप से 1 नवंबर को इस्तांबुल, तुर्की से प्रस्थान करने वाला था, लेकिन उस तारीख से कुछ समय पहले, प्रस्थान को 11 नवंबर तक के लिए स्थगित कर दिया गया और नीदरलैंड में एम्स्टर्डम में स्थानांतरित कर दिया गया, और फिर 30 नवंबर को एम्स्टर्डम से स्थानांतरित कर दिया गया। लेकिन 17 नवंबर को - तीसरी प्रस्थान तिथि से दो सप्ताह से भी कम समय पहले - यात्रियों को सूचित किया गया कि क्रूज बंद है। बेचे गए 111 केबिनों को बुक करने वाले कुछ यात्री अभी भी इस्तांबुल में हैं, और मूल प्रस्थान तिथि से पहले ही वहां पहुंच गए हैं। दूसरों का कहना है कि उनके पास लौटने के लिए कहीं नहीं है, उन्होंने दुनिया भर की यात्रा की प्रत्याशा में अपने घरों

›› पेज 2 भी देखें

अरुणाचल में मुख्यमंत्री खांडू, केन्द्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने चुनावी बिगुल फूंका

# जरूरत पड़ी तो चीन के खिलाफ हथियार उठायेंगे

- अरुणाचल प्रदेश हमेशा से भारत का हिस्सा
- चीन सीमा से चंद किलोमीटर दूर गांव
- महारैली में अनेक लोग भाजपा में शामिल



**भूपेन गोस्वामी**

**गुवाहाटी :** केंद्रीय पृथ्वी विज्ञान मंत्री किरण रिजिजू और अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू आगामी लोकसभा और विधानसभा चुनावों के प्रचार के लिए आज नियमित रूप से अरुणाचल प्रदेश के दूर-दराज के शहरों और तूफानी दौरे पर चुनावी बिगुल फूंक दिया हैं। आज डुओ पश्चिम सियांग जिले के जिला मुख्यालय आलो शहर के एडवांस लैंडिंग ग्राउंड में उतरे।

आलो शहर के लिए परियोजनाओं के कई उद्घाटनों से युक्त मेगा रैली को हजारों नागरिकों द्वारा देखा गया था। रैली का उद्देश्य 31 आलो पूर्व विधानसभा क्षेत्र के लिए वर्तमान विधायक केंटो जिनी की उम्मीदवारी का समर्थन करना था। केंटो जिनी 2019 में भाजपा के टिकट पर निर्विरोध जीते और फिर से आलो पूर्व से भाजपा के अनुमानित उम्मीदवार हैं। इस महारैली में विभिन्न राजनीतिक दलों के 700 से अधिक सदस्य भाजपा में शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने अपने भाषण में आलो पूर्व विधानसभा क्षेत्र के लोगम जिनी खेल के मैदान में एक विशाल सार्वजनिक रैली में भाग लेने के लिए आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री आलो शहर के शानदार परिवर्तन को देखकर प्रसन्न हुए और वर्तमान विधायक आलो पूर्व केंटो जिनी के जबरदस्त प्रयासों के प्रति आभार व्यक्त किया, जिनकी पहल के माध्यम से आलो शहर सुंदर सड़कों, बाजार और बुनियादी ढांचे के साथ भव्य यहां

›› पेज 2 भी देखें

## इंफाल घाटी के उग्रवादी समूह के साथ शांति वार्ता जारीः मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह



**पूर्वोत्तर संवाददाता**

**गुवाहाटी :** मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने रविवार को कहा कि उनकी सरकार इंफाल घाटी स्थित एक उग्रवादी समूह के साथ ह्यशांति वार्ताह्न कर रही है।सिंह ने कहा, उग्रवादी समूह के साथ बातचीत आगे बढ़ रही है और बहुत जल्द एक बड़े शांति समझौते पर हस्ताक्षर होने की उम्मीद है। राज्य में तीन मई को जातीय हिंसा भड़कने के बाद यह पहला मौका है जब सरकार द्वारा इस तरह की वार्ता की आधिकारिक पुष्टि की गई है। मीडियाकर्मियों से बात करते हुए, सिंह ने कहा कि बातचीत एक उन्नत चरण में थी, हालांकि वह भूमिगत संगठन का नाम लेने से दूर रहे। तीन मई को जातीय हिंसा भड़कने के बाद यह पहली बार है जब सरकार द्वारा इस तरह की वार्ता के बारे में आधिकारिक पुष्टि की गई है। इससे पहले सूत्रों ने कहा था कि सरकार प्रतिबंधित यूनाइटेड नेशनल लिबरेशन फ्रंट (यूएनएलएफ) के एक धड़े के साथ बातचीत कर रही है। हालांकि, इम्फाल घाटी में खुलेआम घूम ते और भीड़ को उकसाते हुए देखे गए उग्रवादी सुरक्षा एजेंसियों के लिए चिंता का विषय हैं। सुरक्षा एजेंसियों के लिए सबसे बुरी आशंका सच साबित होती दिख रही है क्योंकि इंफाल घाटी में उग्रवादियों को खुलेआम घूमते और भीड़ को उकसाते हुए देखा गया है, जो सोशल मीडिया पर दो लापता किशोरों की तस्वीरें सामने आने के बाद से गुस्से में हैं। अधिकारियों के अनुसार, उस दौरान एक दिन शाम को पुलिस दल पर हमला किया गया, काली वर्दी पहने हथियारबंद लोग उत्तेजित युवकों को पुलिस पर हमला करने के निर्देश देते देखे गए और फिर कई वाहनों को आग लगा दी गई। इंफाल में अखबारों के स्टैंड से हटने और स्थानीय टीवी चैनलों के बंद होने के बारे में पूछे जाने पर मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्हें शनिवार को ही इस बारे में पता चला।

ईडी की कार्रवाई को तमिल सरकार ने दी हाईकोर्ट में चुनौती

# एक साथ दस डीएम को समन किया था विभाग ने



**राष्ट्रीय खबर**

**चेन्नईः** मोदी सरकार के साथ एमके स्टालिन की सरकार का टकराव अब युद्ध जैसी स्थिति में चला गया है। दरअसल सुप्रीम कोर्ट द्वारा राज्यपालों को बिलों को नहीं लटकाने के फैसले के बाद अब केंद्र सरकार की नई चाल को स्टालिन सरकार ने अवैध कदम बताते हुए हाई कोर्ट में याचिका दायर की है। दरअसल ईडी ने तमिलनाडु के 10 जिला कलेक्टरों को एक साथ तलब किया। पांच कलेक्टरों की ओर से याचिकाओं में कहा गया है कि आदेश पीएमएलए और संविधान का उल्लंघन है। केंद्र के साथ ताजा विवाद में डीएमके सरकार ने मद्रास एचसी से रेत खनन पर जारी समन पर अंतरिम रोक लगाने को कहा। ईडी ने रेत में कथित अनियमितताओं को लेकर तमिलनाडु के 10 जिला कलेक्टरों को एक बार में तलब किया है। जिससे द्रमुक शासित राज्य और केंद्र के बीच एक ताजा टकराव होता दिख रहा है। इस मामले में सोमवार को सुनवाई होने की उम्मीद है. पांच कलेक्टरों की ओर से राज्य की याचिकाओं में समन को अधिकार क्षेत्र के बिना, अवैध, मनमाने और असंवैधानिकह्न के रूप में रद्द करने की मांग की गई है क्योंकि वे धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 और संविधान दोनों का उल्लंघन करते हैं।

द्रविड़ मुनेत्र कड़गम सरकार ने अदालत से ईडी के समन और आगे की कार्यवाही पर अंतरिम रोक लगाने का अनुरोध किया है।

ईडी ने कथित धन की चल रही जांच के हिस्से के रूप में, पिछले सप्ताह 17 नवंबर को ईमेल के माध्यम से अरियालुर, करूर, वेल्लोर, तंजावुर, त्रिची के 10 कलेक्टरों - रेत

›› पेज 2 भी देखें

**अध्ययन** | भाषा की जानकारी का भी इंसानी आचरण पर असर है

# दो भाषा जानने वाला दिमाग फालतू बात नहीं सुनता

- आचरण में फर्क भी जांचा गया है
- ऐसा दिमाग बेहतर ढांचा बनाता है
- दो भाषा हमेशा अधिक फायदेमंद




**राष्ट्रीय खबर**

**रांची:** अप्रासंगिक जानकारी को नजरअंदाज करने में द्विभाषी मस्तिष्क बेहतर हो सकता है। भाषा और अनुभूति पत्रिका में इस महीने प्रकाशित एक अध्ययन के अनुसार, जो लोग दो भाषाएं बोलते हैं, वे एक भाषा बोलने वालों की तुलना में अपना ध्यान एक चीज से दूसरी चीज पर स्थानांतरित करने में बेहतर हो सकते हैं। इस शोध अध्ययन में द्विभाषी और एकभाषी व्यक्तियों के बीच अंतर की जांच की गई, जब ध्यान पर नियंत्रण और उस समय महत्वपूर्ण नहीं होने वाली जानकारी को अनदेखा करने की बात आती है, इसके लेखक फ्लोरिडा विश्वविद्यालय के पीएच.डी. ग्रेस डीम्यूरिस ने कहा। हमारे परिणामों से पता चला है कि द्विभाषी जानकारी को दबाने या बाधित करने के बजाय अप्रासंगिक जानकारी को अनदेखा करने में अधिक कुशल प्रतीत होते हैं, डेमेउरिस ने

›› पेज 2 भी देखें

### द्विभाषियों को उन लोगों के रूप में वर्गीकृत किया गया था

विषयों के दो समूहों में कार्यात्मक मोनोलिंगुअल और द्विभाषी शामिल थे। कार्यात्मक मोनोलिंगुअल को उन लोगों के रूप में परिभाषित किया गया था जिनके पास कक्षा में दो साल या उससे कम विदेशी भाषा का अनुभव था और वे केवल पहली भाषा का उपयोग करते थे जो उन्होंने एक बच्चे के रूप में सीखी थी। द्विभाषियों को उन लोगों के रूप में वर्गीकृत किया गया था जिन्होंने 9 से 12 वर्ष की आयु से पहले अपनी पहली और दूसरी भाषा सीख ली थी और अभी भी दोनों भाषाओं का उपयोग कर रहे थे। कान ने बताया कि किसी व्यक्ति के संज्ञानात्मक लक्षण लगातार बाहरी कारकों के अनुकूल होते हैं, और मनुष्य के रूप में, हमारे पास बहुत कम लक्षण होते हैं जो हमारे पूरे जीवनकाल में स्थिर रहते हैं। उन्होंने कहा, हमारी अनुभूति लगातार स्थिति के अनुरूप ढल रही है, इसलिए इस मामले में यह द्विभाषी होने के लिए अनुकूल हो रही है। इसका मतलब यह नहीं है कि यह नहीं बदलेगा, इसलिए यदि आप दूसरी भाषा का उपयोग करना बंद कर देते हैं, तो आपका संज्ञान भी बदल सकता है। यूएफ अध्ययन एक भाषा बोलने वालों और एक से अधिक बोलने वालों के बीच अंतर को समझने के लिए उपयोग किए जाने वाले विभिन्न प्रयोगों के बीच अधिक स्थिरता बनाने की आवश्यकता को दशार्ता है।

भारतीय सेना ने हाल की घटनाओं पर नई जानकारी दी

# पूर्व पाकिस्तानी सैनिक भी बने हैं आतंकवादी



**राष्ट्रीय खबर**

**श्रीनगरः** जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में हाल ही में हुए आतंकी हमले में भारतीय सेना ने कहा कि आतंकवादियों के समूह में सेवानिवृत्त पाकिस्तानी सैनिक भी शामिल थे। उत्तरी सेना के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने कहा, कुछ आतंकवादियों के सेवानिवृत्त सैनिक होने का पता चला है। पाकिस्तान विदेशी आतंकवादियों को यहां लाना चाहता है क्योंकि यहां कोई स्थानीय भर्ती नहीं है। हम विदेशी आतंकवादियों को खत्म करने की कोशिश कर रहे हैं। यह पूछे जाने पर कि क्या पाकिस्तान लोकसभा चुनावों

›› पेज 2 भी देखें

शहर >> अपडेट

### महुआ मोइत्रा के बयान पर स्थिति स्पष्ट करें सीएम: मरांडी

**रांची:** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने आज इंडी एलायंस की प्रमुख घटक टीएमसी की सांसद महुआ मोइत्रा के बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि टीएमसी सांसद ने केवल सदन में ही नही बल्कि सदन के बाहर भी असंसदीय आचरण दिखाया है। सांसद महुआ मोइत्रा ने जिसप्रकार से झारखंड की साढ़े तीन करोड़ जनता को गाली दी है, कुत्ता कहा है यह अत्यंत शर्मनाक है और झारखंड का अपमान है। उन्होंने कहा कि इस संबंध में झारखंड के मुख्यमंत्री और इंडी एलायंस के अन्य घटक दलों की चुप्पी समझ से परे है। झारखंड के मान सम्मान की बात करने वाले लोग आज चुप क्यों हैं? श्री मरांडी ने कहा कि झामुमो इंडी गठबंधन का घटक दल है।मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को महुआ मोइत्रा के बयान पर अपनी स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए। श्री मरांडी ने कहा भाजपा झारखंड की जनता के इस अपमान को बर्दास्त नही करेगी।

कार्यक्रम > तीन दिवसीय महापड़ाव आंदोलन के पहले दिन राज्यपाल को ज्ञापन

# राज्य भर से आये किसान और मजदूर संगठन के लोग

- चार लेबर कोड रद्द किया जाए
- एमएसपी के लिए कानून बनाये
- निजी कोल ब्लॉक रद्द करे सरकार



राष्ट्रीय खबर

**रांची:** किसान और मजदूरों के तीन दिवसीय महापड़ाव कार्यक्रम के पहले दिन झारखंड के राज्यपाल के नाम ज्ञापन प्रेषित किया गया। इस पत्र में कहा गया है कि राष्ट्रव्यापी 26, 27 ,28 नवंबर 2023 को किसान संगठनों, मजदूर संगठनों की ओर से महापड़ाव के माध्यम से मजदूर विरोधी चार लेबर कोड रद्द करने, न्यूनतम समर्थन मूल्य की गारंटी के लिए कानून बनाया जाए। असंगठित मजदूरों को 18000 रुपए न्यूनतम मजदूरी निर्धारित किया जाए।

अडाणी- अंबानी की कोल ब्लॉक रद्द किया जाए। बंद पड़े सार्वजनिक क्षेत्र के संस्थाओं को चालू किया जाए। 60 वर्ष उम्र के सभी किसानों को 10000 रुपया मासिक पेंशन दिया जाए। 26 नवंबर को संविधान दिवस के अवसर पर राष्ट्रव्यापी किसान संगठनों एवं मजदूर संगठनों की आह्वान पर रांची कि राजभवन के समक्ष अखिल भारतीय किसान सभा, अखिल भारतीय ट्रेड यूनियन कांग्रेस , खेत मजदूर यूनियन के ओर से राजभवन के समक्ष राज्य भर से हजारों की संख्या में तीन दिवसीय महापड़ाव को सफल बनाने के लिए जो 28 नवंबर तक चलेगा महापड़ाव में केंद्र की मोदी सरकार के प्रति गगन भेदी नारों के साथ भाजपा भगाओ, देश बचाओ, लोकतंत्र संविधान बचाओ, जान बचाओ ,मोदी हटाओ के नारे से गूंज रहा था। सभा में डॉक्टर भालचंद्र कांगो रमेद्र कुमार, भुवनेश्वर मेहता,महेंद्र पाठक , अशोक यादव ,कृष्णदेव सिंह, राजेंद्र प्रसाद यादव, स्वयंवर पासवान ,गणेश महतो, ब्रजकिशोर सिंह , शंभू महली, छाया कॉल, प्रोफेसर डॉक्टर पीयूष ,डॉक्टर बी एन ओहदार , विष्णु कुमार, मनोज महतो ,लालदेव सिंह, नीरज सिंह, सुरेंद्र दीक्षित, प्रिया प्रवीण, शंभू कुमार एक के रसीदी,शंभु मोहली, दइपनरआयन यादव ,राम श्वरुप पासवान ,रामजी साह नीहारीका,मोनिका ,बिक्रम सिंह ,नीरज सिंह , मजदूर नेता सुभेदु सेन,सुजीत सिन्हा , रुचीर तिवारी ,आर के तिवारी, शत्रुघ्न महतो, शंभू कुमार, छाया कोल ,नेमन यादव, राजेन्द्र यादव, अर्जुन कुमार सहित हजारों के किसान मजदूर उपस्थित थे।

## संविधान ने देश के दलित,आदिवासी एवं पिछड़ा वर्ग को बड़ी ताकत दी: अमर बाउरी

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा रांची महानगर एवं रांची ग्रामीण के द्वारा आज संविधान गौरव यात्रा का आयोजन रांची के तपोवन मंदिर से लेकर पुराना हाई कोर्ट अंबेडकर प्रतिमा तक निकाली गई। इस कार्यक्रम में सैकड़ो की संख्या में भाजपा कार्यकताओं ने भाग लिया। वहीं मौके पर नेता प्रतिपक्ष एवं भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अमर कुमार बाउरी ने बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।



मौके पर उन्होंने कहा कि भारत की आजादी के लिए लाखों लोगों ने अपनी कुबार्नी दी, तब जाकर हमें स्वतंत्रता प्राप्त हुई। लेकिन सही तौर पर हमें स्वतंत्रता उस दिन मिली जब हमे हमारा संविधान मिला। संविधान की जिम्मेदारी बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर को दिया गया। उन्होंने सभी व्यक्ति को एक समान अधिकार देकर एक समृद्ध और कुशल समाज की स्थापना की। आज संविधान के कारण ही एक साधारण व्यक्ति भी प्रधानमंत्री या राष्ट्रपति के पद पर नियुक्त हो सकता है। यही ताकत संविधान से हमें मिलती है।

उन्होंने कहा कि भारत के संविधान ने देश के दलित,आदिवासी एवम पिछड़ा वर्ग को बड़ी ताकत दिया। संविधान में सबका साथ, सबका विकास समाहित है। उन्होंने कहा कि आज का दिन हम सबको संकल्प लेने का दिन है कि हम सभी लोग मिलकर एक स्वस्थ समाज और संविधान से मिले अपने अधिकार के आधार पर देश को विकसित राष्ट्र बनाने का प्रयास करें। कार्यक्रम के बाद उपस्थित सभी लोगों ने संविधान दिवस के अवसर पर संविधान की रक्षा के लिए सभी को शपथ दिलाई गई। आज के कार्यक्रम में भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय मंत्री जीतू चरण राम, राष्ट्रीय कार्य समिति सदस्य सीताराम रवि, भाजपा की प्रदेश मंत्री काजल प्रधान, भाजपा महानगर अध्यक्ष के के गुप्ता, भाजपा रांची ग्रामीण अध्यक्ष सुरेंद्र महतो, महानगर उपाध्यक्ष जितेंद्र पटेल, भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश महामंत्री रंजन पासवान, प्रदेश कार्यालय मंत्री जोगिंदर लाल, प्रदेश प्रवक्ता राकेश कुमार, रांची महानगर युवा मोर्चा रोमित नारायन, प्रदेश शोध एवं नीति प्रभारी कमलेश किशोर प्रदेश सोशल मीडिया प्रभारी राजीव राज लाल, कोल्हान प्रमंडल प्रभारी उपेंद्र राजक, रांची ग्रामीण प्रभारी युवराज पासवान, रांची महानगर अध्यक्ष राम लगन राम, रांची ग्रामीण जिला अध्यक्ष मनोज राम, मोर्चा के महानगर महामंत्री रणधीर रजक, विनोद राजन, संतोष रवि, महानगर कोषाध्यक्ष बी के दास, सुबोधकांत, भाजपा रांची महानगर गोंडा मंडल अध्यक्ष विकास कुमार रवि, राखी देवी, अर्चना सिंह, बबली मिर्धा रेणुका पासवान, अंजू कुमारी एवं अन्य उपस्थित थे।

आयोजन : चंद्रवंशी समाज ने धूमधाम से मनाया जरासंध जयंती

## समाज को एकजुट करने का लिया संकल्प

राष्ट्रीय खबर

**अकोढीगोला (रोहतास) :** थाना क्षेत्र के अहरांव गांव में शनिवार को जरासंधजी महाराज की लोगों ने धूमधाम से जयंती मनाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विकास कुमार व संचालन संतोष चंद्रवंशी ने की। इस अवसर पर जिला क्षेत्र से चंद्रवंशी समाज के हजारों लोगों ने जयंती समारोह में भाग लेते हुए जरासंध महाराज की धूमधाम से पूजा अर्चना कर मनोकामना मांगी। साथ ही कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जदयू प्रदेश महासचिव बिंदा चंद्रवंशी व अशोक चंद्रवंशी ने लोगों को संबोधित करते हुए बताया कि पूरे देश-प्रदेश में जरासंध महाराज के सपनों को चंद्रवंशी समाज साकार कर रहा है। जहां राजनैतिक, शिक्षा, प्रशासनिक, खेल, मेडिकल सहित अन्य क्षेत्रों शिक्षित युवा देश प्रदेश में परचम लहराने का कार्य कर रहें है। जिसको लेकर समाज को



एकजुट संकल्पित होकर जरासंध महाराज के बताएं हुए मार्ग चलते हुए चंद्रवंशी समाज संगठन को मजबूत और सशक्त बनाना हैं। इस अवसर उपस्थि सभी लोगों ने एक दूसरे को गले लगा बधाई दी। साथ ही मुख्य अतिथियों सहित अन्य लोगों का फूला माला व अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। मौके पर गुड्डु चंद्रवंशी, दीपक चंद्रवंशी, सरवन चंद्रवंशी, नागेंद्र चंद्रवंशी, भाजपा अमित कुमार चंद्रवंशी, शशिकांत चंद्रवंशी, मोनू चंद्रवंशी, जयकुमार चंद्रवंशी, दीपक चंद्रवंशी सहित अन्य उपस्थित थे।

## वैश्य मोर्चा के केंद्रीय पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण संपन्न

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** आज संविधान दिवस के मौके पर रांची के मोरहाबादी मैदान स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के प्रतिमा के नीचे झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा के केंद्रीय पदाधिकारियों को शपथ ग्रहण कराया गया। वैश्य मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहु ने केंद्रीय पदाधिकारियों एवं सदस्यों को समाज और संगठन के प्रति निष्ठा रखने एवं संघर्ष में समर्पित भाव से साथ देने की शपथ दिलाई। सभी पदाधिकारियों, सदस्यों एवं जिला अध्यक्ष को निर्देश दिया गया कि एक दिसंबर को अपने अपने घरों, प्रतिष्ठानों में वैश्य मोर्चा का झंडा लगा कर झंडा लगाओ अभियान की शुरूआत करेंगे। यह भी तय किया गया कि नई केन्द्रीय समिति की पहली बैठक आगामी 10 दिसंबर को रामगढ़ में आयोजित की जायेगी। इस अवसर पर केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहु ने कहा कि संविधान में वैश्य एवं पिछड़ों के समग्र विकास के लिए काफी प्रावधान किए गए हैं, लेकिन सरकार और प्रशासन द्वारा लगातार अनदेखी की जाती रही है। यह काफी दुखद है। वैश्य मोर्चा के पदाधिकारियों एवं सदस्यों को अपने अपने क्षेत्र में



जुझारू आंदोलन शुरू करना होगा। अब उपेक्षा और जुल्म बर्दाश्त नहीं किया जायेगा।

इस अवसर शपथ ग्रहण करने वालों में कार्यकारी अध्यक्ष हीरानाथ साहु, वरीय उपाध्यक्ष मोहन साव, अश्विनी कुमार साहु, संजीव चौधरी, रामसेवक प्रसाद, केंद्रीय उपाध्यक्ष सहदेव चौधरी, लक्ष्मण साहु, उप-प्रधान महासचिव सह प्रवक्ता इंदुभूषण गुप्ता, उपेन्द्र प्रसाद, केंद्रीय महासचिव दिनेश्वर मंडल, कपिल प्रसाद साहु, केंद्रीय सचिव गुड्डू साहा, संगठन महासचिव कृष्णा प्रसाद साहु, केंद्रीय सचिव गुड्डू साहा, दिलीप प्रसाद, रामा शंकर राजन, संगठन सचिव लखन अग्रवाल, अनिल वैश्य, रामेश्वर कु। मंडल, आदि मुख्य रूप से शामिल थे।

## संविधान दिवस पर बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया



राष्ट्रीय खबर

**रांची:** प्रदेश कांग्रेस नेता आलोक दूबे,किशोर शाहदेव एवं डॉ राजेश गुप्ता ने बाबा साहेब की प्रतिमा के समक्ष संविधान निमार्ताओं को नमन किया। संविधान दिवस के मौके पर संविधान रक्षा संकल्प कार्यक्रम आयोजित कर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ नेता आलोक कुमार दूबे,लाल किशोर नाथ शाहदेव,डॉ राजेश गुप्ता छोटू, के नेतृत्व में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकताओं ने आज डोरंडा स्थित बाबा साहेब अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया एवं दीप प्रज्वलित कर उन्हें नमन किया, तथा संविधान सभा के सभी सदस्य पंडित जवाहरलाल नेहरू, डॉ राजेंद्र प्रसाद, सरदार पटेल, मौलाना आजाद सरीखे नेताओं के द्वारा तैयार किए गए संविधान के लिए उन्हें नमन किया एवं कृतज्ञता प्रकट किया। कांग्रेस जनों को इस मौके पर कांग्रेस नेता लाल किशोर नाथ शाहदेव ने संविधान की प्रस्तावना का संकल्प दिलाया।

मौके पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता आलोक कुमार दूबे ने कहा संविधान ही है जो हमें एक आजाद देश का आजाद नागरिक की भावना का एहसास कराता है, जहां संविधान के दिए गए मौलिक अधिकार हमारी ढ़ाल बनकर हमें हमारा हक दिलाते हैं तो वहीं इसमें दिए गए मौलिक कर्तव्य हमें हमारी जिम्मेदारियों का भी एहसास कराते हैं।आज के दिन भोजन, वस्त्र,शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी बुनियादी सुविधाओं से मरहूम अवाम एवं शोषण का शिकार हो रहे लोगों को आर्थिक एवं सामाजिक न्याय दिलाने का भी प्रण लेना चाहिए। आर्थिक असमानता की गहरी खाई कम होने से ही संविधान का उद्देश्य पूरा हो सकेगा।

मन की बात > भाजपा कार्यकताओं के आम जनता के साथ राज्य के सभी शक्ति केंद्रों पर कार्यक्रम को सुना

## परिश्रम, प्रगति और प्रेरणा से परिपूर्ण प्रधानमंत्री के मन की बात: बाबूलाल

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के मन की बात कार्यक्रम का 107 वां एपिसोड आज संपन्न हुआ। भाजपा कार्यकताओं के आम जनता के साथ राज्य के सभी शक्ति केंद्रों पर कार्यक्रम को सुना। प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने अपने संथाल परगना प्रवास के क्रम में बोरियो विधानसभा में मन की बात को सुना जबकि नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने



रांची विधानसभा क्षेत्र के इरगु टोली में ,संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने रांची विधानसभा क्षेत्र के बूथ संख्या 278,279 के कार्यकताओं के साथ सामूहिक रूप से सुनी। प्रदेश महामंत्री एवम सांसद आदित्य साहू, डॉ प्रदीप वर्मा, बालमुकुंद सहाय सहित प्रदेश पदाधिकारी, जिला ,मंडल ,बूथ के पदाधिकारी कार्यकर्ता ने अपने अपने क्षेत्र में कार्यक्रम को सुना। उन्होंने कहा कि आज का संस्करण भारत के लोगों,युवा शक्ति के परिश्रम,प्रगति और उनकी प्रेरक प्रसंगों से परिपूर्ण है। कहा कि मन की बात का हर प्रेरक प्रसंग हजारों लोगों लोगों को देश और समाज केलिए कुछ करने केलिए बल प्रदान करता है। नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने कहा कि प्रधानमंत्री जी ने सामूहिक शक्ति से हो रहे सकारात्मक बदलाव को मन की बात में जोर दिया है।प्रधानमंत्री जी के मन की बात कार्यक्रम बढ़ता भारत ,बदलता भारत को दिशा देता है। इसमें भारत की प्रकृति,संस्कृति दोनो समाहित होते हैं। प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि मन की बात भारत के जन जन से जुड़ी बात है। इसमें स्वच्छता है, स्वावलंबन है, डिजिटल इंडिया है आत्म निर्भर भारत है।

पेज एक का शेष

### राहुल गाँधी और नरेंद्र मोदी .. .. ..

बीआरएस विधायकों पर दलित बंधु योजना के लाभार्थियों से 3 लाख रुपये की कटौती करने और कम्प्यूटरीकरण और धरणी के नाम पर जमीनें हड़पने का भी आरोप लगाया, जबकि कांग्रेस पार्टी ने अपने कार्यकाल के दौरान गरीबों को अधिकार के साथ जमीनें वितरित कीं। कांग्रेस की छह गारंटियों को सूचीबद्ध करते हुए, उन्होंने कहा कि महालक्ष्मी के तहत, महिला लाभार्थियों को मासिक पेंशन, मुफ्त बस यात्रा और सब्सिडी वाले एलपीजी सिलेंडर के माध्यम से 5000 रुपये तक मिलने की संभावना है। यह आरोप लगाते हुए कि भाजपा और बीआरएस एक हैं और उनमें मौन समझ है। उन्होंने कहा कांग्रेस ने भाजपा से गैस निकाल दी और तेलंगाना में भगवा वाहन के सभी चार टायरों को पंचर कर दिया। बीआरएस अपने टायरों में हवा भरना चाहता है। लेकिन उन्हें इस बात का एहसास नहीं है कि कांग्रेस पार्टी ने हमेशा के लिए भाजपा के टायर खराब कर दिए हैं। अब हम दिल्ली जा रहे हैं और मोदी की गाड़ी के चारों टायर पंचर कर देंगे।

दूसरी तरफ प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने केसीआर पर अपना हमला जारी रखते हुए कहा, तेलंगाना में हमारी सरकार है जो फार्महाउस में रहती है और गरीबों को घर नहीं देती है। केसीआर गरीबों के दुश्मन हैं और उनके घरों पर कब्जा कर लिया है। लेकिन मैं वादा करता हूं कि यह जल्द से जल्द होगा। जैसे ही तेलंगाना में भाजपा की सरकार बनेगी, ये घर गरीबों को तुरंत दिए जाएंगे। यह मोदी की गारंटी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इंडिया गठबंधन पर हमला करते हुए कहा कि राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में विपक्षी गुट यानी इंडिया गठबंधन का सफाया हो जाएगा।

### पैसा देकर ठगे गये अनेक .. ..

को बेच दिया है या किराए पर दे दिया है, साथ ही अपनी संपत्ति भी छोड़ दी है। अधिकांश ने जीवन भर के अनुभव पर हजारों डॉलर खर्च किए हैं, और अब उन्हें अपना पैसा वापस पाने के लिए कम से कम कई महीनों के इंतजार का सामना करना पड़ रहा है। कुछ लोग कहते हैं कि उनके पास लौटने के लिए कोई घर नहीं है।

### जरूरत पड़ी तो चीन के खिलाफ .. ..

दिखता है। उद्योग मंत्री तुमके बागरा, विधायक तालीम ताबोह, न्यामार करबाक, पूर्व मंत्री श्री दोई अदो और पार्टी के अन्य वरिष्ठ सदस्यों ने आलो में मेगा अवसर पर भाग लिया।

दूसरी ओर, अरुणाचल प्रदेश में चीन सीमा पर स्थित भारत के पहले गांव मागो चूना के निवासियों ने राज्य पर चीन के दावे को खारिज करते हुए करारा जवाब दिया है। कहा है, अरुणाचल भारत का अखंड हिस्सा है। वे हथियार चलाना जाते हैं। जरूरत पड़ी तो एके 47 लेकर चीनियों से लड़ जाएंगे। गांव में चीन सीमा पर 1,000 भारतीय सैनिक निगरानी कर रहे हैं। सीमा पूरी तरह सुरक्षित है। हम भी जवानों को पूरा सहयोग देने के लिए तैयार हैं। यह गांव भारत-चीन सीमा से महज चार-पांच किमी दूर है।

### एक साथ दस डीएम को .. .. ..

खनन के लिए अपने जिलों के सबसे वरिष्ठ अधिकारियों - को समन जारी किया था। याचिका में केवल विशिष्ट राज्यों में मनी लॉन्ड्रिंग पर पीएमएलए का प्रयोग करने के पीछे ईडी की मंशा पर भी सवाल उठाया गया है, जबकि गुजरात, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश जैसे अन्य राज्यों में हजारों मामले लंबित हैं। उसने तर्क दिया कि पीएमएलए ईडी को राज्य के मामलों में हस्तक्षेप करने और अपने अधिकारियों को जांच के लिए बुलाने की अनुमति नहीं देता है। तमिलनाडु सरकार ने सम्मन का विरोध करते हुए संघीय एजेंसी पर संघवाद के सिद्धांतों का उल्लंघन करते हुए, चुनने और चुनने के दृष्टिकोण के तहत एक राज्य में हस्तक्षेप करने के लिए अनियंत्रित शक्ति के साथ अधिनियम का उपयोग करने का आरोप लगाया है।

### दो भाषा जानने वाला दिमाग .. ..

कहा। इसके लिए एक स्पष्टीकरण यह है कि द्विभाषी लगातार दो भाषाओं के बीच स्विच कर रहे हैं और उन्हें अपना ध्यान उपयोग में न आने वाली भाषा से हटाने की जरूरत है। उदाहरण के लिए, यदि कोई अंग्रेजी और स्पैनिश भाषी व्यक्ति स्पैनिश में बातचीत कर रहा है, तो दोनों भाषाएँ सक्रिय हैं, लेकिन अंग्रेजी को रोक दिया गया है, लेकिन आवश्यकतानुसार उपयोग करने के लिए हमेशा तैयार है। कई अध्ययनों ने व्यापक संज्ञानात्मक तंत्रों में दो समूहों के बीच अंतर की जांच की है, जो मानसिक प्रक्रियाएं हैं जिनका उपयोग हमारा मस्तिष्क करता है, जैसे स्मृति, ध्यान, समस्या-समाधान और निर्णय लेने, डीमेउरिस ने कहा।

उन्होंने कहा, किसी व्यक्ति के संज्ञानात्मक नियंत्रण पर दो भाषाएं बोलने के प्रभाव पर अक्सर बहस होती है। कुछ साहित्य कहते हैं कि ये अंतर इतने स्पष्ट नहीं हैं, लेकिन ऐसा भाषाविदों द्वारा द्विभाषी और एकभाषी के बीच अंतर पर शोध करने के कार्यों के कारण हो सकता है। डेमेउरिसे और कान ने यह देखने के लिए काम किया कि क्या दोनों समूहों के बीच मतभेद सामने आएंगे और आने वाली सूचनाओं से निपटने और उनके ध्यान को नियंत्रित करने के लिए प्रतिभागियों की क्षमताओं को मापने के लिए एक ऐसे कार्य का उपयोग किया, जिसे आंशिक पुनरावृत्ति लागत कार्य कहा जाता है, जिसे पहले मनोभाषाविज्ञान में लागू नहीं किया गया था। कान ने कहा, हमने पाया कि अप्रासंगिक जानकारी को नजरअंदाज करने में द्विभाषी बेहतर लगते हैं।

द्विभाषावाद और अनुभूति के अध्ययन में, हम जिस तरह से द्विभाषी और मोनोलिंगुअल के बीच अंतर के बारे में बात करते हैं उसे फिर से परिभाषित कर रहे हैं और विचार करने के लिए और अधिक कारकों और उस शोध को संचालित करने के लिए और अधिक तरीकों की खोज कर रहे हैं, डेमेउरिस ने कहा। शोधकर्ता यह भी स्पष्ट रूप से बता रहे थे कि उनके अध्ययन का उद्देश्य यह दिखाना नहीं था कि जो लोग दो या दो से अधिक भाषाएँ बोलते हैं उन्हें एक भाषा बोलने वालों की तुलना में लाभ होता है।

### पूर्व पाकिस्तानी सैनिक .. .. ..

सहित आगामी चुनावों को बाधित करने के लिए आने वाले महीनों में और अधिक आतंकवादियों को भेजने का इरादा रखता है, उन्होंने विवरण दिए बिना सकारात्मक जवाब दिया। द्विवेदी ने कल यह बयान तब दिया जब उन्होंने जम्मू-कश्मीर में राजौरी जिले के कालाकोट इलाके का दौरा किया और क्षेत्र में परिचालन स्थिति की समीक्षा की। गुरुवार को 36 में प्रतिबंधित लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) संगठन के दो विदेशी आतंकवादियों को मार गिराया गया।

14 सेक्टर राष्ट्रीय राइफल्स के कमांडर ब्रिगेडियर सौमीत पटनायक ने बताया कि सुरक्षा बलों ने महिलाओं और बच्चों सहित फंसे हुए नागरिकों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। गोलीबारी के दौरान, सेना के पांच जवान - कैप्टन एमवी प्रांजल, कैप्टन शुभम गुप्ता, हवलदार अब्दुल माजिद, लांस नायक संजय बिष्ट और पैराट्रूपर शामिल थे, सचिन लौर ने अपने प्राण न्यौछावर कर दिए।

भारतीय सेना ने राजौरी जिले के जंगलों में उस ठिकाने का पता लगाया, जिसका इस्तेमाल आतंकवादियों द्वारा हाल ही में राजौरी मुठभेड़ में अपने अभियानों को अंजाम देने के लिए किया जा रहा था, जिसमें सेना के पांच जवानों की जान चली गई थी। सेना के अधिकारियों ने छोटी गुफा की तस्वीरें साझा करते हुए कहा कि ऐसे ठिकानों का पता लगाना और उनमें सेंध लगाना अपेक्षाकृत कठिन था। जवानों के पार्थिव शरीर को राजौरी से जम्मू के आर्मी जनरल अस्पताल लाया गया जहां पुष्पांजलि समारोह आयोजित किया गया। उनके अंतिम संस्कार के लिए ताबूतों को जम्मू से उनके पैतृक स्थानों पर हवाई मार्ग से ले जाया गया।

लेफ्टिनेंट जनरल ने कहा कि एक साल के भीतर दो दर्जन से अधिक विदेशी आतंकवादियों के क्षेत्र को खत्म करने के लिए राजौरी और पुंछ के सीमावर्ती जिलों में अभियान तेज कर दिया गया है। सेना कमांडर ने कहा, दो खूंखार विदेशी आतंकवादियों का मारा जाना क्षेत्र को अस्थिर करने की पाकिस्तान की योजना के लिए एक बड़ा झटका है।

राष्ट्रीय खबर हमारी नजर



web : www.rashtriyakhabar.net
epaper.rashtriyakhabar.com

## शहर >> अपडेट

### 24 दिसम्बर को रांची में होगा महासम्मेलन

रांची : सार्वभौम शाकद्वीपीय ब्राह्मण महासभा झारखण्ड की बिमला हरिहर शिक्षण संस्थान चकला-रांची में बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता डॉ. हरिहर प्रसाद पांडे ने किया। उक्त बैठक में महासभा के चुनाव प्रभारी रामशंकर मिश्र विशेष रूप से उपस्थित हुए। इसके अतिरिक्त इस बैठक में समाज के अनेक प्रबुद्ध जनों की भी भागीदारी हुई। इसमें सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया की महासभा का महासम्मेलन सह चुनाव का एक दिवसीय कार्यक्रम आयोजन आगामी 24 दिसंबर को बिमला हरिहर शिक्षण संस्थान, चकला (रांची) में आयोजित किया जाएगा। इस सम्मेलन में अधिकांश लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए पांच सदस्य अभियान समिति के सदस्य विभिन्न जिलों एवं प्रखंड का दौरा करेंगे, यह अभियान एक-दो दिन में प्रारंभ हो जाएगा इस बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि झारखण्ड के प्रत्येक जिले से संयोजक नियुक्त किया जाएगा ।

शोभायात्रा — खीस्त राजा का पर्व पूरे उत्साह और भक्तिभाव के साथ गीत- संगीत और प्रार्थना के साथ मनाया

# खीस्त राजा महापर्व पर कैथोलिक समुदाय ने निकाली शोभायात्रा

राष्ट्रीय खबर



रांची: ईसाई धर्मावलंबियों ने आज खूंटी धर्मप्रान्त में खीस्त राजा का पर्व पूरे उत्साह और भक्तिभाव के साथ गीत- संगीत और प्रार्थना के साथ मनाया। इस अवसर पर खूंटी धर्मप्रांत के बिशप विनय कंडुलना, फादर बी बेंजामिन आईंद समेत सेक्युलर, जेसुइट, डॉन बोस्को और फ्रांसिसकन पुरोहितों के अलावा विभिन्न समाज की धर्मबहनें शामिल थीं। खीस्त राजा के पर्व की आगवानी पुरोहितों और सिस्टरों के अलावा दूतों के सफेद लिबास पहनीं छोटी छोटी बच्चियां कर रही थी। खूंटी, मारंगहादा, सर्वदा, कोचांग, बंदगांव, कर्रा, कच्चाबारी, डोड़मा, तोरपा, फूदी रनियां समेत विभिन्न इलाकों से बड़ी संख्या में मसीही समुदाय के महिला पुरुष, युवा तथा बच्चे शामिल थे। जुलूस संत मिखाएल चर्च से निकलकर तोरपा रोड भगत सिंग चौक मैदान टोली, चाईबासा रोड होते हुए पुनः संत मिखाएल चर्च परिसर पहुँची और धर्मसभा में तब्दील हो गयी। जुलूस में जगह जगह बाइबल से संबंधित झांकी का भी प्रदर्शन किया गया। जुलूस में शामिल मसीही समुदाय के लोग ह्न खीस्त राजा की जय, हे खीस्त राजा तेरा राज्य आवे, खीस्त हमारा राजा है, जैसे नारे भी लगाए। जुलूस में शामिल आमजनों को संबोधित करते हुए खूंटी धर्मप्रान्त के बिशप विनय कंडुलना ने कहा कि खीस्त हम सबों के राजा हैं हालांकि खीस्त इस नश्वर संसार के राजा नहीं थे लेकिन सम्पूर्ण मानव जाति को पाप से मुक्ति दिलाकर सभी विश्वासियों के दिलों के राजा बन गए हैं। खीस्त इस संसार मे मनुष्य का रूप धारणकर इसलिए आये ताकि मानव जाति को शांति, प्रेम, धैर्य, दयालुता, दीनता, सरलता और अहिंसा का पाठ पढ़ा सकें और मृत्यु के पश्चात भी नए जीवन में ईश्वर के साथ आनंद मना सकें। इस संसार मे अच्छे कर्मों के द्वारा ही ईश्वर तक पहुँचा जा सकता है और इसकी सीख देने के निमित्त ईसा मसीह दुनिया मे प्रभु येसु के नाम से जन्म लिए। वही इस संसार का उधारकर्त्ता है वही सृजनहार है। खीस्त राजा पर्व के जुलूस में उसुर्लाइन, संत अन्ना, मदर टेरेसा, होली क्रोस, एससीजेएम, क्लेरेसियन, सैलेसियन समेत विभिन्न धर्मसमाज की धर्मबहनें और ब्रदर तथा पुरोहित शामिल थे।

## न्यूज फटाफट

### तैयारी पूरी, मुख्यमंत्री का ललपनिया आगमन आज

बोकारो : ललपनिया स्थित लुगुबुरु घांटाबाड़ी धोरोमगाढ़ 23वां अंतर्राष्ट्रीय सरना धर्म महासम्मेलन के अवसर पर मुख्यमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम की तैयारियों का रविवार को डीसी कुलदीप चौधरी एवं एसपी प्रियदर्शी आलोक ने जायजा लिया। उनके साथ उप विकास आयुक्त कीर्तीश्री जी, अपर नगर आयुक्त सौरव भुवानिया, एसडीओ चास दिलीप प्रताप सिंह शेखावत समेत जिला स्तरीय पदाधिकारीगण उपस्थित थे। डीसी-एसपी ने क्रमवार टेंट सिटी, विभिन्न पार्किंग स्थलों, लुगुबुरु घांटाबाड़ी धोरोमगाढ़ आदि स्थलों का निरीक्षण किया। द्वय पदाधिकारियों ने यहां पहुंचे श्रद्धालुओं से बात की। प्रशासन द्वारा की गई तैयारियों के संबंध में पूछा। श्रद्धालुओं ने प्रशासन द्वारा की गई व्यवस्थाओं पर प्रसन्नता व्यक्त की। इससे पूर्व डीसी-एसपी ने पूजा समिति के अध्यक्ष बब्ली सोरेन एवं सदस्यों के साथ श्यामली गेस्ट हाउस में विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की। मौके पर सिविल सर्जन डॉ दिनेश कुमार, एसडीओ शैलेश कुमार, एसडीपीओ वीएन सिंह, जिला परिवहन पदाधिकारी वंदना सेजवलकर, विशेष कार्य पदाधिकारी कुमार कनिष्क, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी राहुल भारती, बीडीओ महादेव महतो, सीओ प्रदीप कुमार, ? खेल पदाधिकारी हेमलता बुनू, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार आदि उपस्थित थे।

### सनराइज किड्स के वार्षिकोत्सव में शामिल हुए पासवा अध्यक्ष

रांची : प्राइवेट स्कूल्स एण्ड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन पासवा चेयरमैन आलोक कुमार दूबे ने सनराइज किड्स स्कूल एण्ड सनराइज एकेडमी स्कूल डोरंडा के वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में शामिल होकर बच्चों एवं अभिभावकों को आज संविधान की प्रस्तावना का संकल्प दिलाया। इस मौके पर विधायक नवीन जयसवाल,जेमसा के महासचिव मो।उसमान, विद्यालय के प्राचार्य गुलाम गौस,स्कूल इंचार्ज सगुफ्ता परवीन सहित कई गणमाण्य अतिथियों ने भी संविधान की रक्षा का संकल्प दुहराया। इसके पूर्व विधालय के 10 वर्ष पूरे होने पर आज आयोजित ऐनुवल डे का उद्घघाटन पासवा के चेयरमैन आलोक कुमार दूबे ने किया जबकि मुख्य अतिथि के रुप में हटिया विधायक नवीन जायसवाल उपस्थित थे।अभिभावकों को संबोधित करते हुए विधायक नवीन जायसवाल ने कहा तालीम देना सबसे बड़े पुण्य का काम है। छोटे स्कूल हों या बड़े स्कूल प्रतिभाएं कहीं से भी निकल सकती हैं,बड़े से बड़े शख्सियत इसी प्रकार के छोटे स्कूलों से ही आगे बढ़ाकर देश का नाम रोशन किया है। उन्होंने कहा आज महिलाऐं किसी से भी कम नहीं हैं।हर क्षेत्र में महिलाऐं अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रही हैं।भारत के संविधान ने महिलाओं को कानूनी रुप से शक्ति प्रदत्त की हैं। उन्होंने कहा डोरंडा का यह स्कूल आने वाले दिनों में एक बड़ी लकीर खींचेगा और यहां के बच्चे राज्य का नाम रौशन करेंगे।वार्षिकोत्सव में अभिभावकों को संबोधित करते हुए आलोक दूबे ने कहा बच्चे हमारे देश के भविष्य हैं और देश निमार्ता भी, इन्हें फूलों की पंखुड़ियों की तरह सुसज्जित रखने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा छोटे-छोटे निजी विद्यालयों में भी शिक्षा का स्तर काफी अच्छा है। 10 वर्ष से कम उम्र के बच्चों का आज हर परफॉर्मेंस काबिले तारीफ है, इसरो पर आधारित कार्यक्रम हो या डांडिया, वेलकम सॉन्ग हो या पढ़ाई के बोझ को लेकर किया गयाचित्रण हो या महिलाओं के सशक्तिकरण पर कार्यक्रम हो, बच्चों की प्रतिभा ने आश्चर्यचकित कर दिया है।निजी विद्यालयों के शिक्षकों की मेहनत सीमित संसाधनों में काफी प्रभावशाली है। वहीं सरकारी विद्यालयों में पढ़ाई या अन्य गतिविधियां नहीं के बराबर होती हैं। सरकार को इन छोटे-छोटे परिवेश में चलने वाले स्कूलों पर भी ध्यान देना चाहिए।

# किसान पंचायत में 10 दिनों के भीतर धान की खरीद के बकाया राशि का भुगतान किए जाने की उठी मांग

राष्ट्रीय खबर



रांची: झारखण्ड किसान महासभा (जय झारखण्ड अभियान) के संयुक्त तत्वावधान में ह्लकिसान बचाओ यात्राह्व के तहत अनगड़ा प्रखंड (रांची) के सिरका पंचायत के रामदगा में रविवार को किसान पंचायत लगाई गई। इसमें महासभा ने सरकार से धान की खरीद के बकाये राशि का भुगतान 10 दिनों के अंदर करने की मांग सरकार से की। महासभा के केंद्रीय अध्यक्ष राजू महतो ने कहा कि वर्तमान में जो किसानों की दुर्दशा है, झारखण्ड में उसे देखते हुए अब सरकार के तरफ से कोई राहत की उम्मीद नहीं दिख रही।लगातार ज्ञापनों और औपचारिक तरीके से कृषि विभाग के अधिकारी और मंत्री स्तर तक किसानों की व्यथा पहुचाई गई परंतु यह सिस्टम बिल्कुल अंधा और बहरा हो गया है। ऐसे में अब झारखण्ड में किसानों को अब खेतों से निकल कर सड़क पर आने की जरूरत महसूस हो रही है। इसीलिए झारखण्ड के पांच जिले रांची, बोकारो, हजारीबाग, रामगढ़ तथा गिरिडीह के 50 पंचायतों में किसान बचाओ यात्रा पहुंचेगी। किसान पंचायत लगाया जाएगा।पंचायत में उपस्थित प्रगतिशील किसान विनय महतो ने बताया कि झारखण्ड का कृषि विभाग सम्पूर्ण रूप से घोटाले में आकंठ में डूबा हुआ है। हर तीन महीने में कृषि निदेशालय के निदेशक बदल दिए जा रहे हैं। वर्तमान कृषि निदेशक को न तो यहां के किसानों से कोई लेना देना है और ना ही विभाग के पास कोई रोड मैप है। ह्लकिसान बचाओ यात्राह्व झारखण्ड के हर पंचायत में पहुंचेगी और यह शुरूआत बोकारो जिले के झुमरा पहाड़ की चोटी से शुरू की जा चुकी है। पंचायत में मुख्य रूप से धान की एमएसपी को बढ़ा कर 25 रुपए करने, खरीदारी नकद करने, नवंबर के अंतिम सप्ताह से धान क्रय शुरू करने तथा पिछले वर्ष धान की खरीद का 165 करोड़ से ऊपर का बकाए का जो भुगतान किया जाना है, उसे 10 दिनों के अंदर किसानों के खाते में करने की मांग प्रमुख है। गैरमजरुआ जमीन के मालिकाना हक का मुद्दा भी प्रमुख है।

# 'भारत लोकतंत्र की जननी' विषय पर वेबीनार

राष्ट्रीय खबर

रांची: डोरण्डा महाविद्यालय, राँची के बी एड विभाग के प्रशिक्षुओं ने भारत का संविधान दिवस के अवसर पर भारतः लोकतंत्र की जननी विषय पर वेबीनार आयोजित किया जिसका संचालन विभाग की प्रशिक्षु शिक्षिका रितिका श्रीवास्तव ने किया।वेबिनार की मुख्य अतिथि उप निदेशक सी वी एस सह ओ एस डी वाईस चांसलर राँची विश्वविद्यालय राची डॉ स्मृती सिंह ने सभी को शुभकामना प्रेषित की। बेबिनार के मुख्य वक्ता डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय इंग्लिश लेंग्वेज एंड लिटरेचर विभाग के कोआर्डिनेटर डॉ विनय भरत ने भारत को लोकतंत्र की जननी बतलाया जिसमें उन्होंने संविधान सभा के सदस्य के रूप में झारखंड के सपुत जयपाल सिंह मुण्डा, सिंहभूम जिले के देवेन्द्र नाथ सामंत, हजारीबाग के बाबु रामनारायण सिंह, बिनोदानंद झा संयुक्त बिहार के मुख्यमंत्री, नेताजी सुभाष चंद्र बोस के साथी रहे अमनीय घोष, कृष्ण बल्लभ सहाय, लोहरदगा की बेनिफास लकड़ा साथ ही उन पंद्रह महिला सदस्यों को भी स्मरण किया जिसमें दुर्गा देशमुख, रेणुका, सरोजनी नायडु रहीं।

# झारखंड पुलिस मुख्यालय में संविधान प्रस्तावना शपथ कार्यक्रम

राष्ट्रीय खबर



रांची:संविधान दिवस के अवसर पर रविवार को झारखंड पुलिस मुख्यालय में भारत के संविधान की प्रस्तावना का शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में वरीय पुलिस पदाधिकारियों, कनीय पुलिस पदाधिकारियों और कर्मियों के द्वारा भारतीय संविधान के उद्देशिका हम, भारत के लोग, भारत को एक संपूर्ण प्रभुत्व-संपन्न, समाजवादी, पंथ-निरपेक्ष, लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने के लिए तथा उसके समस्त नागरिकों को सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक न्याय, विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता, प्रतिष्ठा और अवसर की समता प्राप्त कराने के लिए उन सब में व्यक्ति की गरिमा और राष्ट्र की एकता और अखंडता सुनिश्चित करने वाली बंधुता बढ़ाने के लिए दृढ़संकल्प होकर अपनी इस संविधान सभा में आज की तारीख 26 नवंबर, 1949 ई। को एतदद्वारा इस संविधान को अंगीकृत, अधिनियमित और आत्मार्पित करते हैं की शपथ ली गई।

### मदरसा की बच्चियों को दिया शॉल

रांची : पिठोरिया मदरसा जामिया उम्मे हनीलिल बनात बुढ़ीबागी मदरसा की बच्चियों के बीच बिरसा मुंडा भ्रष्टाचार निरोधक संगठन ने शॉल का वितरण किया। बढ़ती ठंग को देखते हुए संगठन की ओर से अध्यक्ष सरफराज अंसारी, मो। रेहान, मो। अरशद, प्रो। भादी प्रकाश उरांव, जफ्फर अंसारी, अब्दुल जलील साहब समेत कई लोगों ने मदरसा जाकर बच्चियों को शॉल दिया। मदरसा के संचालक ने काफी गर्मजोशी के साथ संगठन के साथियों का इस्तकबाल किया और इस नेक काम के लिए शुक्रिया अदा किया।

झारखंड की ढाई लाख रसोइया का महाजुटान

# 3 दिसंबर को मोरहाबादी मैदान में जुटकर करेंगे वेतनमान की मांग

राष्ट्रीय खबर



रांची: झारखंड के विभिन्न विद्यालयों में बच्चों के लिए मध्यान्न भोजन बनाने वाली लाखों रसोइया और संयोजिका एक बार फिर से अपनी विभिन्न मांगों को लेकर मुखर हैं। वो सभी एक बार फिर से सरकार के समक्ष एकजुट हो रही हैं। राज्य में काम करने वाले करीब 2 लाख 47 हजार रसोइया कर्मचारी आगामी 3 दिसंबर को रांची के मोरहाबादी मैदान में एकजुट होंगे।3 दिसंबर को होने वाले कार्यक्रम को लेकर झारखंड प्रदेश विद्यालय रसोइया संयोजिका संघ के प्रदेश अध्यक्ष अजीत प्रजापति ने जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम के माध्यम से मुख्यमंत्री के सामने वे मांग रखेंगे कि अब स्कूलों में खाना बनाने वाले रसोइया को न्यूनतम वेतन दिया जाए। जबकि वर्तमान में रसोइया को मात्र 66।66 रुपये प्रतिदिन वेतन के हिसाब से भुगतान किया जा रहा है। जबकि संयोजिका और अध्यक्ष को बिना वेतन का ही काम करना पड़ रहा है।झारखंड प्रदेश विद्यालय रसोइया संयोजिका संघ की कोषाध्यक्ष अनिता कुमारी बताती हैं कि पिछले 19 वर्ष से राज्य के विभिन्न स्कूलों में बच्चों को भोजन बनाने का काम कर रही हैं। लेकिन उनके घरों में कैसे भोजन बन रहा है यह उन्हें ही पता है। सरकारी स्कूलों में बच्चों का खाना बनाने वाली रसोइया को 66 रुपये प्रतिदिन दिए जाते हैं। इस प्रकार से उन्हें महीने में 1900 रुपये का भुगतान किया जाता है लेकिन वो राशि भी उन्हें प्रति माह नहीं मिल पाता। इस महंगाई के युग में इतने कम राशि में काम करना रसोइया के लिए मुश्किल ही नहीं नामुमकिन है।3 दिसंबर को होने वाले कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आने वाले मुख्यमंत्री से वह मांग करेंगे कि सभी रसोइया को 18 हजार रुपए प्रतिमा न्यूनतम वेतन दिया जाए। पिछले 19 साल से सेवा दे रहे रसोइया और संयोजिका का 5 लाख का स्वास्थ्य बीमा कराया जाए। सभी कर्मचारियों को पेंशन स्कीम से जोड़ा जाए, रसोइया और संयोजिका को पीएफ का लाभ दिया जाए। अब देखने वाली बात हो गई कि 3 दिसंबर को जुटान होने वाले कार्यक्रम में आने वाले लाखो रसोइया संयोजिका के आग्रह के बाद क्या कुछ निर्णय आता है या फिर अपनी विभिन्न मांगों के लिए रसोइया संघ को अभी और भी लंबा संघर्ष करना होगा।



## शहर >> अपडेट

### बालू घाट में पुलिस ने की छापेमारी

चांडिल : कपाली ओपी क्षेत्र के गौरी बालू घाट पर रविवार सुबह कपाली पुलिस ने छापेमारी किया। इस संबंध में कपाली ओपी प्रभारी संदीप ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर गौरी बालू घाट पर छापेमारी की गई है। उन्होंने बताया कि सुचना मिली है गौरी बालू घाट में बालू माफियाओ द्वारा नदी से अवैध रूप से बालू उठाकर बेचने का कार्य किया जा रहा है।

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

### जनशक्ति को जगाने का कार्यक्रम है प्रधानमंत्री का मन की बात: अमित

चास : भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यसमिति कुमार अमित ने सेक्टर 5 सेंटर मार्केट में प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम को सुना। इस कार्यक्रम मे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश के नागरिकों से वोकल फॉर लोकल को अपने दैनिक जीवन में आत्मसात करने का आह्वान किया। प्रधानमंत्री ने देश में महिला सशक्तिकरण, डिजीटल पेमेंट, वैज्ञानिक अनुसंधान, स्वच्छता, जल संरक्षण, अमृत सरोवर, स्थानीय कला संस्कृति, छऊ नृत्य, क्षेत्रीय उत्सव-मेला आदि की भी विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम के उपरांत श्री अमित ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री का यह कार्यक्रम देश की जनशक्ति को जगाने और बढ़ाने का एक प्रयास है। समाज की जनशक्ति जब देश की अर्थव्यवस्था और विकास से जुड़ेगी तभी भारत एक विकसित राष्ट्र बन सकेगा। इस अवसर पर मनोज झा, उत्तील यादव, श्रीकांत शर्मा, रजनीश कश्यप, विद्याव्रत ओझा, कुंदन सिन्हा, शैलेंद्र त्रिपाठी, सत्येन्द्र सिंह, उमेश सिंह, भगवान पांडेय, चंद्रकांत झा, राजकुमार, विरंजन, विनोद कुमार, लालबाबू, राहुल आदि उपस्थित थे।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### केएम मेमोरियल अस्पताल का 21वां स्थापना दिवस धूमधाम से मना

चास : 20 वर्षों के अनवरत उपलब्धियों के साथ चिकित्सा क्षेत्र में राज्य के अग्रणी अस्पतालों में शुमार और जिले का गौरवशाली केएम मेमोरियल अस्पताल का 21वां स्थापना दिवस बड़े ही भव्य एवं व्यापक पैमाने के साथ अस्पताल परिसर में मनाया गया। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि धनबाद सांसद पीएन सिंह एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में गिरीडीह सांसद रविंद्र कुमार पांडे ने शिरकत की। मुख्य अतिथि सिंह ने अपनी शुभकामनाएं व्यक्त करते हुए अस्पताल के प्रबंध निदेशक डॉ विकास कुमार पांडे के प्रबंधन क्षमता और सेवा भावना की प्रशंसा करते हुए कहा कि, आज केएम मेमोरियल हॉस्पिटल का यह विराट स्वरूप इनके पूर्ण समर्पण एवं सेवा भाव का हीं प्रतिफल है। गिरिडीह सांसद श्री पांडे ने कहा कि केएम मेमोरियल अस्पताल उत्कृष्ट चिकित्सा व्यवस्था के साथ समाज के हर व्यक्ति तक स्वास्थ्य संबंधी सेवाएं सुलभ कराने के लिए प्रतिबद्ध है। अस्पताल के प्रबंध निदेशक डॉ पांडे ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि के प्रति अपना आभार जताया। उन्होंने कहा कि अस्पताल पिछले 20 वर्षों से पीड़ित मानवता की स्वास्थ्य सेवा निरंतर करता चला आ रहा है। इन 20 वर्षों में लाखों की संख्या में रोगियों को इस अस्पताल के माध्यम से स्वास्थ्य लाभ प्राप्त हुआ। और यह परमात्मा की हीं असीम कृपा का प्रतिफल है जो हमें पीड़ित मानवता की सेवा करने का अवसर दिया है। उन्होंने अस्पताल के 20 वर्षों के गौरवशाली अतीत को याद करते हुए उन सभी व्यक्तियों के प्रति अपना आभार प्रकट किया जिनका प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष सहयोग अस्पताल को किसी भी स्तर पर प्राप्त हुआ।

**शिविर**

### कल 21 प्रखंड़ों के पंचायतों में लगाया जायेगा शिविर

# आम लोग कार्यक्रम का लाभ उठायें: उपायुक्त

- स्ट्रीट लाइट से संबंधित कार्य
- पीडीएस के तहत राशन कार्ड को आधार से लिंक करने
- सावित्री बाई फूले किशोरी समृद्धि योजना

राष्ट्रीय खबर



**पलामू:** आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत बिश्रामपुर प्रखंड के वार्ड नंबर 13 एवं 14 के लिए अंबेडकर भवन वार्ड 13 में, चैनपुर के करसो पंचायत में, छतरपुर के वार्ड नंबर 03 एवं 04 के लिए आंगनबाड़ी केंद्र बारा के पास, हैदरनगर के खरगड़ा पंचायत के लिए प्रखंड कार्यालय भवन में, हरिहरगंज प्रखंड के वार्ड नंबर 7 एवं 10 के लिए मोतीराज महिला कॉलेज के मैदान में, हुसैनाबाद प्रखण्ड के वार्ड नंबर 05 एवं 06 के लिए हरिजन स्कूल वार्ड नंबर 5 में, मनातू प्रखंड के मझौली पंचायत के लिए प्रखंड कार्यालय भवन में, मेदिनीनगर वार्ड नंबर 3 के लिए प्रखंड कार्यालय भवन में, मोहम्मदगंज के मोहम्मदगंज पंचायत के लिए प्रखंड कार्यालय भवन में, नौडीहा बाजार के नावटांड पंचायत के लिए प्रखंड कार्यालय भवन में, नावाबाजार के इटको पंचायत के लिए प्रखंड कार्यालय भवन में, नीलांबर पितांबरपुर के लेस्लीगंज पंचायत के लिए प्रखंड कार्यालय भवन में, पांडू प्रखंड के पांडू पंचायत के लिए प्रखंड कार्यालय भवन में, पड़वा प्रखंड के लोहडा पंचायत के लिए प्रखंड कार्यालय भवन में, पांकी प्रखंड के हुरलोंग पंचायत भवन में, पिपरा प्रखंड के पिपरा पंचायत के लिए प्रखंड कार्यालय भवन में, सतबरवा प्रखंड के रबडदा पंचायत के लिए प्रखंड कार्यालय भवन में, रामगढ़ प्रखंड के रामगढ़ पंचायत के लिए प्रखंड कार्यालय भवन में, तरहसी प्रखंड के तरहसी पंचायत के लिए प्रखंड कार्यालय भवन में, उंटारी रोड प्रखंड के लहर बंजारी पंचायत के लिए प्रखंड कार्यालय भवन में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविर का आयोजन किया जाएगा। उपायुक्त शशि रंजन ने संबंधित कार्यकारी अधिकारियों को निर्देशित किया कि पलामू जिले के सभी नगर निकायों में भी आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत 27 और 28 नवंबर को भी शेड्यूल बनाकर शिविर लगाएं।

उन्होंने आमजनों से भी अपील किया कि अपने निकटतम शिविरों में जाकर सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाएं और आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के उद्देश्य को पूर्ण करें। शिविरों में मुख्यमंत्री श्रमिक योजना, पीएम स्व०निधि योजना, स्वयं सहायता समुह निर्माण, फुटपाथ विक्रेताओं का स्मार्ट आई०डी० कार्ड, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र से संबंधित निष्पादन कार्य का निष्पादन कर लाभुकों को लाभान्वित किया जाएगा।

वहीं होल्डिंग टैक्स, पानी कनेक्शन, टैक्स एवं ट्रेड लाईसेंस से संबंधित कार्यों का निष्पादन किया जाएगा। स्ट्रीट लाइट से संबंधित कार्य, राशन से संबंधित समस्या, पीडीएस के तहत राशन कार्ड को आधार से लिंक करने, सर्वजन पेंशन योजना का लाभ प्रदान करने, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम का लाभ देने, सावित्री बाई फूले किशोरी समृद्धि योजना अन्तर्गत सुयोग्य लाभुकों को स्वीकृति प्रदान करने, लाभ देने, सेवा का गारंटी अधिनियम के अन्तर्गत राज्य सरकार द्वारा उपलब्ध कराई जा रही विभिन्न सेवाओं यथा जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र तथा समाजिक सुरक्षा योजनाओं यथा पेंशनादि से संबंधित लंबित मामलों का त्वरित गति से निस्तारण किया जाएगा।

## खीस्त राजा पर्व पर मसीहियों ने निकाली शोभायात्रा यात्रा



राष्ट्रीय खबर

**बेड़ो:** प्रखंड के दिघिया गांव स्थित रोमन कैथलिक चर्च परिसर से रविवार को मसीहियों ने खीस्त राजा पर्व के अवसर पर शोभायात्रा यात्रा व झांकी निकली गई। खीस्त राजा शोभायात्रा में बतौर मुख्य अनुष्ठानकर्ता फादर भिमसेंट मिंज थे। फादर अजय मिंज अपने प्रवचन में कहा कि राज राजेश्वर हमारा यीशु शांति प्रिय न्यायकर्ता है। खीस्त राजा राजाओ का राजा है। इसका राज्य कभी समाप्त नहीं होगा। यीशु का राज्य समर्पित राज्य है। हम लोग ईश्वर की चुनी ही प्रजा है। मसीह की ज्योति से पूरा विश्व दिव्यमान व प्रकाशमय है। हमें अन्याय, शोषण के विरुद्ध प्रेम शांति व भाईचारा का बीज बोना चाहिए। शोभायात्रा में सामिल लोग पारम्परिक वेशभूषा, ढ़ोल, नगाड़े, गाजे बाजे झंडा बैनर के साथ 180 युनिट के मसिहीयो ने झांकी निकली गई। मौके पर फादर पियुष मिंज, फादर रोर्बट मिंज, पल्ली के अध्यक्ष देवनिश तिग्गा,माता प्रर्बला केरकट्टा, सिस्टर दिव्या, सिस्टर किरण, सिस्टर निलिमा, दिलीप कुजुर, रवि फ्रांसिस मिंज, निकोलस प्रकाश मिंज, सुबल टोप्पो, कमला, अंजला सहित कई लोग मौजूद थे। गायक मंडली ग्राम करांजी व दिघिया द्वारा भजन प्रस्तुत किया गया।

## केंद्रीय विद्यालय बोकारो 1 में जनजातीय गौरव दिवस समारोह का समापन



फोटो-01-

**बोकारो :** सेक्टर 4 स्थित केंद्रीय विद्यालय नंबर 1 में जनजातीय गौरव दिवस का समापन समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया। 15 दिनों से चल रहे इस जनजातीय गौरव दिवस कार्यक्रम की शुरूआत केंद्र सरकार के पहल पर अखिल भारतीय स्तर पर की गई है। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अथिति ने मांदर और नगाड़ा की थाप पर धुन बजाकर किया। मौके पर विद्यालय के प्राचार्य मनोज कुमार ने कहा कि आदिवासियों की संस्कृति को अगर आत्मसात कर लिया जाए तो देश भर में घृणा और द्वेष स्वतः समाप्त हो जाएगा। आवश्यकता है तो बस इस बात की कि जनजातियों के संबंध में जनचेतना को जन-जन का गौरव बना दिया जाए।

15 दिनों से चल रहे इस कार्यक्रम में प्रतिदिन प्रातः कालीन सभा में आदिवासी सभ्यता और संस्कृति की छवि प्रस्तुत करती हुई एक-एक झांकी जनचेतना जगाने के लिए पर्याप्त की। शिक्षकों में बीएस पूर्ति, पवन उरांव, कमला मिंज एवं संतोष कुमार पांडेय ने प्रत्येक दिन झारखंड के गौरव रहे सिद्धू, कान्हू, चांद, भैरव इन स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान की विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही फूलो और झानो, बाबा तिलका मांझी, टाना भगत, भगवान बिरसा मुंडा के बारे में छात्रों के बीच में विस्तार से बताया गया। इस मौके पर शिक्षक श्री पूर्ति ने कि आदिवासी जन्मजात स्वतंत्रता प्रेमी होते हैं। उन्हें गुलामी कतई पसंद नहीं। गुलामी और मृत्यु में वह मृत्यु का वर्णन करना श्रेयस्कर समझते हैं। यह आदिवासी ही हैं जिनके सर्वोच्च बलिदान के कारण 1857 के सिपाही विद्रोह से एक वर्ष पहले पानी 1856 को छोटानागपुर क्षेत्र से अंग्रेजों का सफाया हो गया था। श्री उरांव ने कहा कि आदिवासी जनजाति प्रकृति पूजक होते हैं। प्रकृति से प्रेम करना इनके खून में शामिल है। वहीं विद्यालय के छात्रों द्वारा मनमोहन आदिवासी नृत्य और संगीत प्रस्तुत किया गया।

## लिंग आधारित हिंसा के खिलाफ नुक्कड़ नाटक का आयोजन



- महिला हिंसा के खिलाफ 16 दिवसीय अभियान शुरूआत

राष्ट्रीय खबर

**कसमार :** कसमार प्रखंड के सोनपुरा पंचायत में रविवार को महिला हिंसा के खिलाफ 16 दिवसीय जागरूकता अभियान के तहत लिंग आधारित हिंसा के विरोध में नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। इस संबंध में सहयोगिनी की सचिव कल्याणी सागर ने बताया कि महिला हिंसा के खिलाफ हम सभी को एकजुट होकर लिंग आधारित हिंसा पर काबू पाना है। उन्होंने कहा कि असमानता से समानता, सबकी गिनती एक समान मुद्दे पर लोगों को जागरूक किया जा रहा है। महिलाओं पर घरेलू हिंसा, बाल विवाह, यौन हिंसा, दहेज हिंसा, डायन हिंसा के नाम पर शोसन होती आ रही है, जिसे रोकने के लिए इस प्रकार का जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन प्रत्येक वर्ष सहयोगिनी के द्वारा किया जाता है। यह अभियान आगामी 10 दिसंबर तक चलेगा। इस दौरान कसमार प्रखंड के विभिन्न गांव में दीवार लेखन, खेल प्रतियोगिता, सेमिनार तथा ग्रामीणों के साथ बैठक कर लोगों को जागरूक किया जाएगा। उन्होंने बताया कि पूरे विश्व में 25 नवंबर से 10 दिसंबर के बीच महिलाओं पर लिंग आधारित हिंसा के खिलाफ जनजागरूकता कार्यक्रम विभिन्न संस्थाओं द्वारा चलाए जाता है । सहयोगिनी द्वारा क्रिया के सहयोग से यह कार्यक्रम किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में सहयोगिनी की कुमारी किरण, मंदाकिनी, नीतू कुमारी, योगमाया देवी आदि उपस्थित थी।

## झारखंड का पारंपरिक प्रथा है मुर्गा लड़ाई: अमरेश

राष्ट्रीय खबर

**कसमार :** कसमार प्रखंड के दुगार्पुर पंचायत के ललमटिया-रांगामाटी मैदान में हर वर्ष की भांति रविवार को भी एकदिवसीय मुर्गा लड़ाई प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। शुरूआत दुगार्पुर पंचायत के मुखिया अमरेश कुमार महतो उर्फ अमरलाल महतो ने फीता काटकर किया। आखड़ा में कई जोड़े मुर्गों के बीच भिड़ंत कराया गया। हारने वाले मुर्गे को जीत लिया गया। प्राईज के तौर पर बड़ा बकरा व छोटा बकरा रखा गया था। ललमटिया टीम ने ही दोनों बकरों को जीता। मौके पर मुखिया श्री अमरलाल महतो ने कहा कि मुर्गा लड़ाई झारखंड का पुरातन परंपरा एवं प्रथा में शामिल है। इस रोचक मुर्गा लड़ाई में हार-जीत के बीच मनोरंजन होता है। दो समान आकार के मुर्गों के बीच जोड़ी मिलान होता है। इसके बाद कात्थी बांधकर आखड़ा में दोनों मुर्गों को लड़ाने के लिए उकसाया जाता है। मुर्गे के बीच तबतक द्वंद और भीषण युद्ध होता जबतक एक भाग न जाय। इस बीच मुर्गा मर भी जाता है। जीतने वाले मुर्गा मालिक हारने वाले मुर्गा को ले जाता है। कहा कि झारखंड की इस रोचक और मनोरंजक परंपरा को बरकरार रखने का प्रयास किया जा रहा है। मौके पर कपिलेश्वर महतो, बैजनाथ महतो, अर्जुन महतो, जगेश्वर महतो, फुलेश्वर महतो, दीनू महतो, सुरेश महतो, रोहित महतो, कात्थकार बिपीन घांसी, रमेश हेंब्रम, चंदन महतो आदि अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

**आयोजन**

### संविधान दिवस के अवसर पर स्कूल से प्रभात फेरी निकाली

# डालसा के टीम ने मनाया संविधान दिवस

- विद्यार्थियों को संविधान के प्रस्तावना की शपथ दिलाई गयी
- बाल श्रम, बाल विवाह एवं पोक्सो एक्ट के बारे में जानकारी दी

राष्ट्रीय खबर



**रांची:** माननीय झालसा के तत्वाधान में तथा न्यायायुक्त-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के निर्देश पर आज दिनांक 26.11.2023 को संविधान दिवस के अवसर पर सभी ब्लॉक एवं लिगल-एड-क्लिनिक में संविधान दिवस मनाया गया। कस्तुरबा गांधी आवासीय विद्यालय, कांके में विद्यार्थियों को संविधान के प्रस्तावना की शपथ दिलाई गयी और स्कूल परिसर से एक प्रभात फेरी निकाली गयी। प्रभात फेरी स्कूल परिसर से कांके चौक होते हुए पुनः स्कूल परिसर पहुंचकर समाप्त हुई। इस कार्यक्रम में पीएलवी राजेंद्र महतो, शारदा देवी, मालती देवी, बबिता कुमारी, भारती शाहदेव, वार्डन रेशमा प्रवीण, शिक्षिका रेशमा जी का योगदान रहा। कस्तुरबा गांधी आवासीय विद्यालय, मांडर में भी संविधान दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम प्रधानाध्यापिका, श्वेता कुमारी, वार्डन इंदू लकड़ा, पीएलवी सुमन ठाकुर ने कार्यक्रम को आगे बढ़ाया। बच्चों को संविधान के बारे में बताया गया तथा उन्हें उनके अधिकार बाल श्रम, बाल विवाह एवं पोक्सो एक्ट के बारे में जानकारी दी गयी। ज्ञात हो कि ईकफाई युनिवर्सिटी, रांची में भी संविधान दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया इस अवसर पर डालसा सचिव स्वयं उपस्थित थे। छात्रों ने संविधान दिवस के अवसर पर पोस्टर एवं वाद विवाद प्रतियोगिता में भाग लिया। इस अवसर पर सभी छात्रों ने संविधान की प्रस्तावना का पाठन भी किया। सचिव राकेश रंजन ने विधि के छात्रों को संविधानिक मूल्यों को प्रभावी ढंग से साकार करने हेतु उनसे अपेक्षित प्रयासों की चर्चा की। उन्होंने संविधानिक मूल अधिकारों एवं मूल कर्तव्यों की भी चर्चा की। यह भी ज्ञात हो कि संविधान दिवस के अवसर पर डालसा राँची द्वारा विभिन्न स्कूल कॉलेजों में छात्र छात्राओं के बीच कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें जागरूक किया और उनके बीच संविधान से संबंधित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बुढ़मू प्रखंड में भी संविधान दिवस के अवसर पर प्रभात फेरी निकली गयी और लोगो के बीच जागरूकता कार्यक्रम किया गया। विभिन्न कार्यक्रम में एल ए डी सी शिवानी सिंह, पी एल वी सीमा देवी, बरखा तिर्की, फुलेश्वरी देवी, सुमन ठाकुर, राजेन्द्र महतो, विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओ का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## न्यूज फटाफट

### बिरसा मुंडा निःशुल्क विद्यालय में मनाया गया संविधान दिवस



**बोकारो :** रविवार को सेक्टर 12 स्थित जन कल्याण समाजिक संस्था द्वारा संचालित बिरसा मुंडा निशुल्क विद्यालय में संविधान दिवस मनाया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि साधु बल्केश्वर कुशवाहा ने कहा कि संविधान दिवस के अवसर पर गरीब बच्चों के बीच आकर एवं कॉपी एवं लेखन सामग्री प्रदान कर मुझे बहुत खुशी प्राप्त हुई। संस्थापक परशुराम राम ने कहा कि केवल राजनीतिक लोकतंत्र से ही हमें संतुष्ट नहीं हो जाना चाहिए। अपने राजनीतिक लोकतंत्र को हमें सामाजिक लोकतंत्र रूप में भी देना चाहिए। सामाजिक लोकतंत्र का अर्थ है जीवन के उन मार्ग जो स्वतंत्रता क्षमता और जीवन के सिद्धांतों के रूप में अभी ज्ञात करता है यदि हम इस संविधान की रक्षा करना चाहते हैं जिसमें हमने जनता के लिए जनता द्वारा जनता की सरकार के सिद्धांत की प्रतिष्ठा करने का प्रयास किया है तो हम इस बात का संकल्प करें कि जो बुरा यह हमारे मार्ग में है और उनके कारण जनता के लिए सरकार को जनता द्वारा सरकार से अधिक पसंद करती है उन बुराइयों को समझने के विलंब नखरे और उन बुराइयों को दूर करने के उपकरण में कमजोरी ना दिखाएं। देश सेवा का यही मार्ग है। मौके पर ममता सिंह, गुड़िया देवी, बबिता कुमारी, विजय कुमार, रवि कुमार दास, तेज नारायण, संतोष कुमार, प्रेम कुमार वेद, चनेश्वर ठाकुर आदि मौजूद थे।

### पूर्व बोकारो जिलाध्यक्ष लालू सोरेन की 6वां पुण्यतिथि मनाया गया



**चास:** रविवार को चास नगर में झामुमो के पूर्व केंद्रीय कोषाध्यक्ष प्रयाग चंद्र केजरीवाल के आवासीय कार्यालय में पूर्व बोकारो जिलाध्यक्ष लालू सोरेन का 6वां पुण्यतिथि फूलमाला अर्पित कर मनाया गया। इस पुष्पांजलि कार्यक्रम में मुख्य रूप से झामुमो के केंद्रीय सचिव संतोष रजवार, जिला सचिव जयनारायण महतो, वरीय नेता संजय केजरीवाल, चास नगर अध्यक्ष प्रमोद तापड़िया, अंजली सोरेन, मुक्तेश्वर महतो, हसन इमाम, मो. कलाम, भागीरथ शर्मा, दुलाल हलदार, रोहित केजरीवाल, दिलीप ठाकुर, लुकमान अंसारी, बाबू खान, मो. एहसान, मो. मुस्लिम, मो. इनुल, दुर्गा चरण महतो, अकलु मांझी, गोपाल बाउरी, देवेंद्र तिवारी, अशोक सिंह, अब्दुल रऊफ, सानिया बेगम, ममता देवी, रुबिका खातून, सहिदा खातून, आसमा खातून, सलमा खातून, अंजुम खातून आदि सैकड़ो कार्यकताओं ने पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दिया।

### 26-28 नवंबर को झारखंड राज्य राजभवन के समक्ष तीन दिवसीय महापड़ाव का आयोजन

**बोकारो :** इस्पात मजदूर मोर्चा सीटू का पदाधिकारियों की आवश्यक बैठक सेक्टर 9 यूनियन कार्यालय में हुई। अध्यक्षता केएन सिंह ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए यूनियन के संयुक्त महामंत्री बीडी प्रसाद ने कहा कि केंद्र सरकार की मजदूर, किसान, नौजवान और आमजनता विरोधी नीतियों के खिलाफ केंद्रीय ट्रेड यूनियनों, फेडरेशनों और संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर देशव्यापी कार्यक्रम के तहत 26-28 नवंबर को झारखंड राज्य राजभवन के समक्ष तीन दिवसीय महापड़ाव का आयोजन किया गया है। इस महापड़ाव में 28 नवंबर को बोकारो जिला से सैकड़ों मजदूर और किसान भाग लेंगे। इस्पात मजदूर मोर्चा सीटू से दर्जनों मजदूर भाग लेंगे। श्री प्रसाद ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार आम जनता की नहीं बल्कि कॉरपोरेट घरानों की सरकार है। अरबपतियों की संख्या रोज बढ़ रही है। दूसरी तरफ आम आदमी की आमदनी घट रही है। देश की 70 प्रतिशत संपत्ति आज 10 प्रतिशत लोगों के कब्जे में है। देश की सार्वजनिक कल-कारखानों, संयंत्रों, संस्थाओं को अडानी अंबानी जैसे कॉरपोरेट कंपनियों को रेवड़ी की तरह बांटा जा रहा है। देश की आर्थिक स्थिति जर्जर हो चुकी है।बेरोजगारी बढ़ रही है। मजदूरों किसानों और आम आदमी के हित में आज भाजपा सरकार को हटाना जरूरी है। बैठक में आरके गोराई, आरएन सिंह, उमेश प्रसाद, देव कुमार, भूदेव प्रसाद सिंह, पवन कुमार मिश्रा, केएन प्रसाद, पीआर साहु आदि ने भाग लिया।

### संविधान एक राष्ट्रग्रंथ है जो सभी भारतीयों के लिए अनुकरणीय है: शंभु



बोकारो : रविवार को संविधान दिवस के अवसर पर सेल एससी-एसटी इम्प्लाइज फेडरेशन, बोकारो यूनिट ने अध्यक्ष शंभु कुमार की अध्यक्षता में संविधान पर कार्यक्रम का आयोजन सेक्टर-11 स्थित अंबेडकर छात्रावास में फेडरेशन के सदस्यों एवं छात्रावास के छात्रों के साथ किया। संचालन राकेश कुमार उप कोषाध्यक्ष ने किया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम संविधान शिल्पी, भारत रत्न बाबा साहब एवं भगवान बिरसा मुंडा के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया तत्पश्चात संविधान का प्रस्तावना पढ़ा गया। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि बीएसएल के कार्मिक विभाग के मुख्य महाप्रबंधक हरी मोहन झा ने कहा कि भारत का संविधान सभी वर्ग के हितों का संरक्षण और सभी भारतीयों के कल्याण की उदात्त भावना से लिखी गई है। बीजीएच के संयुक्त निदेशक डॉ. आरके गौतम ने कहा कि संविधान स्वतंत्रता, समानता, बंधुता और न्याय के चार स्तंभों पर अवस्थित है। अध्यक्ष श्री कुमार ने कहा कि भारत का संविधान एक राष्ट्रग्रंथ है जो सभी भारतीयों के लिए अनुकरणीय है। संविधान ही ऐसा है ग्रंथ है जो समता और संप्रभुता की बात करती है। उन्होने कहा कि डॉ. अंबेडकर के कहा था कि भारत का संविधान देश को समर्पित एक विलक्षण दस्तावेज है। संविधान हर देशवासी के लिए कर्तव्य और अधिकार की बात करती है और इसलिए संविधान के मार्ग पर चल कर ही देश का विकास संभव है। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से कार्यकारी महासचिव करतार सामंत, उपाध्यक्ष दीपक रजक, कोषाध्यक्ष शिवबहादुर राम, मुकेश पासवान, दिलीप कुमार, अशोक रजक, पंकज कुमार दास, नबनादेश्वर हेम्ब्रम, विशेश्वर रजवार, राजकुमार भारती, विजय राम, देवेश टुडू, माणिकराम मुंडा, कृष्ण कुमार दास, मंगल समद, सच्चु रजवार, ललित उरांव, राजीव तमुड़िया, एन छतरिया, राजीव उरांव, संजय उरांव, आशीष भगत, राजीव टोप्पो आदि मौजूद रहे।

## शहर >> अपडेट

### गरीब व वृद्ध महिलाओं के बीच साड़ी का वितरण

**बेरमो :** गोमिया ।गोमिया मोड़ के समीप काली मंदिर में श्रद्धालु भक्तों द्वारा श्रद्धा भाव से माता के चरणों में चढ़ाई गई साड़ी का वितरण रविवार को मंदिर संचालन समिति की ओर से किया गया। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर क्षेत्र के गरीब, असहाय व वृद्ध महिलाओं के बीच जिप सदस्य डॉ सुरेंद्र राज, पूर्व मुखिया सह मंदिर संचालन समिति के अध्यक्ष जगदीश प्रसाद स्वर्णकार सहित समिति के पदाधिकारीयों ने साड़ी का वितरण किया।

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

### एथलेटिक्स मीट में बच्चों ने लहराया परचम

**बेरमो :** धनबाद में आयोजित बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल यूनिवर्सिटी इंटर कॉलेज एथलेटिक्स मीट में बेरमो के छात्रों ने गोल्ड, सिल्वर और ब्रॉन्ज प्राप्त किया।राज कुमार सोरेन ने 1500 मीटर की दौड़ में गोल्ड मेडल जीता ही, साथ ही 800 मीटर में सिल्वर पर कब्जा जमाया।ओम कुमार लॉन्ग जम्प में सिल्वर और ट्रिपल जंप में ब्राउंज मेडल पर कब्जा किया ।निर्मल कुमार महतो ने भी हाई जंप में सिल्वर अपनी झोली में डालने में सफल रहे .डिस्कस और हैमर थ्रो इवेंट में तौसीफ खान ने सिल्वर जीता ।100 मीटर हर्डल मे प्रीति कुमारी गोल्ड और 100 मीटर की दौड़ में सिल्वर। रेशमी कुमारी ने शॉट पुट और हैमर थ्रो में गोल्ड जीता,जबकि लॉन्ग जंप और ट्रिपल जंप में मनीषा टोप्पों ने सिल्वर जीता।बच्चों का कहना है कि ट्रेंनिंग इक्विपमेंट का घोर अभाव हैं कई बार इस विषय में सीसीएल प्रबंधन को पत्राचार भी किया जा चुका है उसके बाद भी दिक्कत जस का तस बना हुआ है। हमारे ट्रेनिंग टीचर बुक्कू दा के कारण ही हमलोग आज ईतने इक्विपमेंट के अभाव में भी मैडल जीत पाए है।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### संविधान दिवस पर संविधान की ली गई शपथ

**बेरमो /तेनुघाट कोर्ट :** हम भारत के लोग भारत को एक ( संपूर्ण प्रभुत्व संपन्न समाजवादी पंथनिरपेक्ष लोकतंत्रतात्मक गणराज्य ) बनाने के लिए तथा उसके समस्त नागरिकों को, सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय, विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता, प्रतिष्ठा और अवसर की समता प्राप्त करने के लिए, तथा उन सब में व्यक्ति की गरिमा और (राष्ट्र की एकता और अखंडता) सुनिश्चित करने वाल बंधुता बढ़ाने के लिए दृढ़ संकल्प होकर अपनी इस संविधान सभा में आज तारीख 26 नवंबर 1949 ई (मिति मार्ग शीर्ष शुक्ल सप्तमी, संवत 2006 विक्रमी) को एतदद्वारा इस संविधान को अंगीकृत, अधिनियमित और आत्मापीत करते हैं । इस तरह तेनुघाट व्यवहार न्यायालय के न्यायिक पदाधिकारी के द्वारा भारत के संविधान की शपथ ली गई। वहीं न्यायिक कर्मी गान भी संविधान की शपथ ली । संविधान की शपथ लेते समय तेनुघाट व्यवहार न्यायालय के प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी सह प्रभारी अनुमंडल विधिक सेवा प्राधिकार समिति के सचिव साक्षी श्रीवास्तव की अगुवाई में कुटुंब न्यायालय राजीव रंजन, जिला द्वितीय अनिल कुमार एसीजेएम विशाल गौरव, सब जज द्वितीय राजेश रंजन कुमार, प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी रूपम स्मृति टोपनो सहित सभी न्यायिक कर्मी उपस्थित थे । वहीं तेनूघाट अनुमंडल पदाधिकारी कार्यालय में भी संविधान की शपथ ली गई।

छेड़खानी

रजरप्पा थाना नहीं कर रहा कोई कार्रवाई

# मुस्लिम लड़कों ने स्कूल की लड़कियों से छेड़खानी कर किया मारपीट



▶▶ रजरप्पा थाना नहीं कर रहा कार्रवाई

▶▶ छेड़खानी का कोई छात्र विरोध करता है तो वे उससे साथ मारपीट करते हैं

**राष्ट्रीय खबर**

**रामगढ़:** जिले के आरवी हाईस्कूल के छात्र-छात्राओं के साथ मारपीट और बदसलूकी की घटना सामने आई है। जिसके बाद घटना की शिकायत लेकर छात्र रजरप्पा थाना पहुंचे। आरवी स्कूल चितरपुर के छात्रों ने बताया कि मुस्लिम समुदाय के लोगों के द्वारा स्कूल के छात्राओं के साथ छेड़खानी की जाती है।

छात्रों ने कहा कि हम उनसे इस बारे में बात की तब उन्होंने हमारे साथ मारपीट की। जुम्मे के दिन वो प्लान करके मारपीट करने पहुंचे हुए थे। इस दौरान उन्होने मेरे और मेरे दोस्तों के साथ भी मारपीट की। मारपीट के नियत से पूरा परिवार और समाज के लोग आए हुए थे।

**सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने छात्रों से की बात**

इस बीच गिरिडीह के सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी स्कूल पहुंचे। स्कूल पहुंचकर सांसद ने छात्रों से बात की। इसके बाद थानेदार को इस मामले पर तुरंत कार्रवाई करने का आदेश दिया है नहीं तो क्षेत्र में उग्र आंदोलन होगा। आरवी स्कूल चितरपुर रजप्पा के छात्र ने बताया कि मुस्लिम युवकों के द्वारा मेरी बहनों के साथ छेड़खानी की जाती है।छेड़खानी की नियत से वे एक निश्चित समय और जगह पर हर रोज खड़े रहते हैं। उसके बाद वहां से गुजरने वाली छात्राओं के साथ छेड़खानी करते हैं। यदि इस छेड़खानी का कोई छात्र विरोध करता है तो वे उससे साथ मारपीट करते हैं। उसने बताया कि लोग स्कूल परिसर में भी आकर मारपीट करते हैं। छात्र ने कहा कि वे इस्लाम जिन्दाबाद बोलने के लिए कहते हैं और अपशब्द देकर गाली-गलौच करते हैं।

**रजरप्पा थाना नहीं कर रहा कार्रवाई**

छात्र ने बताया कि मामले को लेकर रजरप्पा थाना में आवेदन दिया गया है, लेकिन थाना प्रभारी के द्वारा कोई कार्रवाई नहीं किया जा रहा है। हमलोगों का स्कूल आना मुश्किल हो गया है। जिसके बाद मामले की शिकायत को लेकर स्कूल के छात्रों ने थाना को घेरा है। इस दौरान स्कूल की छात्र-छात्राएं स्कूल यूनीफॉर्म में नजर आए।

### स्कूली बच्चियों से छेड़खानी की घटना शर्मनाक : सिंधु झा



**रजरप्पा :** गत दिनों रजरप्पा थानान्तर्गत एक विशेष समुदाय के अपराधिक प्रवृत्ति के लड़कों के द्वारा सरकारी स्कूल की बच्चियों के साथ छेड़खानी और विरोध करने पर मारपीट की घटना एक सभ्य समाज पर धब्बे के समान है जिसपर सरकार और प्रशासन को संज्ञान लेते हुए दोषियों को कड़ी सजा देने की जरूरत है । जिससे स्कूली बच्चियों को सुरक्षात्मक माहौल मिले और वो निर्भय होकर पठन पाठन कार्य कर सके साथ हीं फिर कभी ऐसी घटना करने की सोचने वालों के लिए भी एक सबक हो। उपरोक्त बातें शिक्षिका सह राष्ट्रीय मानवाधिकार परिषद की प्रदेश अध्यक्ष सिंधु झा ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कही। उन्होंने कहा कि मैं स्वयं भी एक शिक्षिका हूँ और चाहूँगी कि स्कूलों के बाहर या आसपास बिना किसी कार्य के अड्डेबाजी करने वाले असामाजिक तत्वों को चिन्हित करते हुए पुलिस उचित कार्रवायी करें, जिससे पढ़ने लिखने वाली बच्चियों को हम स्वच्छ वातावरण एवं माहौल दे सकें। क्योंकि अखबारों और पीड़ित लड़कियों के बयान से ये जानकारी मिली है कि अपराध में शामिल लड़के पहले भी स्कूल जाने के रास्ते में अड्डेबाजी करते रहे है और वहाँ बैठ कर उनपर फब्तियाँ कसते थें जिसकी उन्होंने पहले भी अपने घरों में शिकायत की थी लेकिन इसपर ध्यान नहीं दिया गया।

## के बी कॉलेज बेरमो में मनाया गया संविधान दिवस



**राष्ट्रीय खबर**

**बेरमो :** 26 नवंबर रविवार को के०बी० कॉलेज बेरमो के जूलॉजी सभागार में राष्ट्रीय सेवा योजना(एन.एस.एस.) के तत्वावधान में 'संविधान दिवस' मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत संविधान की प्रस्तावना को पढ़ते हुए शपथ लिया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रो०गोपाल प्रजापति ने कहा कि संविधान हमारे देश की आत्मा है और हमें संविधान को अक्षुण्ण बनाए रखना है। इस कार्यक्रम में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। जिसमें प्रथम स्थान में सोफिया प्रवीण , द्वितीय स्थान बबली कुमारी, तृतीय स्थान रितु कुमारी एवं चतुर्थ स्थान जैनब प्रवीण को मिला । इन सभी विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया ।

देश विदेश से पहुंचते हैं लाखों श्रद्धालु

## लूगु पहाड़ में संथालियों का धर्म महासम्मेलन शुरू

**राष्ट्रीय खबर**

**बेरमो :** गोमिया ।बोकारो जिला के गोमिया प्रखंड अंतर्गत ललपनिया के लुगु पहाड़ में लुगु बुरु घंटा बाड़ी धोरोमगाढ़ (सरना धर्म) संतालियों का एक बहुत बडा तीर्थ स्थल है। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी 26 व 27 नवंबर को संतालियों का दो दिवसीय भव्य महोत्सव व मेला का आयोजन किया गया है। महोत्सव के दौरान यहां प्रतिवर्ष देश विदेश से लगभग 10 लाख श्रद्धालु लुगु बुरु घंटा बाड़ी धोरोम गाढ दर्शन करने पहुंचते हैं। बता दें कि श्रद्धालु लुगु पहाड़ की उपरी परत में चढ़ते हैं,ओर पहाड के उपर दुर्गम पथरीली रास्ते से होते हुए लगभग 8 किलोमीटर की यात्रा पूरी करने के बाद पहाड के काफी अंदर लुगु बाबा थान पहुंचते हैं। जहां श्रद्धालु विधिवत पूजा अर्चना करते हैं और मन्नतें मांगते हैं। इस महोत्सव में श्रद्धालुओं व आमजनों की सुविधा के लिए बोकारो डीसी कुलदीप चौधरी के निर्देश पर प्रशासन की ओर से समुचित व्यवस्थाओं को दुरुस्त किया गया है। महोत्सव को लेकर लुगु बुरु घंटा बाड़ी धोरोमगाढ़ कमेटी के सचिव लोबिन मुर्मू ने कहा कि भारत के विभिन्न राज्यों सहित नेपाल, भूटान, बांग्लादेश और विश्व के अन्य कई देशों से लगभग 10 लाख श्रद्धालु यहां पहुंचते हैं। उन्होंने कहा कि इसे लेकर सारी तैयारी पूरी कर ली गई है। जिला प्रशासन की ओर से पांच मेडिकल टीम मुस्तेद किया गया है।

## आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम के तहत हुआ शिविरों का आयोजन

**राष्ट्रीय खबर**



**रजरप्पा:** राज्य सरकार के 4 वर्ष पूरे होने के आलोक में 24 नवम्बर से 29 दिसंबर तक मनाए जा रहे आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत चितरपुर प्रखंड में शनिवार को कार्यक्रम के पहले दिन बड़की पोना पंचायत सचिवालय में शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान पंचायत में आयोजित शिविर में उप विकास आयुक्त रोबिन टोप्पो, जिला आपूर्ति पदाधिकारी रंजीता टोप्पो, स्थानीय बीडीओ ज्ञानमनी एक्का एवं सीओ दीपक मिंज एवं स्थानीय मुखिया अरविंद सिंह ने दीप प्रज्वलित कर पंचायत में शिविर का शुभारंभ किया।शिविर के दौरान उप विकास आयुक्त ने लोगों से उनके पंचायत में आयोजित हुई शिविर के दौरान सरकार की योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर योजनाओं का लाभ लेने की अपील की।इन्होंने कहा कि आप सभी के लिए यह एक बहुत अच्छा अवसर है कि एक ही जगह पर आपको सरकार के विभिन्न योजनाओं की जानकारी व लाभ मिल सकता है।

### संविधान दिवस पर नगर परिषद कर्मचारियों को दिलाया गया शपथ

**बेरमो :** फुसरो नगर परिषद कार्यालय मे रविवार को नगर परिषद कार्यालय में संविधान दिवस पर कर्मचारियों को संविधान दिवस के उद्देशिका की शपथ दिलाई। नगर परिषद कार्यपालक पदाधिकारी गोपेश कुंभकार ने कहा कि 26 नवंबर 1949 को संविधान सभा में संविधान के प्रारूप को स्वीकार किया था। इसके निमार्ता बाबा साहब डॉक्टर भीमराव आंबेडकर थे और इसे 26 जनवरी 1950 को लागू किया गया।

**समस्या** > सन्दर्भ दो साल पहले 27 नवम्बर को सीएम के हाथों मिला भूमि का पर्चा

# आज सीएम के कार्यक्रम में अपनी फरियाद लेकर लुकुइयाटांड जाएगा निमाई

▶▶ उपायुक्त ने निमाई रजक को अपने ऑफिस में बुलाया

▶▶ निमाई को पुनः जगी आस

**मनोज मिश्र**



खबर का दिखा असर

**गोला :** राज्यसभा सांसद झारखंड मुक्ति मोर्चा के सुप्रीमो शिबू सोरेन के पिता सोबरन सोरेन के पुण्यतिथि पर 27 नवंबर 2021 को भूमिहीन को मिला भूमि का पर्चा अब तक किसी काम का नहीं आया। भूमिहीन निमाई रजक को मिला भूमि का पर्चा सिर्फ दिखावे का बनकर रह गया है। उसे ना तो भूमि मिली ना तो वह आवास बना सका। इस सम्बन्ध में जब राष्ट्रीय खबर ने प्रमुखता से समाचार प्रकाशित किया तो खबर का असर दिखाई दिया। रामगढ़ के डीसी चन्दन कुमार ने खबर पर संज्ञान लेते हुए व्हाट्सप्प में मैसेज कर निमाई रजक को किसी कार्य दिवस के दिन अपने ऑफिस में बुलाया है। बताते चले कि प्रखंड क्षेत्र के गोला पंचायत के निमाई रजक को गोला उर्फ रोला मौजा में खाता नंबर 217 में प्लॉट नंबर 1679 का 2 डिसमिल जमीन का पर्चा मिला था, कहा गया था कि भूमिहीन को भूमि मिल रहा है, जिसमें वह अपना मकान बना कर रह सकेगा। निमाई रजक को किसी और ने भूमि पर्चा नहीं दिया था बल्कि उसे खुद सीएम हेमंत सोरेन ने अपने हाथों से पर्चा का कागज थमाया था। निमाई रजक ने बताया कि उसे आवास बनाने के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत राशि की पहली किश्त भी मिला हुआ है, परंतु उसे जमीन नहीं मिलने के कारण वह अब तक आवास नहीं बना पाया है। वह अपनी इस समस्या को लेकर कई बार अंचल अधिकारी के कार्यालय का चक्कर लगाता रहा, परन्तु उसे कल आना, परसों आना, आज कर्मचारी नहीं आए हैं, आज सी आई साहब नहीं आए हैं, सीओ साहब का तबादला हो गया है, नए सीओ साहब आए है। थोड़ा इंतजार कर लो के सिवा कुछ नहीं मिला। उसे कभी कर्मचारी यह कहकर यह डराते की ज्यादा तंग करोगे तो कुछ नहीं हो सकता। इस बीच निमाई रजक मजदूरी करने के लिए दूसरे प्रदेश चला गया। अधिकारियों से पूछताछ की जाती है तो बताया जाता है कि निमाई रजक को जो जमीन मिला था, वहां वह मकान नहीं बनाना चाहता है। जबकि सच्चाई कुछ और है। पर्चा के अनुसार कर्मचारी उसे भूमि ही नहीं दिला सके। इसलिए दूसरे जगह जमीन दिलाने की बात कही गई। लेकिन उसे अब तक कहीं जमीन नहीं मिला है।

निमाई रजक ने बताया कि भूमि नहीं रहने के कारण अब तक मकान नहीं बना पाया है, तो प्रधानमंत्री आवास योजना की पहली किस्त वापस कर देने का उसे नोटिस मिला। साथ ही प्रखंड कार्यालय से एक दलाल किस्म का व्यक्ति उसके झोपड़ी में आकर घर नहीं बनाने से थाना में प्राथमिकी दर्ज करा देने के नाम पर ?1000 की वसूली कर ली। आज 27 नवम्बर को शहादत दिवस पर सीएम हेमंत सोरेन का लुकुइयाटांड में आगमन होगा, जहाँ निमाई रजक अपनी फरियाद लेकर सीएम के पास जाने वाला है। उससे पहले इस खबर से अधिकारी और कर्मचारी में खलबलीदेखा जा सकता है।



### सेवानिवृत श्रमिक संघ की विभिन्न मांगों को लेकर जिप अध्यक्ष ने की बैठक



**गुवा :** गुवा रेलवे मार्केट में सेवानिवृत श्रमिक संघ की विभिन्न मांगों को लेकर सेवा निवृत सेल कर्मियों ने जिप अध्यक्ष लक्ष्मी सुरेन की अध्यक्षता में बैठक की। बैठक के दौरान सेवानिवृत श्रमिक संघ के अध्यक्ष विश्वकेशन महापात्रों ने सेवा श्रमिकों की दर्जनों समस्याओं के निराकरण के लिए पहल किए जाने की मांग जिला परिषद अध्यक्ष लक्ष्मी सूरेन से की । इस पर जिला परिषद अध्यक्ष लक्ष्मी सुरेन ने कहा कि आप लोगों की मांगों को लेकर गुवा सेल प्रबंधन के साथ बैठक कर मांग की जाएगी। बैठक में विश्वकेशन महापात्रों, मुरली दास, मुरली राउत, दासों तिरिया, नवीदत्त महापात्रों, बलदेव दास, मंगल लकड़ा, मंगल तुबीद, प्रेमजीत सिंह, बनारस प्रसाद, राम सिंह, मालो बिरुवा, बंशीधर तांती, हरिपदो दास, सोमरा मिंज, हरिया गोच्छाईत, ओलिवर तिर्की, गोपाल लोहार, गोपाल मिस्त्री, ओनामो तांती सहित अन्य मौजूद थे।

### श्री गुरु नानक देव जी के 555 वे जन्मोत्सव को लेकर निकाली गई प्रभात फेरी

**बेरमो :** सिख धर्म के प्रवर्तक और सिखों के प्रथम गुरु श्री गुरुनानक देव के प्रकाशोत्सव पर प्रभातफेरी निकाली गई। जिसमे बड़ी संख्या में सिख समाज के पुरुष और महिला शामिल हुए। प्रभात फेरी में साध-संगत सबद गाते लोग चलते रहे।'गुरु नानक की वडियाई सिमर , नानक घर के गोले,है तन मन वसया सोई, सुख तेरा दित्ता लाए' शब्दों से पूरा क्षेत्र गूंजता रहा। लोगों में प्रफातफेरी को लेकर काफी उत्साह था। प्रभातफेरी जवाहर नगर गुरुद्वारा से निकल कर फिल्डकयारी होते हुए सुभाषनगर चौक पहुंची। भाजपा नेता शनि सिंह ने साथ संगत के लिए चाय नाश्ता का प्रबंध किया। इसके बाद गुरूद्वारा मे लंगर का आयोजन किया। प्रभात फेरी मे भाजपा नेता प्रकाश कुमार सिंह व अर्चना सिंह सहित कमिटी के उपाध्यक्ष शरण सिंह राणा, तरसेम सिंह, लैना सिंह, विवेक चतुर्वेदी,प्रताप सिंह, मनोज जैना,मंचु सिंह सहित काफी संख्या मे स्कूली बच्चे शामिल हुए।

### भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा ने मनाया संविधान दिवस



**बेरमो :** संविधान दिवस पर रविवार को फुसरो के राजेंद्र स्मृति भवन में भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा बोकारो जिला द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें पूर्व विधायक योगेश्वर महतो बाटुल,भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष गिरिजा देवी, भाजपा नेत्री डॉक्टर उषा सिंह, प्रकाश कुमार सिंह,अर्चना सिंह, फटीर चन्द्र दास, विनोद कुमार, देवी दास आदि उपस्थित होकर पुष्पांजली अर्पित किया। मौके पर उपस्थित लोगो ने कहा कि हर भारतीय के लिए 26 नवंबर का दिन खास अहमियत रखता है। 1949 में आज ही के दिन संविधान सभा ने मौजूदा संविधान को अपनाया था। इसे पूरा करने में 2 साल, 11 महीने और 18 दिन लगे थे। 26 जनवरी 1950 को यह लागू हुआ। देश 26 नवंबर को संविधान दिवस के तौर पर मनाया जाता है। संविधान दिवस मनाने की शुरूआत 2015 में हुई थी। 25 नवंबर 1949 को संविधान सभा की आखिरी बैठक थी। इसमें बाबा साहब भीम राव आंबेडकर ने समापन भाषण दिया था। उन्होंने कई चुनौतियों का जिक्र किया था। आंबेडकर ने इसमें आर्थिक और सामाजिक असमानता पर मसला उठाया था। पुराना बिडिओ ऑफिस से फुसरो तक जुलूस निकाला गया। इस कार्यक्रम में संत सिंह,विनोद महतो, प्रमोद राम, दिनेश सिंह, रामू तांती, चंदन राम, कृष्ण रजवार, वैभव चौरसिया, भरत वर्मा, सुमित सिंह, दिनेश यादव, दीपक गिरि, कुंज बिहारी प्रसाद, मूलचंद खुराना, नवल किशोर सिंह, वीणा देवी, लाल मोहन महतो, दीपक बाउरी, राकेश बाउरी, अनिल गुप्ता, मोहन महतो, अर्जुन रविदास, मनोज कुमार, सूरज सिंह राठौर ,जितेंद्र सिंह आदि मुख्य रूप से उपस्थित हुए।

### अनुसूचित जाति मोर्चा ने मनाया संविधान दिवस



**गुवा :** अनुसूचित जाति मोर्चा पश्चिमी सिंहभूम चाईबासा की ओर से संविधान गौरव दिवस बहुत ही धूमधाम से जगन्नाथपुर विधानसभा के सारंडा मंडल किरीबुरू में अनुसूचित जाति मोर्चा के अध्यक्ष शंभू हाजरा के नेतृत्व में मनाया गया। इस दौरान श्री हाजरा ने उपस्थित लोगों को शपथ पढ़ाई । साथ ही भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। उन्होंने संविधान के प्रति भारत को एक संपूर्ण प्रभुत्व, संपन्न समाजवादी पंथनिरपेक्ष लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने के लिए और उसके समस्त नागरिकों को सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक न्याय, विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता, प्रतिष्ठा और अवसर की समता प्राप्त कराने के लिए और उन सब में व्यक्ति की गरिमा और राष्ट्र की एकता और अखंडता सुनिश्चित करने वाली बंधुता बढ़ाने के लिए दृढ़ संकल्प होकर अपनी इस संविधान सभा में 26 नवम्बर 1949 ई को एतद द्वारा इस संविधान को आत्मार्पित करते हैं। अंगीकृत, अधिनियमित और आत्मार्पित करते हैं। इस दौरान मौके पर सारंडा अनुसूचित जाति मोर्चा के अध्यक्ष बिरू करुवा, मीडिया प्रभारी मनीष कुमार पासवान, सूरज करुवा, शिवकुमार गुप्ता, प्रफुल्लों महाकुड, मधुसूदन तुबिद, पिंकु सिंह सहित अन्य मौजूद थे।

### लुगुबुरु घंटाबाड़ी जा रही मारुति दुर्घटनाग्रस्त, 8 लोग घायल

**बेरमो :** लुगुबुरु घंटाबाड़ी ललपनिया में आयोजित अंतरराष्ट्रीय धर्म महासम्मेलन में भाग लेने जा रही मारुति कार रविवार की सुबह दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे में मारुति पर सवार दो बच्चों समेत 8 श्रद्धालु घायल हो गए। गोमिया के पुराना सिनेमा हॉल के निकट अहले सुबह करीब 3 बजे मारुति कार बरगद पेड़ के चबूतरे से टकरा गई। जानकारी के अनुसार, जामताड़ा निवासी श्रद्धालु कार से ललपनियां स्थित लुगु बुरु बाबा के दर्शन के लिए जा रहे थे।ड्राइवर ने बताया कि गाड़ी पर सवार लोगों से उसने कहा कि नींद आ रही है, लेकिन उनलोगों ने एक नहीं सुनी और कहा कि थोड़ी ही दूर है, जल्दी पहुंच जाएंगे। इसी दौरान रास्ते में उसे झपकी आ गई और कार चबूतरे से जा टकराई। कार पर सवार 4 पुरुष, दो महिलाएं और दो बच्चे घायल हो गए। एक महिला को गहरी चोट लगी है। धायलों का इलाज गोमियां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कराया गया।

संपादकीय

# युद्ध या अंतर्राष्ट्रीय कूटनीति का अखाड़ा

गाजा में युद्धविराम और बंधकों की दोनों तरफ से रिहाई के बाद वहां की बबार्दी पर भी सोचने की जरूरत है। इजराइल द्वारा मारे गए लोगों की संख्या 14,532 थी, अतिरिक्त 7,000 लोग लापता थे, जिनके मलबे में दबे होने की संभावना थी। इस आंकड़े का चालीस प्रतिशत बच्चों से बना है, और महिलाएं और बच्चे मिलकर मरने वालों की संख्या का लगभग दो-तिहाई हिस्सा हैं। 21वीं सदी में किसी भी संघर्ष में इतनी दर से बच्चे मारे नहीं गए। गाजा की अस्सी फीसदी आबादी बेघर हो गयी है। इजरायली कैबिनेट के लगभग हर सदस्य ने ऐसे बयान दिए हैं जो गाजा में नरसंहार और/या जातीय सफाए का मुखर समर्थन करते हैं। और फिर भी, पश्चिमी दुनिया के नेता, कुछ सम्मानजनक अपवादों के साथ, आत्मरक्षा के अधिकार के स्वाभाविक विस्तार के रूप में या हमास के 7 अक्टूबर के नरसंहार के अपरिहार्य परिणाम के रूप में इजराइल के नरसंहार को वैध बनाना और समर्थन करना जारी रखते हैं। इस खूनी युद्ध की पृष्ठभूमि में



इसकी पक्षपातपूर्ण भावना को देखा जा सकता है। गाजा इतना छोटा और घनी आबादी वाला है कि युद्ध की क्रूरता को आसानी से समझे जा सकता है। बंद सीमा के बीच के क्षेत्र पर बमबारी कर उसे अधीन कर लिया जाता है। इसकी उत्तरी आबादी को इजरायल ने कथित तौर पर अपनी सुरक्षा के लिए दक्षिण की ओर जाने के लिए मजबूर किया, और फिर उत्तर को मलबे में तब्दील कर दिए जाने के बाद अधिक बमबारी की धमकी के तहत फिर से स्थानांतरित होने का आदेश दिया। इक्कीस हजार मृत और बीस लाख लोग, जो सर्दियों के करीब आते ही अधिकांश समय तंबू में रहते हैं, भूखे, प्यासे और बीमारी के खतरे में रहते हैं, उन्हें हमास को खत्म करने के इजरायल के सैन्य उद्देश्य के अनुपात में संपार्श्विक क्षति के रूप में वर्गीकृत किया गया है। यूनाइटेड किंगडम और जर्मनी की सरकारें और विशेष रूप से, संयुक्त राज्य अमेरिका की सरकारें इस बात पर जोर दे रही हैं कि जब तक इजराइल हमास को नष्ट नहीं कर देता, तब तक युद्धविराम का कोई आह्वान नहीं किया जाएगा। दरअसल इस युद्ध की स्थिति के बीच रूस और चीन के हस्तक्षेप और उनकी पहल पर कतर द्वारा युद्धविराम की पहल एक नई वैश्विक कूटनीतिक व्यवस्था बनाती नजर आती है। अरब देश अभी पशोपेश में हैं क्योंकि सोवियत संघ के विखंडन के बाद अधिकांश ने अमेरिका के प्रभुत्व को स्वीकार कर लिया था। अब चीन और रूस की मिली जुली कूटनीति से नई उम्मीद दिखाई पड़ी है। गाजा विश्व जनमत को आकार देने में एक विभक्ति बिंदु की तरह प्रतीत होता है क्योंकि पश्चिम के नेताओं - ऋषि सुनक और कीर स्टारर और ओलाफ स्कोल्ज और जो बाइडेन ने इस बार, समान होने का दिखावा नहीं किया। स्टार्मर ने सार्वजनिक रेडियो पर घोषणा की कि इजराइल गाजा को घेरने और पानी और बिजली काटने का हकदार है। जर्मन सरकार ने फिलिस्तीनी मुद्दे के समर्थन में पोस्ट करने वाले आप्रवासियों को निर्वासित करने की धमकी दी। बाइडेन ने हथियारों के शिपमेंट में तेजी लाई और सैन्य सहायता में चौदह अरब डॉलर का वादा किया। यह फिलिस्तीनियों के प्रति पश्चिम की शत्रुता की निर्लज्जता है, जो उसके पारंपरिक पाखंड के विपरीत है, जो इस क्षण को ऐतिहासिक बनाती है। ऐसा क्यों हुआ, इस पर अब इतिहासकारों द्वारा लगातार बहस होती रहेगी, लेकिन समकालीन होने के नाते हम कारणों का अनुमान लगा सकते हैं। पश्चिमी सरकारों में हमेशा से इजराइल को एक कठिन पड़ोस में रहने वाले पश्चिमी देश के रूप में देखने की प्रवृत्ति रही है। यूरोप के मध्य में नरसंहार के बाद इजराइल की स्थापना, इजराइल के निर्माण में यूरोपीय अशकेनाजी यहूदियों की महत्वपूर्ण भूमिका ने इसे एक प्रकार का मानद यूरोपीय राष्ट्र होने का दावा दिया। इससे पहले यूक्रेन के साथ भी कुछ ऐसा ही हुआ है। पश्चिमी देशों ने उसे बढ़ावा देकर चने की झाड़ पर चढ़ा दिया और उनकी सैन्य मदद में कटौती हो रही है। इस आरोपित भू-राजनीतिक माहौल में, हमास द्वारा इजरायली नागरिकों का नरसंहार इस्लामवादियों की बर्बरता के खिलाफ इजरायल के साथ पश्चिमी एकजुटता के लिए एक आक्रोश और संकेत दोनों लग रहा था। जैसा कि वामपंथी और दक्षिणपंथी यूरोपीय सरकारों ने आप्रवासन को प्रतिबंधित करने का कदम उठाया है, जिसका चेहरा मुस्लिम प्रवासी हैं, उन्होंने अवज्ञाकारी अल्पसंख्यकों को अनुशासित करने और दंडित करने के एक तरीके के रूप में यहूदी-विरोधी आरोप का उपयोग करना चुना है। सिक्के का दूसरा पहलू इजराइल की सही या गलत विदेश नीति है जिसने गाजा को जातीय सफाए और नरसंहार के कगार पर ला खड़ा किया है। साफ है अमेरिका वनाम रूस और चीन की कूटनीतिक घेराबंदी के बीच पहले यूक्रेन और अब गाजा प्रयोगशाला बना हुआ है। शीतयुद्ध काल की समाप्ति के बाद यह अंतर्राष्ट्रीय समीकरण पूरी दुनिया को अस्थिर कर सकता है।

# थोड़ा सा यूं भी सोच कर देख ले अगर !!

हम क्या बचा सकते हैं... और क्या मिटा सकते हैं...... ये निर्भर सिर्फ.एक ही बात पर करता है.... कि हम आखिर चाहते क्या हैं.... हम सब के सब चाहते हैं.... पढ़-लिख कर अपने लिए एक अदद नौकरी या कोई भी काम.... जो हमारी जिंदगी की जरूरतें पूरी करने के लिए पर्याप्त धन मुहैया करवा सके.... जिससे हम अपने परिवार का भरण-पोषण कर सकें... तथा शादी करके एक-दो बच्चे पैदा करके चैन से जीवन-यापन कर सकें...!

मगर यहाँ भी मैंने कुछ झूठ ही कह दिया है....क्यूंकि अब परिवार का भरण पोषण करना भी हमारी जिम्मेवारी कहाँ रही.... माँ-बाप का काम तो अब बच्चों को पाल-पोस कर बड़ा करना और उन्हें काम-धंधे पर लगा कर अपनी राह पकड़ना है.... बच्चों से अपने लिए कोई अपेक्षा करना थोडी ना है....! वो मरे या जिए बच्चों की बला से.....!



**राजीव थेपड़ा**
स्तंभकार

खैर ये तो विषयांतर हो गया.... मुद्दा यह है कि हम जिन्दगी में क्या चुनते हैं... और उसके केन्द्र में क्या है....!! और उत्तर भी बिल्कुल साफ है.... कि सिर्फ-व-सिर्फ. अपना परिवार और उसका हित चुनते हैं... इसका मतलब ये भी हुआ कि हम सबकी जिन्दगी में समाज कुछ नहीं.... और उसकी उपादेयता शायद शादी-ब्याह तथा कुछेक अन्य अवसरों पर रस्म अदायगी भर पूरी के लिए है.... यानि संक्षेप में यह भी कि समाज होते हुए भी हमारे रोजमर्रा के जीवन से लगभग नदारद ही है...! और कुछेक अवसरों पर वो हमारी जीवन में अवांछित या वांछित रूप से टपक पड़ता है....! समाज की जरूरतें हमारी जरूरते नहीं हैं...... और हमारी जरूरते समाज की नहीं....!!

अब इतने सारे लोग धरती पर जन्म ले ही रहें हैं... और वो भी हमारे आस-पास ही.... तो कुछ-ना-कुछ तो बनेगा ही....! समाज ना सही.... कुछ और सही.... और उसका कुछ-ना-कुछ तो होगा ही.... ये ना सही....! कुछ और सही...! तो समाज यथार्थ होते हुए भी दरअसल विलुप्त ही होता है....! जिसे अपनी जरुरत से ही हम अपने पास शरीक करते है... और जरुरत ना होने पर दूध में मक्खी की तरह बाहर.... तो जाहिर है जब हम सिर्फ-व-सिर्फ. अपने लिए जीते हैं.... तो हम किसी को भी रौंद कर बस आगे बढ़ जाना चाहते हैं....! इस प्रकार सब ही तो इक दूसरे को रौदने के कार्यक्रम में शरीक हैं... और जब ऐसा ही है.... तो ये कैसे हो सकता है भला कि इक और तो हम जिन्दगी में आगे बढ़ने की होड़ में सबको धक्का देकर आगे बढ़ना चाहें और दूसरी ओर ये उम्मीद भी करें कि दूसरा हमारा भला चाहे....!!



ऐसी स्थिति में हम...... हमारा काम......... और हमारी नौकरी ही हमारा एक-मात्र स्वार्थ... एक-मात्र लक्ष्य.... एक-मात्र.... एक-मात्र अनिवार्यता हो जाता है.... वो हमारी देह की चमड़ी की भांति हो जाता है.... जिसे किसी भी कीमत पर खोया नहीं जा सकता.... फिर चाहे जमीर जाए... चाहे ईमान... चाहे खुद्दारी.... चाहे अपने व्यक्तित्व की सारी निजता.....!! हाँ इतना अवश्य है कि कहीं...कभी सरेआम हमारी इज्जत ना चली जाए.....!!.....मगर ऐसा भी कैसे हो सकता है... कि एक ओर तो हम सबकी इज्जत उछालते चलें... दूसरी और ये भी चाहें कि हमारी इज्जत ढकी ही रहे.... सो देर-अबेर हमारी भी इज्जत उतर कर ही रहती है.... !!

दरअसल दुनिया के सारे कर्म देने के लेने हैं.... और यह सारी जिन्दगी गुजार देने के बाद भी हम नहीं समझ नहीं पाते.... ये भी बड़ा अद्भुत ही है ना कि दुनिया का सबसे विवेकशील प्राणी और प्राणी-जगत में अपने-आप सर्वश्रेष्ठ समझने वाला मनुष्य जिन्दगी का जरा-सा भी पहाडा नहीं जानता... और जिन्दगी-भर सबके साथ मिलकर जीने के बजाय सबसे लड़ने में ही बिता देता है.... और सदा अंत में ये सोचता है.... कि हाय ये जिन्दगी तो यूँ ही चली गई...! कुछ कर भी ना पाये.....!!........ अब यह कुछ करना क्या होता है भाई....?? जब हर वक्त अपने पेट की भूख.... अपने तन के कपड़े... अपने ऊपर इक छत के जुगाड़ की कामना भर में पागल हो रहे... और पागलों की तरह ही मर गए.... तो ये कुछ करना भला क्या हुआ होता.....??

जिन्दगी क्या है.........? और इसका मतलब क्या....? सबके साथ मिलकर जीने में अगर जीने का आनंद है.... तो ये आप-धापी.... ये कम्पीटीशन की भावना.... ये आगे बढ़ने की साजिश-पूर्ण कोशिशें.... ये कपट... ये धूर्तता... ये बेईमानी... ये छल-कपट.... ये लालच... ये धन की अंतहीन.... असीम चाहत.... इस-सबको तो हर हालत में त्यागना ही होगा ही ना....!!??

जीने के लिए खाना यानी भोजन पहली और आखिरी जरुरत है.... जरुरत है... और इस जरुरत को पूरा करने के लिए धरती के पास पर्याप्त साधन और जगह.... मगर हमारी जरूरतें भी तो सुभान-अल्लाह किस-किस किस्म की हैं आज...??!! फेहरिस्त सुनाऊं क्या......?? तो जब हमारी जरूरतों का ये हाल है... तो हमारा हाल भला क्या होगा....... हमारी जरूरतों से उनको प्राप्त करने के साधनों से कई गुना कर दें.... हमारा वास्तविक हाल निकल आये!!

# सच्चे ज्ञान की खोज

एक राजा ने अपने मंत्री-परिषद के समक्ष तीन प्रश्न किए-
पहला - सबसे अच्छा मित्र कौन ?
दूसरा - सबसे अच्छा समय कौन ?
तीसरा - सबसे अच्छा काम कौन ?

प्रत्येक मंत्री ने उत्तर अलग-अलग सुझाए। किसी ने कहा ज्योतिषी द्वारा निर्धारित समय, कर्म तथा मित्र सर्वश्रेष्ठ है, किसी ने राजा के मित्र के रूप में मंत्री और सेनापति के नाम सुझाए। इन बातों से राजा पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा। वह जंगल की ओर चला, जहाँ एक ऋषि रहते थे। शाम के समय राजा अपने सिपाहियों सहित घोड़े पर सवार वन में पहुँचा। देखा ऋषि तो वहाँ नहीं, लेकिन एक कुटिया के बगल में एक बूढ़ा व्यक्ति अपना खेत कोड़ रहा है। वह



अपने सिपाहियों को बाहर खड़ा रहने का आदेश देकर उस बूढ़े के निकट गया। ऋषि के बारे में पूछा-बूढ़े ने कहा यह नाम तो उसी का है। राजा ने तीनों प्रश्न ऋषि से किए। ऋषि बीज बो रहे थे, राजा से भी मदद करने को कहा। राजा बीज बोता रहा, लेकिन उसे अपने प्रश्नों का कोई उत्तर नहीं मिला। जब अँधेरा घना हो गया, तो एक घायल के कराहने, चिल्लाने की आवाज सुनायी पड़ी। ऋषि ने राजा से कहा, चलें इसकी मदद करें। घायल व्यक्ति कराह रहा था। जब उसे होश आया तो वह राजा को देखते ही उसके चरणों में गिर पड़ा और क्षमा माँगने लगा।

राजा को आ?र्य हुआ यह कौन मनुष्य है। वस्तुत: वह राजा को मारने आया था, लेकिन सिपाहियों ने उसे घायल कर दिया था। अब वह राजा से ही क्षमा याचना करने लगा।

राजा को अपने प्रश्नों का उत्तर अभी तक नहीं मिला था। उन्होंने ऋषि से पूछा - ऋषि ने कहा आपके प्रश्नों का उत्तर तो मिल गया। सबसे अच्छा मित्र आपके सामने वाला है। सबसे अच्छा समय वर्तमान और सबसे अच्छा कर्म उपस्थित कर्म है। यदि ऐसा न होता, तो यह व्यक्ति आपका मित्र कैसे हो जाता, जो आपकी हत्या करने आया था?

नजरिया

# भविष्य के स्मार्टफोन कैसे होंगे?

तकनीक खुद को अपडेट करती रहती है। हर दस साल में इसका स्वरूप बदल जाता है। अब मोबाइल फोन को ही लीजिए। पिछले तीन दशकों में, मोबाइल फोन की क्षमताओं में काफी वृद्धि हुई है, और यह संभावना है कि भविष्य में भी ऐसा ही होगा। पर, बीते तीन दशकों में इसमें किस हद तक बदलाव आया है। पहले कीपैड फोन, फिर टच फोन अब फोल्डेबल फोन तक पहुंची मोबाइल की आगे की यात्रा कैसी होगी? इसे ' ह्युमन एआई पीन' से समझा जा सकता है। ह्यूमेन एआई पिन एक वियरेवल (पहनने योग्य उपकरण) है।



**डॉ. देवेन्द्र नाथ तिवारी**
स्तंभकार

यह वर्चुअल असिस्टेंट और अन्य सुविधाएं प्रदान करने के लिए एआई का उपयोग करता है। Human AI Pin जैसे उपकरण इस दिशा में एक कदम हैं। ये पिन उपयोगकर्ता के संदर्भ को समझने और प्रासंगिक जानकारी प्रदान करने के लिए सेंसर और एआई तकनीक का उपयोग करते है। मसलन, यदि कोई उपयोगकर्ता सड़क पर चल रहा है, तो अकपिन अपने कैमरे का उपयोग वस्तुओं और स्थलों की पहचान करने के लिए कर सकता है। मोबाइल स्मार्टफोन के भविष्य पर कोई अटकल लगाने से पहले एआई पिन की खासियत को जानना भी जरूरी है।

> **मसलन, यदि कोई उपयोगकर्ता सड़क पर चल रहा है, तो अक पिन अपने कैमरे का उपयोग वस्तुओं और स्थलों की पहचान करने के लिए कर सकता है।**

1. वर्चुअल असिस्टेंटः मानव एआई पिन एक वॉयस-एक्टिवेटेड वर्चुअल असिस्टेंट के रूप में कार्य कर सकता है। उपयोगकर्ता अपने हाथों को इस्तेमाल किए बिना, पिन से बात करके अपने अनुरोधों को दे सकते हैं।
2. फोटो और वीडियोग्राफीः मानव एआई पिन का उपयोग तस्वीरें और वीडियो लेने के लिए किया जा सकता है। पिन का कैमरा उच्च-गुणवत्ता की छवियों और वीडियो को कैप्चर करने में सक्षम है।
3. संचारः मानव एआई पिन का उपयोग टेक्स्ट भेजने और कॉल करने के लिए किया जा सकता है। पिन में एक माइक्रोफोन और एक स्पीकर है जो आवाज को संचारित करने में सक्षम है।
4. सूचनाः मानव एआई पिन उपयोगकर्ता के संदर्भ को समझने और प्रासंगिक जानकारी प्रदान करने में सक्षम है। उदाहरण के लिए, यदि उपयोगकर्ता सड़क पर चल रहा है, तो पिन अपने कैमरे का उपयोग वस्तुओं और स्थलों की पहचान करने के लिए कर सकता है।

इस एआई पिन के फीडबैक अच्छे हैं। बहरहाल यह टेस्टिंग फेस में है। सिलिकॉन वैली और आस पास के कुछ मित्रों को मिली ह। फिलहाल इसके तीन मॉडल लांच किये गए हैं। इनकी कीमत 699-799 डॉलर तक है। अगले कुछ महीनों में यह आम यूजर्स के लिए लॉंच होगी। ऐसी संभावना जतायी जा रही है कि आने वाले दिनों में हाथ में फोन लेकर चलना जरूरी नहीं रह जाएगा। बल्कि वियरेवल डिवाइस से फोन जैसे बात किया जाएगा।

एक अन्य संभावना यह है कि मोबाइल फोन अधिक परिष्कृत हो जाएंगे। वे 3ऊइमेजिंग, मल्टी-मॉडम कनेक्टिविटी और उच्च-रिजॉल्यूशन डिस्प्ले जैसी नई सुविधाओं को सपोर्ट कर सकते हैं। ये सुविधाएं मोबाइल फोन को अधिक उत्पादक और मनोरंजक बना सकती हैं।

यह भी संभव है कि मोबाइल फोन अधिक पर्सनालाइज्ड हो जाएंगे। वे उपयोगकताओं के स्वास्थ्य और फिटनेस को ट्रैक करने, उनके आसपास की दुनिया के बारे में जानकारी प्रदान करने और यहां तक कि उनके मनोदशा को बेहतर बनाने के लिए कंफिगर्स किए जा सकते हैं। ये सुविधाएं मोबाइल फोन को अधिक उपयोगी और सहायक बना सकती हैं।

तो आने वाले दौर में मोबाइल फोन कैसा होगा? यह अभी भी स्पष्ट नहीं है, लेकिन एक बात निश्चित हैः तकनीक के निरंतर विकास के साथ, मोबाइल फोन हमारे जीवन में और अधिक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे. भविष्य ऐसी ही डिवाइसों का है।

**(लेखक संचार, एआई और तकनीकी के जानकार हैं)**

जानकारी

# दिल्ली से लेह तक सड़क यात्रा



यदि आप भारत या दुनिया के सबसे खूबसूरत हिस्सों में से एक में जाने के बारे में सोचते हैं, तो लेह चार्ट में शीर्ष पर होगा! केंद्र शासित प्रदेश, लद्दाख की राजधानी, लेह से हिमालय का शानदार दृश्य दिखाई देता है। यह आपको अनंत काल तक बर्फ से ढके पहाड़ों को देखते हुए बांधे रख सकता है, आपको इसके ऊबड़-खाबड़ परिदृश्य का आनंद लेने देता है और बिना किसी अशुद्धियों के इसके आकर्षक दृश्य को नुकसान पहुंचाए साफ आकाश को देखने देता है। इस शहर में आपको देने के लिए इतना कुछ है कि दिल्ली से लेह तक की 10 दिनों की सड़क यात्रा योजना भी इसे पूरी तरह से देखने के लिए पर्याप्त नहीं होगी। लेकिन नीचे हमने आपके लिए यह सब योजना बनाई है, और आप निश्चित रूप से केवल दस दिनों में उस स्थान पर घूमने लायक हर चीज का आनंद ले सकते हैं। चूँकि आप भारत के सबसे आश्चर्यजनक शहरों में से एक के सबसे अच्छे हिस्से का पता लगाने के लिए सड़क यात्रा पर हैं, तो पूरी यात्रा को सार्थक बनाना बेहतर है। और इसीलिए हम सर्वोत्तम संभावित तरीकों की सूची बना रहे हैं जिनके माध्यम से आप अपनी यात्रा को रोमांचक और फायदेमंद बना सकते हैं।

# Hono1 100 Pro लॉन्च हुआ

नई दिल्लीः Honor 100 को कंपनी ने चीन में लॉन्च कर दिया है। यह सीरीज Honor 90 की सक्सेसर है। सीरीज में Honor 100 और Honor 100 Pro को पेश किया गया है। फोन में 120Hz FHD+ डिस्प्ले दिया गया है। यह एक OLED डिस्प्ले है। डिवाइस को 5000एमएएच बैटरी से लैस किया गया है। यह Snapdragon 7 Gen 3 SoC के साथ आता है। जबकि प्रो वेरिएंट में Snapdragon8 Ge»n 2 चिपसेट है। आइए जानते हैं इसकी कीमत और सभी स्पेसिफिकेशंस के बारे में।



Honor 100, Honor 100 Pro price, availability

Honor 100 फोन तीन रैम कंफिग्रेशन में आता है। इसका 12 जीबी रैम, 256 जीबी स्टोरेज वेरिएंट CN 2,499 (लगभग 29,200 रुपये) में आता है। फोन का 16 जीबी रैम, 256 जीबी स्टोरेज वेरिएंट उठ 2,799 (लगभग 32,700 रुपये) में आता है। और 16 जीबी रैम, 512 जीबी स्टोरेज वेरिएंट उठ 2,999 (लगभग 35,000 रुपये) में आता है।

Honor 100 Pro की बात करें तो इसका 12 जीबी रैम, 256 जीबी स्टोरेज वेरिएंट CN 3,399 (लगभग 39,700 रुपये) में आता है। फोन को 16 जीबी रैम के साथ 256 जीबी, 512 जीबी, 1TB स्टोरेज के साथ खरीदा जा सकता है जिसकी कीमत क्रमशः CNY 3,699 (लगभग 43,200 रुपये), CN 3,999 (लगभग 46,700 रुपये), और CN 4,399 (लगभग 51,400 रुपये) है।

साइबर दुनिया

कलर ऑप्शंस की बात करें तो Bright Black, Butterfly Blue, Monet Purple, और Moon Shadow White में ये प्री ऑर्डर के लिए उपलब्ध हैं। सेल 1 दिसंबर से शुरू होगी। TMa'' और JD साइट के अलावा ये Honor ऑनलाइन स्टोर से भी खरीदे जा सकेंगे।

## टॉप ट्वीट

"एनसीसी राष्ट्र की अखंडता, एकता, अनुशासन और सेवा के मूल्यों को सशक्त करता है। यह भारत की विविधता और हमारी जीवंत 'युवा शक्ति' की जबरदस्त प्रतिभा को प्रदर्शित करता है।"

**राजनाथ सिंह**
**केंद्रीय रक्षा मंत्री**





"अवॉर्ड से सम्मानित होने के बाद जैकलीन काफी खुश दिख रही हैं।फैंस जैकलीन की इन तस्वीरों को खूब लाइक कर रहे हैं और इस अचीवमेंट पर उन्हें बधाई भी दे रहे हैं। जैकलीन फर्नांडीस जल्द ही फिल्म क्रैक, फतेह और वेलकम टू द जंगल में नजर आएंगी।"

**जैकलीन फर्नांडीस**
**बॉलीवुड की जानीमानी अभिनेत्री**

संपादक के नाम पत्र

### अमेरिकी चुनाव में भारतवंशिय निक्की हेली का वर्चस्व

अमेरिकी नागरिकों का भारत के प्रति बढ़ता स्नेह और तेजगति से हिन्दू धर्म की तरफ आकर्षित होते अमेरिकियों का कोई सानी नही है ।वैसे तो कट्टरपंथी देशों में राधेश्याम ,हरे कृष्णा और सीताराम के जयकारे लगने लग रहे है ।सऊदी अरब में मन्दिर का निर्माण एक कौतूहल पैदा कर रहा है ।भारत और भारतवंशियों की विदेशो में भी बोलबाला है ।ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक भारतवंशी है और अमेरिका की उपराष्ट्रपति कमला हैरिस कैलिफोर्निया की पहली महिला उपराष्ट्रपति है ।भारतवंशी अनेक पदों को सुशोभित कर भारत का नाम रोशन कर रहे है ।ऋषि सुनक 2022 में कंजर्वेटिव पार्टी के नेता यूनाइटेड किंगडम के प्रधानमंत्री बने ।इसी क्रम में निक्की हेली का जनाधार अमेरिका में बढ़ता जा रहा है ।वे राष्ट्रपति चुनाव में अमेरिका में युवा चेहरा है ।जो डोनल्ड ट्रंप के बाद दूसरी जनाधार पार्टी के रूप में आगे बढ़ रही है ।निक्की हेली की लोकप्रियता बरकरार है ।अमेरिकावासियों के दिल मे भारतवंशियों का नाम सबसे आगे है ।अमेरिका में भारत के लोगो का विश्वास भरपूर है ।निक्की हैली की दानदाताओं ने भरपूर मदद की है ।इस बार हेली की जीत पर कोई ग्रहण नही लगता है तो 2024 में अमेरिका में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव में बाजी मार सकती है ।अमेरिका और ब्रिटेन दुनिया मे महासत्ता के नाम से जाने जाते है ।इन पर भारत वंशीय की बोलबाला होती है तो इससे बढ़कर भारत का गौरव और क्या हो सकता है ।निक्की की बढ़ती लोकप्रियता में अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में अहम भूमिका हो सकती है ।विदेश नीति में सुधार,गर्भपात के अधिकार पर हेली का रुख कही न कही सफलता की और अग्रसर हो रहा है ।जटिल मुद्दे उठाकर निक्की ने लीडरों को अपने पाले में कर दिए है जिससे उम्मीद बढ़ गई है ।हेली को मिलने वाले करोड़ो के फंड से यह तय है कि हेली चुनाव में परचम लहरा सकती है ।यह भारत के लिए सुखद समाचार है ।

**कांतिलाल मांडोत**

स्वस्तिक मीडिया वेंचर्स प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक और प्रकाशक रजत कुमार गुप्ता द्वारा वृंदा मीडिया पब्लिकेशन्स प्रा.लि., चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची से मुद्रित और एचआई 254, हरमू बाईपास रोड, हरमू हाउसिंग कालोनी, रांची से प्रकाशित। सम्पादक - रजत कुमार गुप्ता
RNI No- JHAHIN/ 2008/ 26373, email-rastriyakhabarhn@gmail.com, www.rashtriyakhabar.com, Phone No. 0651-2244605, 2244505

## शहर >> अपडेट

### संविधान की प्रस्तावना का किया गया पाठ

**हजरीबाग:** हजारीबाग 26 नवंबर,भारत के संविधान दिवस के अवसर पर समाहरणालय सभागार में रविवार को संविधान की प्रस्तावना पठन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर सर्वप्रथम संविधान के रचयिता डॉ भीमराव अम्बेडकर को याद किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान सहायक समाहर्ता सुलोचना मीणा के द्वारा संविधान की उद्देशिका और मूल कर्तव्य को समाहरणालय के सभी अधिकारियों व कर्मियों द्वारा सामूहिक रूप से पढ़ा गया।

## सिटी अपडेट्स >>

### बद्रीनारायण ओझा के निधन पर कांग्रेसियों ने किया शोक व्यक्त

**हजारीबाग:** हजारीबाग जिला कांग्रेस कार्यालय कृष्ण बल्लभ आश्रम में वरिष्ठ कांग्रेसी नेता सह समाजसेवी बद्रीनारायण ओझा जी के आकस्मिक निधन पर शोक सभा का आयोजन किया गया। आयोजित शोक सभा में अपना शोक व्यक्त करते हुए जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार यादव ने कहा कि ये कांग्रेस के हितैषी प्रखर समामाजसेवी, मृदुभाषी और मिलनसार व्यक्ति थे। इनके निधन से कांग्रेस ने कांग्रेस का एक सच्चा सिपाही खो दिया है । इनके निधन से कांग्रेस की भारी क्षति हुई है जिसकी पूर्ति तत्काल संभव नही। शोक सभा के अंत मे कांग्रेसियो द्वारा दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति व इस संकट घड़ी मे इनके परिजनों को धैर्य तथा सहन शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की गई। शोक सभा में प्रदेश सचिव बिनोद सिंह उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता निसार खान, कृष्णदेव प्रसाद सिंह, जावेद इकबाल, सलीम रजा, कजरू साव, अर्जुन सिंह, कौशल कुमार सिंह, मो. मुस्ताक, अमर सिंह यादव, प्रितम साव, मुगेश्वर प्रसाद चौधरी, सैयद अशरफ अली, अख्तर हुसैन, मुकेश साव आदि उपस्थित थे।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### भारतीय संविधान में तानाशाही के लिए कोई जगह नहीं: प्रो बीपी सिंह

**हजारीबाग :** हजारीबाग भारत के संविधान निमार्ताओ ने स्वतंत्र भारत के निर्माण को आर्थिक न्याय और समाजवादी लोकतंत्र पर आधारित किया है। उक्त बातें प्रो बीपी सिंह ने कही। विनोबा भावे विश्वविद्यालय में रविवार को संविधान दिवस पर आयोजित कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि प्रो सिंह संबोधित कर रहे थे। उन्होंने आगे कहा कि भारत ने ना तो अमेरिका की भांति न्यायिक सर्वोच्चता को और ना ही इंग्लैंड की भांति संसद की सर्वोच्चता को स्वीकार किया है। भारत के संविधान निमार्ताओ ने भारत में संविधान की सर्वोच्चता के माध्यम से विधि के शासन को अपनाया है। इसमें व्यक्ति के शासन का कोई स्थान नहीं है। इसी कारण भारत के संविधान में तानाशाही के लिए कोई जगह नहीं है। विशिष्ट वक्ता के रूप में अपने विचार रखते हुए डॉ प्रमोद कुमार ने कहा की संविधान सभा में हजारीबाग से दो सदस्य थे। बाबू राम नारायण सिंह ने जहां पंचायती राज के प्रावधानों को संविधान में जोड़ने की बात कही थी वही कृष्ण बल्लभ सहाय ने भूमि सुधार के बिंदुओं को संविधान में आत्मसात करने पर बल दिया था। इससे पूर्व आचार्य विनोबा भावे के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। विश्वविद्यालय के कुलसचिव सह वाणिज्य विभाग के संकायअध्यक्ष डॉ मोख्तार आलम ने स्वागत संबोधन प्रस्तुत किया। राजनीति विज्ञान विभाग के प्राध्यापक डॉ अजय बहादुर सिंह ने सदन में उपस्थित सभी से संविधान की प्रस्तावना का शपथ पाठ करवाया। राजनीति विज्ञान विभाग के अध्यक्ष डॉ सुकल्याण मोइत्रा ने कार्यक्रम का संचालन किया।

**कार्रवाई** बगैर अनुमति के सरकारी कार्य करने वाले पदाधिकारी पर नहीं हुई कार्रवाई

# भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा को हटाने नहीं दिया जायेगा: रंजीत

▶▶ प्रतिमा को अवैध करार दिया जाना दुर्भाग्यपूर्ण है

▶▶ वन विभाग राजनीतिक दबाव में आकर करवाई कर रही है



राष्ट्रीय खबर

**बरही:** बरही प्रखंड अंतर्गत खोडाहर पंचायत के जतरा मेला टांड़ में भगवान बिरसा मुंडा के प्रतिमा स्थापित करने पर वन विभाग की कार्रवाई के खिलाफ लोगों में खासा आक्रोश देखा जा रहा है। वन विभाग ने प्रतिमा को अवैध करार दिया है। मामले में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश मीडिया प्रभारी रंजीत चन्द्रवंशी ने कहा कि जिस धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा ने अपने अदम्य साहस से अंग्रेजों के दांत खट्टे कर दिया। जिनके नाम पर झारखंड राज्य की पहचान है आज उनके ही प्रतिमा को अवैध करार दिया जाना दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि वन विभाग राजनीतिक दबाव में आकर करवाई कर रही है। उन्होंने कहा कि मामले में वन विभाग ने तब कार्रवाई की जब एक तरफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर उनके गाँव आकर भगवान बिरसा मुंडा को याद कर रहे थे, उसी समय वन विभाग ने भगवान बिरसा मुंडा के प्रतिमा को अवैध करार दिया। उन्होंने कहा कि वन विभाग अब तक प्रतिमा लगाने के आरोप में एक आदिवासी युवक, एक महिला और एक अतिपिछडी महिला समेत दर्जनों अज्ञात पर दो केस कर चुकी है। यदि केस वापस नहीं लिया गया तो आदिवासी समाज आंदोलन करने को बाध्य होगी। वही श्री चन्द्रवंशी ने कहा कि जिस स्थल पर धरती आबा की प्रतिमा स्थापित की गई है उसी भूमि पर बिना एनओसी लिए चार सरकारी कार्य हुए है, लेकिन एक भी मामले में वन विभाग ने सरकारी अधिकारियों पर कार्रवाई क्यों नहीं की। उक्त स्थल पर भूमि समतलीकरण, बिरसा भवन, चबूतरा और स्टेज का निर्माण किया गया है। वन विभाग को सरकारी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि बिना एनओसी लिए सरकारी कार्य कैसे हुआ। उन्होंने वन विभाग पर राजनीतिक दबाव में केस करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि प्रतिमा स्थल बरही प्रखंड के लिए आदिवासी समाज की राजधानी जैसा स्थल बन गया है। उन्होंने कहा कि जिस स्थान पर भगवान बिरसा मुंडा कि प्रतिमा स्थापित किया गया है वहाँ राज्यस्तरीय जतरा मेला लगता है।

## बड़कागांव में मनाया गया संविधान दिवस



राष्ट्रीय खबर

**बड़कागांव:** बड़कागांव प्रखंड के विभिन्न सरकारी गैर सरकारी संस्थानों में संविधान दिवस मनाया गया। बड़कागांव के प्रखंड मुख्यालय में प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र कुमार मंडल की अध्यक्षता में संविधान दिवस के मौके पर संकल्प दिवस मनाया गया। बड़कागांव के चौक में संविधान निमार्ता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के आदम कद प्रतिमा स्थल के पास संविधान दिवस मनाया गया।इसकी अध्यक्षता रामेश्वर राम ने की। वक्ताओं ने कहा कि दुनिया की सबसे बड़ा संविधान भारत का संविधान है। और इसमें हर जाति धर्म के लोगों को हक और अधिकार मिला है। महिलाओं को सशक्त बनाने का अधिकार दिया गया है। भारत संविधान में किसी विशेष जाति का नहीं, बल्कि देश के नागरिकों हर तरह का अधिकार एवं मान सम्मान पूर्वक जीने का अधिकार दिया गया हैं। मौके पर रघुनाथ राम, रामवृक्ष राम, देवनारायण राम, महेश राम, प्रकाश राम, आदर्श मध्य विद्यालय के प्रबंधन समिति के अध्यक्ष संतोष राम, छुन्नू राम, सुकेश कुमार, नरेंद्र कुमार राम, रामचंद्र राम, संजय कुमार रवि, राजीव रंजन, चंदन गुरु, रवि कुमार, सुनील कुमार, अशोक कुमार, अशोक कुमार अविनाश, उदित कुमार, पवन कुमार, धर्मेंद्र राम, रोजगार सेवक शंभू रविदास, अविनाश कुमार आदि शामिल थे।

# स्कूल भवन निर्माण का विधायक ने किया शिलान्यास



राष्ट्रीय खबर

**पीरटांड़:** कुम्हरलालो पंचायत के प्लस टू उच्च विद्यालय में 84 लाख की लागत से स्कूल भवन बनेगा। जिसका शिलान्यास शनिवार को गिरिडीह विधायक सुदिव्य कुमार सोनू ,एसडीएम सहजादा परवेज सहित अन्य अधिकारियो की ने की। कार्यक्रम की अव्यवस्था को देख विधायक नाराज हो गए और संवेदक को मौके पर ही फटकार लगा दी। हालांकि यह काम पेटी ठेकेदार से कराया जा रहा है। जिस कारण मौके पर संवेदक उमेश सिंह उपस्थित नहीं थे। बता दें कि स्कूल प्रबंधन के बार बार आग्रह के बाद यहां दस कमरों वाला 84 लाख का दो मंजिला भवन बनेगा। शिलान्यास कार्यक्रम के लिए संवेदक ने केवल शिला पट बना दी बाकी कुछ नही किया। शिलापट में न ही प्राकलन राशि लिखा और न ही पूजा के लिए पंडित की व्यवस्था की। साथ ही विधायक को शिलान्यास के पहले ही पेटी संवेदक ने साढ़े तीन लाख पैसे बकाया रखने की शिकायत की, जिस पर विधायक ने संवेदक को पैसा जल्द लौटाने का निर्देश दिया। बहरहाल स्कूल भवन का शिलान्यास होने से स्कूल प्रबंधन व स्कूली बच्चे भी खुश दिखे। पर विधायक ने शिलान्यास होते ही स्कूल के प्राचार्य संजय कुमार को स्कूल भवन निर्माण में गुणवत्ता का ख्याल रखने का निर्देश दिया और उपस्थित लोगों को बता दिया कि दस कमरा निर्माण के लिए 84 लाख मिला है।

# पीरटांड़ में हुआ सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन



राष्ट्रीय खबर

**पीरटांड़:** पीरटांड़ प्रखंड के कुम्हरलालो पंचायत स्थित प्लस टू उच्च विद्यालय प्रांगण में शनिवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन गिरिडीह विधायक सुदिव्य कुमार सोनू, एसडीएम सहजादा परवेज, बीडीओ मनोज कुमार, प्रमुख सबिता टुडू, मुखिया अनिता बर्णवाल ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन को ले बीडीओ परेशान दिखे। वहीं अबुआ आवास आवेदन लेने में अव्यवस्था देखी गईं। काफी भीड़ थी जिस कारण कर्मी भी परेशान नजर आए। हांलाकि कार्यक्रम में सभी विभागों के द्वारा विभागवार स्टॉल लगाए गए थे। जहां लोगो के आवयश्कता अनुसार आवेदन लिए जा रहे थे। वहीं उपस्थित पदाधिकारियों ने प्रखंड एवं अंचल के विभिन्न विभागों के द्वारा लगाए स्टाल का निरीक्षण कर स्टाल में उपस्थित कर्मियों को शिविर में उपस्थित लाभुकों का सहयोग करने का निर्देश दिया। विधायक समेत अन्य वक्ताओं ने कहा कि राज्य सरकार समाज के हर वर्ग को समाज की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए ही कार्यक्रम आयोजित कर रही है। कहा कि प्रखंड एवं अंचल के शिविर में उपस्थित कर्मी ग्रामीणों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दें तथा ग्रामीणों को योजनाओं का लाभ दिलाने में सहयोग करें ताकि आमजनों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिल सके।बताते चले की शिविर में अबुआ आवास योजना, सर्वजन पेंशन योजना, पीएम आवास योजना, पीडीएस, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, शिक्षा विभाग, प्रज्ञा केंद्र, पशुपालन विभाग, जमीन संबंधित विभाग आदि का स्टाल लगाया गया था।

## छात्रों ने लहराया परचम शहर के चर्चित विद्यालय में हुआ नामांकन

राष्ट्रीय खबर

**हजारीबाग:** हजारीबाग सिंदूर के सियारी स्थित रेनबो किड्स स्कूल काफी कम समय में सफलता का परचम लहराया है। विद्यालय मेंअध्यनरत 15 छात्रों ने शहर के विभिन्न बड़े विद्यालयों में दाखिला के लिए अंतिम रूप से चयन हुए हैं।निदेशक विकेश मेहता ने बताया कि इस विद्यालय से 15 बच्चे ने विभिन्न स्कूलों में दाखिला के लिए आवेदन किया था,सभी ने इंटरव्यू में पास किया है। जिन छात्रों ने सफलता पाई है उसमे वृष्टि पांडे माउंट कार्मेल,शिवांशु मेहता होलीक्रॉस, एवम आद्विक राज ने माउंट फोर्ट सुमेंत कई बच्चे विद्यालय में सफल हो कर विद्यालय और अभिभावक का मान बढ़ाया है। मेहता ने यह भी कहा कि छठ पूजा के अवसर पर हमारे विद्यालय में नामांकन अभी निशुल्क है।इस सफलता पर संचालक शशिकांत मेहता ने खुशी जाहिर करते हुए बताया कि यहां बच्चों को विशेष रूप से विशेषज्ञ अनुभवी शिक्षिकाओं द्वारा तैयारी करवाई जाती है। संचालक ने यह भी बताया कि विद्यालय शुरू हुए काफी कम समय हुआ है और छात्रों को बेहतर संसाधन के माध्यम से विशेष तैयारी करवा कर विद्यालय ने नया कृतिमान बनाया है।बच्चों को तैयारी करवाने में अहम भूमिका शिक्षिका रिंकी कुमारी, नेहा मेहता इत्यादि शिक्षिकाओं ने निभाई है।

**आयोजन** हमारा संविधान समुचे दुनिया में लोकतंत्र का संवाहक

# हजारीबाग परियोजना में संविधान दिवस का आयोजन




राष्ट्रीय खबर

**हजरीबाग:** हजरीबाग रविवार को संविधान दिवस समारोह का आयोजन दाघानि के केन्द्रीय कार्यालय के सभागार में किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सह वक्ता प्रो (डॉ सुकल्याण मोइत्रा, अध्यक्ष, राजनीति विज्ञान विभाग सह जन संपर्क पदाधिकारी, विनोबा भावे विश्वविद्यालय, हजारीबाग एवं गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति के बीच संजय कुमार, निदेशक - सह- परियोजना प्रमुख अमीत कुमार शील, डॉ अशोक कुमार, विनय कुमार, विश्वजीत, दिपक कुमार, हजारीबाग की उपस्थिति में बड़े ही धूम-धाम से कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन करके किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत में सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए दाघानि हजारीबाग के परियोजना प्रमुख संजय कुमार ने कहा कि हमलोगों के संविधान के बने हुए 73 वर्ष हो चुके हैं लेकिन जब से हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने कार्यभार संभाला है। 2014 से प्रत्येक वर्ष 26 नवम्बर को संविधान दिवस मनाया जा रहा है। हमारा संविधान समुचे दुनिया में लोकतंत्र का संवाहक है और हमें इसपर गर्व है। मुख्यम अतिथि प्रो डॉ सुकल्याण मोइत्रा ने अपने संबोधन में कहा कि भारत सांस्कृतिक रूप से सबसे सशक्त, समृद्ध और पुराना देश है। हममें सभी को समाहित करने की परंपरा रही है । इसी के चलते आज भी हमारी परंपराएं अक्षुण्ण है। भारत को सबसे पुरानी सभ्यनता वाला देश बताते हुए कहा कि भारत एक मात्र ऐसा है जहाँ की संस्कृति प्रत्येक संस्कृति को अपने में समाहित करने की क्षमता रखती है । हमारे संविधान निमार्ताओं ने देश का किसी भी एक धर्म को अंगीकार न करके सभी धर्मों को समान रूप से सम्माान दिये जाने की बात कही है।

हमारी संस्कृति समरसता वाली रही है। सम्प्रदायिक सदभाव, सार्वजनिक सद्भाव और राष्ट्रीय एकता की ताकत को मजबूत करने के लिए हमें नैतिक रूप से बहुत मजबूत होना होगा। संविधान दिवस समारोह पुरानी परंपराओं, संस्कृति और सहिष्णुता की कीमत और भाईचारे की भारतीय समाज में एक बहु-धार्मिक और बहु-सांस्कृतिक धर्मो की पुष्टि करने के लिए सभी को एक नया अवसर प्रदान करता है। ये सांप्रदायिक सौहार्द बनाये रखने के लिए भी देश में निहित शक्ति और लचीलेपन को उजागर करने में सहायता करता है। इसके साथ ही सभी प्रकार के मतभेदों, भाषा, संस्कृति, धर्म, क्षेत्र और राजनैतिक आपत्तियों के विवादों को निपटाने में मददगार साबित होता है। सबसे महत्वपूर्ण बात जो उन्होंने कही कि लाख विरोधाभास के बावजूद सभी वर्गों की आस्था हमारे संविधान से जुड़ी हुई है जो हमारे संविधान को जीवंत और महान बनाता है। कार्यक्रम के दौरान हजारीबाग के जमीन से जुड़े पर्यावरणविद् मनोज कुमार जी, डॉ। राजकुमार चौबे, मनमथ नाथ मिश्र, नरेन्द्र त्रिवेदी, स्वपन कुमार भद्र, अर्द्धेन्दु द्वारी की गरीमामयी उपस्थिति रही।

## न्यूज फटाफट

### कर्णपुरा महाविद्यालय मेंशिक्षक अनिल कुमार के निधन पर शोकसभा



**बड़कागांव:** बड़कागांव कर्णपुरा महाविद्यालय के वनस्पति विज्ञान के शिक्षक अनिल कुमार का 25 नम्बर को आकस्मिक निधन होने पर कर्णपुरा महाविद्यालय में शोकसभा किया गया।जिसमें महाविद्यालय परिवार के लोगों ने उनके आत्मा को शांति प्रदान करने के लिए 2 मिनट मौन धारण कर प्रार्थना किया।विद्यालय के प्राचार्य कीर्तिनाथ महतो ने कहा कि दुखद घड़ी में उनके परिवार के लोगों को दुख सहने के लिए भगवान शक्ति प्रदान करें।शोक सभा में प्रो कृतिनाथ महतो, प्रोज्योति जलधर, प्रो निरंजन प्रसाद नीरज, प्रो फजरूद्दीन, प्रो नरेश कुमार दांगी, प्रो अनु कुमारी, प्रो ऋतुराज दास, प्रो रंजीत प्रसाद,प्रो पवन कुमार, लेखापाल सनवीर कुमार, नेमधारी राम अनिता कुमारी, धनुनाथ, धानेश्वर महतो सहित महाविद्यालय अन्य छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### संविधान दिवस व राष्ट्रीय कानून दिवस के अवसर पर पढ़ी गई प्रस्तावना



**हजारीबाग:** हजारीबाग संविधान दिवस के अवसर पर उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडलीय आयुक्त कार्यालय में आयुक्त के सचिव श्री बासुदेव प्रसाद, सभी अधिकारी और कर्मचारीगण के द्वारा कार्यालय में एकत्रित होकर प्रस्तावना पढ़ी गई एवं मौलिक कर्तव्यों को पूरी निष्ठा से वहन करने का प्रण लिया गया। सचिव श्री प्रसाद ने इस दिन की महत्ता को बताते हुए कहा कि यह दिन नागरिकों में संवैधानिक मूल्यों के प्रति सम्मान की भावना को बढ़ाने के लिए मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि इस संविधान दिवस पर हमें एक जिम्मेदार नागरिक बनकर अपने मौलिक कर्तव्यों और राष्ट्र के कानून का पालन करने की शपथ लेनी चाहिए। जिससे संविधान निमार्ताओं के सपनों के राष्ट्र का निर्माण होगा।आयुक्त के सचिव बासुदेव प्रसाद ने कार्यालय में उपस्थित सभी अधिकारी व कर्मचारीगण साथ ही इस प्रमंडल के सभी नागरिकों को संविधान दिवस की शुभकामनाएं दी।

### डीएवी पब्लिक स्कूल गुवा में सविधान दिवस मना

**गुवा:** डीएवी पब्लिक स्कूल गुवा में सविधान दिवस मना।इस अवसर परस्कूल के सभी शिक्षक एकजुट होसंविधानके निर्माण एवं उसकी माता पर चर्चा की।स्कूल के प्राचार्या उषा राय ने इस अवसर पर कहा कि 26 नवंबर 1949 का दिन स्वतंत्र भारत के इतिहास का बड़ा ऐतिहासिक दिन था। इसी दिन संविधान बनकर पूरा हुआ और उसे अपनाया गया। इसी दिन की याद में हर साल 26 नवंबर को संविधान दिवस मनाया जाता है। 26 नवंबर का दिन भारत में संविधान दिवस के तौर पर मनाया जाता है।हर भारतीय नागरिक के लिए 26 नवंबर संविधान दिवस बेहद गर्व का दिन है। कोई भी देश बिना संविधान के नहीं चल सकता। यह संविधान ही है जो अलग-अलग धर्मों व जातियों की भारत की 140 करोड़ की आबादी को एक देश की तरह जोड़ता है।

### संविधान दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा की हुई बैठक

**हजारीबाग:** हजारीबाग संविधान दिवस के अवसर पर जूलू पार्क स्थित मेहता विकास भवन में राष्ट्रीय ओ बी सी मोर्चा की एक बैठक की गई, जिसकी अध्यक्षता राष्ट्रीय ओ बी सी मोर्चा हजारीबाग जिला के जिला अध्यक्ष जे पी मेहता ने की। बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश सचिव अजय कुमार मेहता, सुरेश ठाकुर, जिला प्रवक्ता बसंत नारायण मेहता, ईचाक प्रखंड के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष मुकेश राणा, दारू प्रखंड अध्यक्ष अशोक कुमार कुशवाहा, जिला सचिव डॉ खेमलाल महतो, टाटीझरिया के विनोद कुमार कुशवाहा, बड़कागांव के मिथिलेश कुमार दांगी व अन्य पदाधिकारी गण एवं सदस्य शामिल हुए। बैठक में संगठन का विस्तार करते हुए ईचाक प्रखंड के भूनेश्वर प्र मेहता, ईचाक प्रखंड के ही समाज सेवी रेणू कुमारी, सदर से डॉ शशिभूषण कुशवाहा, सदर के वकिल सत्यम कुमार सोनी, मोहम्मद आरीफ अंसारी, बड़कागांव के नकुल महतो, ईचाक प्रखंड के शिक्षाविद अभिषेक कुमार समेत कई अन्य लोग राष्ट्रीय ओ बी सी मोर्चा की सदस्यता ग्रहण किये। बैठक में प्रदेश सचिव अजय कुमार मेहता ने कहा कि आगामी दिसंबर माह में राष्ट्रीय ओ बी सी मोर्चा के द्वारा पूरे झारखंड प्रदेश में ओ बी सी की 52% हिस्सेदारी जागरूकता रथ यात्रा निकाली जायेगी। प्रदेश सचिव सुरेश ठाकुर ने कहा कि अब झारखंड सरकार को भी अविलंब जाति सर्वेक्षण कराकर राज्य में ओबीसी को आबादी के अनुपात में 52% हिस्सेदारी मिले। जिला अध्यक्ष जे पी मेहता ने कहा कि ओबीसी समुदाय के सभी लोगो को आगे बढ़कर अपने हक और अधिकार के लिए आगे आना होगा।

### संविधान दिवस पर गुवा थाना में प्रस्तावना का शपथ पढ़ा गया

**गुवा:** गुवा थाना प्रांगण में संविधान दिवस के अवसर पर संविधान की आत्मा, प्रस्तावना एसडीपीओ अजीत कुमार कुजूर के दिशा निर्देशन में पढ़ा गया। इस दौरान गुवा थाना प्रभारी अनिल कुमार यादव और जवानों को संविधान के प्रस्ताव से संबंधित शपथ दिलाई हम भारत के लोग, भारत को एक सम्पूर्ण प्रभुत्व -सम्पन्न समाजवादी पंथनिरपेक्ष लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने के लिए और उसके समस्त नागरिकों को सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक न्याय, विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता, प्रतिष्ठा और अवसर की समता प्राप्त कराने के लिए और उन सब में व्यक्ति की गरिमा और राष्ट्र की एकता और अखंडता सुनिश्चित करने वाली बंधुता बढ़ाने के लिए दृढ़ संकल्प होकर अपनी इस संविधान सभा में 26 नवम्बर 1949 ई को एतद द्वारा इस संविधान को आत्मार्पित करते हैं।अंगीकृत, अधिनियमित और आत्मार्पित करते हैं। इस दौरान थाना प्रभारी अनिल कुमार यादव सहित पुलिस बल के जवानों को संविधान का पालन करने और दूसरे को कराने हेतु शपथ ली।

### विधायक ने दीप प्रज्वलित कर शिविर का किया उद्घाटन

**बड़कागांव:** बड़कागांव विधायक अम्बा प्रसाद बड़कागांव प्रखंड के सिकरी पंचायत में दूसरे दिन सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में शामिल होकर महागठबंधन सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाने हेतु ग्रामीणों को प्रेरित किया। शिविर में लगे सभी स्टॉलों का निरीक्षण कर समूचित व्यवस्था का जायजा लिया। झारखंड सरकार द्वारा आहूत सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत दूसरे दिन बड़कागांव प्रखंड के सिकरी पंचायत भवन प्रांगण में मुखिया प्रभु महतो की अध्यक्षता में शिविर का आयोजन किया गया।शिविर का उद्घाटन विधायक अंबा प्रसाद, प्रमुख फुलवा देवी,प्रखंड विकास प्राधिकारी जितेंद्र कुमार मंडल, अंचल अधिकारी बालेश्वर राम, उपप्रमुख बचनदेव कुमार सहित अन्य लोगों के द्वारा किया गया।

## प्रदेश >> अपडेट

### मोदी के मन की बात के 107 एपिसोड का प्रसारण

**महेशपुर (पाकुड़):** रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात के 107 एपिसोड का प्रसारण किया गया। जिसे महेशपुर मंडल अध्यक्ष साधन कुमार ठाकुर के नेतृत्व में बूथ नंबर 83 आदिवासी टोला में कार्यकर्ता एवं अन्य लोगों ने सुना। इस अवसर पर सुकुमार मिश्रा, रामसागर दास, ग्राम प्रधान बाबूजी मरांडी, मिरु हेम्ब्रम, मिरु मुर्मु, बिहू सोरेन, बीटी किस्कु के अलावे अन्य लोग मौजूद थे।

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

### गुमला जिला संवेदक संघ की बैठक संपन्न

**गुमला:** शुक्रवार को रौनियार भवन के सभागार में संवेदक संघ गुमला की एक आवश्यक बैठक संवेदक संध के अध्यक्ष में संतोष कुमार गुप्ता के अध्यक्षता मे किया गया। इस बैठक में मुख्य रूप से संवेदको को हो रही भुगतान संबंधी परेशानी एवं विभिन्न बिंदुओं पर विचार विमर्श किया गया संवेदक संघ के द्वारा सर्वसम्मति से निर्णय लेते हुए आगामी होने वाले सभी जिला योजना की निविदाओं का ऑफलाइन टेंडर कराने को लेकर विभागीय पदाधिकारियों से विचार विमर्श करने का निर्णय लिया गया ।

### जिला विधिक सेवा प्राधिकार संविधान दिवस पर लिया शपथ ग्रहण

**पाकुड़:** झालसा रांची के निर्देशानुसार आज प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार पाकुड़ बाल कृष्ण तिवारी की अध्यक्षता में 26 नवंबर को संविधान दिवस के अवसर पर संविधान की प्रस्तावना पढ़ी गई। संविधान के प्रति संकल्प ली गई इस कार्यक्रम में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार पाकुड़ बाल कृष्ण तिवारी, जिला विधिक सेवा प्राधिकार पाकुड़ सचिव शिल्पा मुर्मू, लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम के अधिवक्ता, सभी मीडिएटर,पैनल अधिवक्ता सभी न्यायालय कर्मी समेत पीएलवी उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### संविधान दिवस पर संविधान की प्रस्तावना का पठन किया गया

**गोड्डा :** संविधान दिवस पर प्रमंडलीय आयुक्त कार्यालय, संथाल परगना प्रमंडल, दुमका में लालचन्द डाडेल, प्रमंडलीय आयुक्त के नेतृत्व में संविधान की प्रस्तावना का पठन किया गया। इस अवसर पर उप परिवहन आयुक्त-सह-सचिव, संथाल परगना क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार, दुमका श्री जुगनू मिंज, आयुक्त के सचिव श्री अमित कुमार, प्रशाखा पदाधिकारी राजेश कुमार, प्रमोद मुर्मू, सौरभ कुमार तिवारी, सहायक प्रशाखा पदाधिकारी, विधान चक्रवर्ती, सहायक तकनीकी पदाधिकारी, शुभम सौरभ, आयुक्त के निजी सहायक, आदित्य अभिषेक, नाजिर सहित प्रमंडलीय आयुक्त कार्यालय, संथाल परगना प्रमंडल, दुमका के सभी पदाधिकारी/कर्मी उपस्थित थे।

### भाजपाईयों ने कार्यालय में सुनी प्रधानमंत्री के मन की बात

**देवघर:** प्रधानमंत्री मन की बात कार्यक्रम के तहत रविवार को प्रधानमंत्री मन की बात कार्यक्रम को सुना गया। जिसमें देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में कई विषयों पर देश की जनता को मन की बात कार्यक्रम के तहत कहा कि देव दीपावली प्रत्येक साल काशी में मनाई जाती है। इस बार भी लाखों लाख दीपक जलाए जाएंगे और पूरे काशी को सजाया जाएगा। प्रधानमंत्री ने कहा मैं इस बार बनारस नहीं जा पाऊंगा, मैं सभी को देव दीपावली की शुभकामना भेज रहा हूं । बताते चलें कि मन की बात महीने के अंतिम रविवार को होती है और वह देश की जनता को अपने द्वारा किए गए कार्य और क्या-क्या कार्य करने की योजना है वह जनता को बताते हैं। इस कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष राकेश नरौने, जिला महामंत्री पंकज सिंह भदोरिया, जिला मीडिया प्रभारी सचिन सुल्तानिया, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष विजया सिंह, शंकर रजक ,दशरथ दास, उमाशंकर प्रजापति, प्रदीप वर्मा सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।

---

**जुलूस** संविधान दिवस पर बाबासाहेब की प्रतिमा पर भाजपा जिला कमिटी ने किया माल्यार्पण

# डॉ भीमराव अंबेडकर अनेकता में भी एक थे : नारायण दास

▶▶ भारतीय संविधान पूरे विश्व में सबसे मजबूत संविधान में गिनती होता है

**राष्ट्रीय खबर**




**देवघर:** भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा के देवघर जिला की ओर से रविवार को संविधान दिवस मनाया गया। भाजपा के द्वारा स्थानीय टावर चौक से एक जुलूस निकाला गया जो थाना होते हुए वीर कुंवर सिंह चौक से अंबेडकर चौक पहुंचा इसके बाद डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। माल्यार्पण करने वालों में भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष विधायक नारायण दास, अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश प्रवक्ता शंकर रजक, अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष राजेंद्र दास ने माला अर्पण किया। वहीं विधायक नारायण दास ने कहा आज हम लोग के लिए बहुत ही गर्व का विषय है बात है आज संविधान दिवस है। आज के दिन भारत में संविधान लागू किया गया था संविधान बनाने वालों में डॉ भीमराव अंबेडकर अनेकता में भी एक थे जिनकी सोच आज भी समाज में हर जगह प्रशंसा किया जाता है। भारत का सबसे मजबूत संविधान का निर्माण किया गया इसमें दो वर्ष 11 महीना 18 दिन लगा था।

भारतीय संविधान पूरे विश्व में सबसे मजबूत संविधान में गिनती होता है। प्रदेश प्रवक्ता शंकर रजक ने कहा कि डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की सोच प्रत्येक भारतीयों को एक छत के नीचे लाना एक साथ सभी को लेकर चलना हि सर्व श्रेष्ठ बनाता है। इस कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष विधायक नारायण दास, शंकर रजक ,पंकज सिंह भदोरिया, अधीर चंद्र भैया, सचिन सुल्तानिया, विजया सिंह, दिलीप सिंह, सुलोचना देवी, जूनियर बाबूलाल मरांडी, धनंजय तिवारी, दशरथ दास, कमल दास, ओमकार दास, गौतम यादव, प्रदीप वर्मा, उमाशंकर प्रजापति, उमाशंकर पंडित, संध्या कुमारी, त्रिलोचन दास , लोकनाथ दास, पवन दास, विजय दास, सतीश दास, गणेश दास, कुमार पंकज, अशोक कुमार, विनोद कुमार ,पप्पू कुमार सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजुद थे।

## खेत देखने गये अधिवक्ता पर स्थानीय दबंगों ने किया हमला

**राष्ट्रीय खबर**

**बगहा :** अनुमंडल अंतर्गत सुखबन स्थित अपने खेत को देखने गये पठखौली निवासी अधिवक्ता केशव पांडेय पर जान से मारने की नियत से तीन लोगों ने हमला कर दिया। मामले में अधिवक्ता ने एसडीपीओ, एसपी समेत डीआइजी व आईजी को पत्र लिखकर न्याय की गुहार लगाई है। उन्होंने बताया कि सुखबन स्थित मेरी निजी भुमि जो आजादी पुर्व से ही हमारे जोत-कोड़ में आबाद है अब उस भुमि पर कुछ दबंगों की नजर गड़ गई है। 2 दिन पूर्व जब मैं अपने उसे भूमि पर पहुंचा तो पठखौली निवासी मुकेश कुमार, विकास कुमार, भभीखन कुमार व हरेंद्र कुर्मी द्वारा दो लाख रुपए की रंगदारी मांगी गई। अन्यथा खेत में आने पर बुरा अंजाम भुगतने की धमकी दी गई। जिसपर मेरे द्वारा पठखौली थाना में आवेदन दी गई। जिसपर उन लोगों ने नौ बजे रात को मेरा खेत जोत दिया। सुचना पर गुरुवार को जब मैं अपने खेत पर पहुंचा तो उक्त सभी लोग जान मारने की नियत से दौड़ते हुए आये। जिसके बाद मैं भाग कर अपना प्राण बचाया। इस संबंध में पटखौली ओपी के प्रभारी रामबचन सिंह ने बताया कि 107 का प्रतिवेदन किया गया है। जमीन का मामला है अंचल अधिकारी के समक्ष दोनों पक्षों को भेज कर सुलझाया जाएगा।

जिले के सभी सरकारी कार्यालय में मनाया गया संविधान दिवस

## अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने लिया राष्ट्रीय एकता व अखंडता का शपथ



**राष्ट्रीय खबर**

**पाकुड़:** संविधान दिवस के अवसर पर जिले के विभिन्न सरकारी कार्यालय एवम विद्यालयों में संविधान की शपथ अधिकारियों को दिलाई गई। इस अवसर पर समाहरणालय प्रांगण, जिला जनसंपर्क कार्यालय, अनुमंडल कार्यालय, सभी प्रखंड एवम अंचल कार्यालय सहित विभिन्न कार्यालय में अधिकारियों को संविधान का पाठ पढ़ाया गया। इस मौके पर जिला जनसंपर्क कार्यालय में जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ चंदन के नेतृत्व में भारत को एक संपूर्ण प्रभुत्व संपन्न समाजवादी, पंथनिरपेक्ष, लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने के लिए तथा उनके समस्त नागरिकों को, सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय, विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता, प्रतिष्ठा और अवसर की समता प्राप्त करने के लिए तथा उन सबों में व्यक्ति की गरिमा और राष्ट्रीय की एकता और अखंडता सुनिश्चित करने वाली बंधुता बढ़ाने का संकल्प लिया।

## गोड्डा के प्रांगण में संविधान दिवस के अवसर पर संविधान की ली गई शपथ



**राष्ट्रीय खबर**

**गोड्डा :** उपायुक्त ,गोड्डा श्री जिशान कमर एवं पुलिस अधीक्षक ,गोड्डा नाथू सिंह मीना के द्वारा समाहरणालय भवन ,गोड्डा के प्रांगण में सभी पदाधिकारियों, अधिकारियों व कर्मियों को संविधान दिवस के अवसर पर राष्ट्र के संविधान की प्रस्तावना की शपथ दिलाई गई।इस मौके पर संविधान के महत्व को रेखांकित करते हुए उपायुक्त, गोड्डा ने अपने संबोधन में कहा कि संविधान ने जाति,धर्म, ऊंच नीच से परे सभी को बराबरी का दर्जा दिया है। समाज में वर्षों से चले आ रहे विशेषाधिकारों को समाप्त कर देश के हर नागरिक को अपने सर्वांगीण विकास के लिए सक्षम बनाया है। संविधान में वर्णित सकारात्मक भेदभाव के सिद्धांत ने अपेक्षाकृत पिछड़े लोगों के सशक्तिकरण को सुनिश्चित किया है। संविधान ने देश में राजा महाराजाओं के शासन के स्थान पर गणतंत्र की व्यवस्था दी है। कोई भी व्यक्ति अगर चाहे तो अपने परिश्रम के बल पर कोई भी पद पा सकता है। हम सभी का कर्तव्य है कि संविधान के माध्यम से हमें स्वतंत्रता, समानता , आर्थिक, सामाजिक और राजनैतिक न्याय और संप्रभुता आदि अधिकार प्रदान किए गए हैं, उन सभी मूल्यों एवं आदर्शों की रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहना चाहिए।उक्त मौके पर पुलिस अधीक्षक,गोड्डा ने कहा कि आज का दिन बहुत ही हर्ष एवं उल्लास का दिन है। इस दिन को देश में संविधान दिवस के रूप में मनाते हैं। उन्होंने कहा कि आज का दिन समाज में संविधान के महत्व का प्रसार करने और डॉ0 भीमराव अंबेडकर के अमूल्य योगदान और उनके विचारों व आदर्शों का स्मरण करने के साथ उसे आत्मसात करने का दिन है। उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान समता, न्याय व समरसता का प्रतीक है।

इस अवसर पर उन्होंने बताया कि हमारे संविधान को 26 नवम्बर, 1949 को विधिवत रूप से अपनाया गया था। 26 जनवरी, 1950 को लागू किया गया। हमारे संविधान को बनाने में बाबा साहब अम्बेडकर का बहुत बड़ा योगदान रहा है। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी व कर्मचारी संविधान दिवस पर ली गई शपथ को अपने दायित्व निर्वहन के समय सार्थक करते हुए बिना किसी भेदभाव व निष्पक्ष भाव से कार्य करे। इस अवसर पर उन्होंने सभी से एकता, अखण्डता और आपसी भाईचारे को बनाए रखने का भी आग्रह किया।

## उपायुक्त ने लिट्टीपाड़ा प्रखंड के कुटलो गांव का किया भ्रमण



**राष्ट्रीय खबर**

**पाकुड़:** लिट्टीपाड़ा प्रखंड के बड़ा कुटलो गांव में बीते एक सप्ताह में पांच लोगों की जान चली गई थी। आज इसी को लेकर उपायुक्त मृत्युंजय कुमार बरणवाल ने कुटलो गांव का भ्रमण किया। उपायुक्त ने गांव के लोगों से मुलाकात कर स्वास्थ्य संबंधी जानकारी ली। उपायुक्त ने सभी गांव के लोगों को मलेरिया का जांच कराने को लेकर जागरूक किया। उपायुक्त ने स्वयं अपना मलेरिया जांच कराकर गांव को लोगों को आगे आकर जांच कराने हेतु प्रेरित किया। साथ ही साथ प्रभावित गांवों में व्यापक प्रचार प्रसार कराने का निर्देश बीडीओ को दिया। उपायुक्त ने ग्राम प्रधान एवं मुखिया को कहा कि सभी गांवों के लोगों को मलेरिया की जांच कराने में सहयोग करें। साथी उन्होंने कहा कि आदिवासी बहुल क्षेत्र होने के कारण लोगों को संवाद में परेशानी हो रही है। उन्होंने बीडीओ, ग्राम प्रधान व मुखिया को स्थानीय भाषा का प्रयोग करते हुए लोगों को जागरूक करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि स्थानीय भाषा का प्रयोग करते हुए लोगों को स्वास्थ्य जांच करने के लिए प्रेरित करें ताकि अधिक से अधिक जांच किया जा सके। उपायुक्त ने ग्राम प्रधान से जानकारी ली की कुटलो गांव में कितने कुल घर है, ग्राम प्रधान ने बताया कि कुल 169 घर है। इसके अलावा उपायुक्त के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मलेरिया रोग के मरीजों से मुलाकात कर उनकी स्वास्थ्य संबंधी जानकारी ली।

**प्रेस वार्ता** चंदवा थाना में आयोजित प्रेस वार्ता में एसडीपीओ ने दी जानकारी

# रेलवे ब्रिज से गिरने की वजह से हुई थी बच्ची की मौत

▶▶ पोस्टमार्टम रिपोर्ट में बच्ची के साथ दुष्कर्म व हत्या की नहीं हुई पुष्टि

▶▶ लड़की ब्रिज के निचे गिर गई जँहा मौके पर ही उसकी मौत हो गई

**राष्ट्रीय खबर**



**चंदवा:** छठ पूजा के दिन एनएच 75 रांची-मेदिनीनगर मुख्य पथ पर देवनद के समीप स्थित पेट्रोल पंप के पश्चिम दिशा में रेलवे ब्रिज के निचे से बरामद आदिवासी किशोरी के शव की गुत्थी पुलिस ने सुलझा ली है।किशोरी की मौत रेलवे ब्रिज से गिरने की वजह से हुई थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में किशोरी के साथ दुष्कर्म और हत्या की पुष्टि नहीं की गई है।रविवार को इस बात की जानकारी थाना परिसर में आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए लातेहार एसडीपीओ संतोष कुमार मिश्रा व थाना प्रभारी शुभम कुमार ने दी। पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि छठ पूजा के दिन डेमटोली निवासी संतोष उरांव की नाबालिग पुत्री छठ पूजा देखने घर से निकली थी पर वह छठ घाट नहीं पहुंची और दूसरे दिन उसका का शव टोरी लोहरदगा रेल लाइन पर रेलवे ब्रिज सं 197 के निचे से बरामद किया गया था। इसके बाद मृतका की माँ के लिखित बयान के आधार पर कांड सं 220/23 बच्ची के साथ दुष्कर्म के बाद हत्या की प्राथमिकी दर्ज की गई थी।

लातेहार एसपी के निर्देश पर जांच टीम गठित कर जांच शुरू की गई।मृतका के नाबालिग दोस्त से जब पूछताछ की गई तो उसने बताया कि वे दोनों घर से छठ पूजा देखने के लिए निकले थे लेकिन वह छठ घाट न जाकर घाट के समीप स्थित रेलवे ब्रिज पर घूमने चले गए। दोनों रेलवे ब्रिज के ऊपर बैठकर बात करते हुए मोबाइल में वीडियो देखने लगे एसी दौरान पटरी पर एक मालगाड़ी अचानक से सामने आ गई। मालगाड़ी से बचने की कोशिश में लड़की ब्रिज के निचे गिर गई जँहा मौके पर ही उसकी मौत हो गई वंही लड़का खुद ब्रिज के समीप झाड़ियों में गिरने की वजह से बच गया।

---

## न्यूज फटाफट

## बिहार की खबरें

### कनेक्शन कटने के बाद भी विद्युत चोरी में उपभोक्ता पर लगा जुर्माना

**बिक्रमगंज (रोहतास) :** बिलिंग गुणवत्ता एवं बकायेदार उपभोक्ताओं की जांच को लेकर एक जांच दल का गठन कर विद्युत ऊर्जा चोरी को लेकर कनीय विद्युत अभियंता, सूर्यपूरा प्रदीप कुमार प्रजापति के नेतृत्व में प्राथमिकी दर्ज की गयी है। बताते चले कि बकायेदार उपभोक्ताओं का विद्युत विपत्र की राशि बकाया रहने के कारण विभाग द्वारा विशेष अभियान चलाकर विद्युत कनेक्शन काट रही है परंतु कुछ उपभोक्ताओं द्वारा बिना बकाया राशि एवं रिकनेक्शन शुल्क जमा किये अवैध रूप से तार जोड़कर विद्युत ऊर्जा की चोरी करने लग रहे हैं। इसी बीच प्रखंड-सूर्यपूरा के उपभोक्ताओं का बकाया पर विद्युत कनेक्शन कटने के पश्चात अवैध रूप से तार जोड़कर जलाने को लेकर ग्राम-सूर्यपूरा के भरत तुरहा पर 65906, ग्राम-शिओबहार के भरत सिंह पर 39385 तथा ग्राम-अंधार के मुन्ना चौधरी पर 28049 रुपये राजस्व की क्षति लगाई गई है। आगे बताते चलें कि मीटर बाइपास कर विद्युत ऊर्जा चोरी को लेकर ग्राम-भड़खुरिया के कमल किशोर सिंह पर 25097 रुपये दंडित राशि लगाई गई है।

### भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब बरामद, तीन गिरफ्तार

**जगदीशपुर :** अनुमंडल क्षेत्र के शाहपुर थाना अंतर्गत फोरलेन पर दुर्घटनाग्रस्त ट्रक से भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब जब्त किया गया। मामले में एसपी प्रमोद कुमार के निर्देश पर एसडीपीओ राजीव चंद्र सिंह ने प्रेस वार्ता कर 1649.52 लीटर शराब बरामद करने साथ ही तीन लोगों को गिरफ्तारी की जानकारी दी। गिरफ्तार लोगों में उत्तर प्रदेश के बागपत जिला के हपरौली थाना क्षेत्र के ख्वाजानगला गांव के वाजिद अली, उत्तर प्रदेश के मेरठ जिला के परिहितगढ़ थाना क्षेत्र के हजूरी के आशीष त्यागी और उत्तर प्रदेश के बागपत जिला के बरौत थाना क्षेत्र के बरौत के अनीस शामिल हैं। टीम में शाहपुर थानाध्यक्ष पुलिस निरीक्षक प्रमोद कुमार, पुअनि संजीव कुमार, शैलेश कुमार एवं राकेश कुमार ने पुलिस बल के जवान शामिल रहे।

### अलग-अलग मामले में दो गिरफ्तार, जेल

**मधुबनी :** धनहा थाना पुलिस ने दो अलग अलग गांव से दो लोगो को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। एक प्राथमिक अभियुक्त तो दूसरा वारंटी हैं। थानाध्यक्ष अजय कुमार ने बताया कि, दौंनहा गांव निवासी बृजबिहारी बिन एवं मुसहरी गांव निवासी प्रेम निषाद को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। बृजबिहारी बिन पुलिस पर हमला के मामले में प्राथमिक अभियुक्त हैं। वही प्रेम निषाद पर बगहा न्यायलय द्वारा वारंट जारी किया गया था।

### दो शराब कारोबारी चढ़े पुलिस के हत्थे

**सुगौली, पू.च. :** स्थानीय पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर फुलवरिया से दो लोगों को देशी-विदेशी शराब के साथ गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा है। थानाध्यक्ष अमित कुमार सिंह ने बताया कि मिली सूचना के आधार पर एसआई साधु शरण सिंह को फुलवरिया भेजा गया। जहां पुलिस टीम ने हाईस्कूल के समीप से दो लीटर देशी चुलाई शराब और चार फ्रूटी शराब के साथ दो लोगो को पकड़ा गया। जिसमे फुलवरिया के शत्रुधन कुमार व बेलवतियां के प्रदीप कुमार शामिल है।

### विशिष्ट दत्तक ग्रहण संस्थान एवं बाल गृह का देखभाल करें : डीएम

**बेतिया :** जिला पदाधिकारी दिनेश कुमार राय ने विशिष्ट दत्तक ग्रहण संस्थान एवं बाल गृह का निरीक्षण किया। इस क्रम में उन्होंने सम्बंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। बाल गृह निरीक्षण के दौरान डीएम ने परामर्श कक्ष, स्मार्ट क्लास, रसोई घर, रुग्न कक्ष, औषधि कक्ष, पुस्तकालय-सह-कम्प्यूटर कक्ष का अवलोकन किया। बाल संरक्षण गृह के बच्चों से पूछताछ कर व्यवस्था की जानकारी लिए। जिला प्रशासन ने बताया कि बच्चों ने बताया कि उनका ध्यान रखा जाता है, उन्हें परेशानी नहीं है। इसके साथ ही विशिष्ट दत्तक ग्रहण संस्थान के विभिन्न कक्षों का भी डीएम ने अवलोकन किया। उन्होंने सम्बंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि विशिष्ट दत्तक ग्रहण संस्थान एवं बाल गृह के बच्चों की परवरिश अपने घर के बच्चों की तरह करें, उनकी संवेदनाओं को समझें, जिससे कोई परेशानी नहीं हो। उन्होंने निर्देश दिया कि समय-समय पर खाने-पीने, पठन-पाठन, स्वास्थ्य परीक्षण की सुदृढ़ व्यवस्था रखें। इस अवसर पर एसडीएम बगहा डॉ अनुपमा सिंह सहित अन्य सम्बंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### जीविका दीदी अधिकार केन्द्र का शुरूआत

**मुजफ्फरपुर :** जीविका सामुदायिक संगठनों के माध्यम से लैंगिक समानता एवं लिंग आधारित हिंसा को रोकने को लेकर इससे संबंधित, नई चेतना अभियान-पहल बदलाव की ओर कार्यक्रम महिला एवं बाल विकास निगम तथा जीविका के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित किया। कार्यक्रम 25 नवम्बर से 20 दिसम्बर 2023 तक किया जाएगा। इसका मुख्य उद्देश्य भेद-भाव एवं हिंसा मुक्त, गरीमापूर्ण जीवन-यापन के लिए संरचनात्मक बाधाओं को दूर कर महिलाओं की मांग और अधिकार को बढ़ावा देना है। इसके लिए सभी प्रखण्डों में सखी वार्ता कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। जिसमें जीविका कर्मी के अलावा सभी ग्राम संगठनों के अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष में से दो सदस्य भाग लेंगे।

### शराब के साथ चार धंधेबाज गिरफ्तार

**संझौली (रोहतास) :** थाना क्षेत्र के चरपुरवा टोला के समीप से पुलिस ने 12 लीटर महुआ अर्ध निर्मित शराब के साथ तीन व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष मुकेश कुमार ने बताया कि पुलिस छापेमारी के दौरान 1000 लीटर पॉस विनष्ट किया गया। वही शराब बनाने के उपकरण के साथ 12 लीटर महुआ निर्मित शराब के साथ तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया। जिसमें ग्राम चरपुरवा टोला के निवासी अखिलेश कुमार, कृष्णा सिंह व जय किशुन सिंह शामिल हैं। वही अमेठी लख के समीप से 10 लीटर महुआ निर्मित शराब के साथ पुलिस ने एक बाइक सवार शराब धंधेबाज लव कुमार को गिरफ्तार किया गया। जिन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

### लौरिया थाना परिसर में जनता दरबार सम्पन्न

**लौरिया,प च :** थानाध्यक्ष कैलाश कुमार के द्वारा जनता दरबार में जमीन संबंधी विवाद की सुनवाई की गई, इस मामले में दोनों पक्षों द्वारा अपना अपना संबंधित कागजात प्रस्तुत किया गया। वहीं 3 नए फरियादियों ने आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई। तथा 6 पुराने आवेदन पर सुनवाई की गई। जिसमें सम्बंधित लोगों द्वारा अपने अपने सम्बंधित कागज प्रस्तुत किया गया। मौके पर और भी पुलिस पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### शब्दाक्षर साहित्योत्सव में हिस्सा लेने गया से हरिद्वार पहुंचे दर्जनों साहित्यकार

**गया :** राष्ट्रीय साहित्यिक संस्था शब्दाक्षर द्वारा 26- 27 नवंबर को उत्तराखंड की पावन भूमि हरिद्वार में शब्दाक्षर साहित्योत्सव-2023 का भव्य आयोजन किया गया है। जिसमें देश के विभिन्न राज्यों से शब्दाक्षर के राष्ट्रीय, प्रादेशिक एवं जिला समिति के पदाधिकारी शामिल होने हरिद्वार पहुंच गए हैं। कार्यक्रम की सूचना देते हुए शब्दाक्षर की राष्ट्रीय प्रवक्ता-सह-प्रसारण प्रभारी डॉ. रश्मि प्रियदर्शनी ने बताया कि शब्दाक्षर के तीन दिवसीय वार्षिक उत्सव में देश भर में संचालित शब्दाक्षर की 25 प्रदेश तथा 150 जिला समितियों से हरिद्वार पहुंचकर साहित्य-सेवी,शब्दाक्षर पदाधिकारी साहित्य-गंगा में डुबकी लगायेंगे।

### ठंड बढ़ने के साथ हीं बढ़ा बेतिया में चोरों का आतंक

**बेतिया, पच :** जिला मुख्यालय सहित प्रखंड व गांव तथा सामाजिक संगठन का कार्यालय भी नहीं रहा सुरक्षित। जाड़ा की शुरूआत होते ही शहर और ग्रामीण क्षेत्र में में चोर, नशेड़ी के अतिरिक्त स्मैकियों ने अपना प्रभाव जमाना प्रारम्भ कर दिया है। रात होते ही उपर्युक्त सभी शहर के विभिन्न गलियों बाजार स्थित विभिन्न प्रकार के प्रतिष्ठानों में हाथ साफ करने लगे हैं। शटर काटने से लेकर ताला तोड़ने, तिजोरी खोलने, हाथ से मोबाइल, आभूषण झपटने में सिद्धहस्त चोरपलक झपकते ही काम तमाम कर देते हैं। जिसके कारण आए दिन कहीं ना कहीं चोरी की घटनाएं सुनने और देखने को मिल रही है।

शहर >> अपडेट

## मोदी के मन की बात के 107 एपिसोड का प्रसारण

**महेशपुर/पाकुड़ :** रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात के 107 एपिसोड का प्रसारण किया गया। जिसे महेशपुर मंडल अध्यक्ष साधन कुमार ठाकुर के नेतृत्व में बूथ नंबर 83 आदिवासी टोला में कार्यकर्ता एवं अन्य लोगों ने सुना। इस अवसर पर सुकुमार मिश्रा, रामसागर दास, ग्राम प्रधान बाबूजी मरांडी, मिरु हेम्ब्रम, मिरु मुर्मु, बिहू सोरेन, बीटी किस्कु के अलावे अन्य लोग मौजूद थे।

सिटी अपडेट्स >>

## युवक जाली नोट के साथ गिरफ्तार



**मरकच्चो :** थाना क्षेत्र के नावाडीह न.1 साप्ताहिक बाजार मे जाली नोट के साथ एक युवक को खरीदारी करते हुए सब्जी बिक्रेता ने ग्रामीणों के सहयोग से धर दबोचा था। युवक के पास से छह जाली पचास के नोट बरामद किया गया था। उक्त मामले में मरकच्चो थाना कांड संख्या 109/23 दर्ज करते हुए प्राथमिक अभियुक्त सूरज कुमार राणा (उम्र 21 वर्ष पिता स्व. मोहित राणा, साकिन चुमलो, थाना जमुआ जिला गिरिडीह) को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। इस संबंध में थाना प्रभारी लव कुमार ने बताया कि उक्त मामले को लेकर गहन छानबीन की जा रही है।

संक्षिप्त >> अपडेट्स

## अवैध खनन के मामले में प्राथमिकी दर्ज

**चंदवारा :** अवैध पत्थर खनन मामले में अवैध खनन,प्रेषण एवं राजस्व की चोरी के जुर्म में अवैधकर्ता बद्री पासवान, उम्र करीब 50 वर्ष पिता स्व बोधो पासवान, संजीत पासवान उम्र करीब 26 वर्ष,उमेश पासवान उम्र करीब 29 वर्ष दोनो के पिता बद्री पासवान तीनो साकिन– भटबिगहा, मनोज पासवान उम्र करीब 52 वर्ष, पिता हुलाश पासवान सा रामपुर बसरिया व पोकलेन मशीन चालक गोविन्द यादव उम्र करीब 43 वर्ष, पिता हेमराज यादव साकिन नवादा सभी थाना चौपारण, जिला हजारीबाग साथ ही हाईवा संख्या जेएच 12 के 8187, जेएच 10 बीजेड 7945, जेएच 02 एडी 5229, एम एच 49 एटी 2698 के मालिक तथा चालक व पोकलेन मशीन के मालिक पर भादवि की धारा 379/411 एवं झारखण्ड लघु खनिज समनुदान नियमावली 2004 के नियम 54 के तहत चंदवारा थाना में कांड संख्या 112/23 के तहत प्राथमिकी दर्ज किया गया है। बताते चले कि उक्त सभी लोगो के द्वारा चंदवारा अंचल क्षेत्र अंतर्गत थाम पंचायत के बेचिरागी मौजा कांटी में पत्थर का अवैध उत्खनन किया जा रहा था जिसको लेकर शुक्रवार देर रात चंदवारा थाना प्रभारी नीतीश कुमार के नेतृत्व में छापेमारी की गयी थी।

## संविधान दिवस मनाया गया

**चंदवारा :** प्रखंड क्षेत्र के तितिरतांच एंव तिलैया डैम में संविधान दिवस मनाया गया। साथ ही बाबा साहब के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। इस दौरान यूथ कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अनिल दास ने कहा कि भारत में 26 नवंबर 1949 को संविधान बनाया गया एंव 26 जनवरी 1950 को लागू हुआ। संविधान बनाने में भारत रत्न बाबा साहब डॉ भीम राव अंबेडकर का बड़ा योगदान रहा है। आज के दिन देश के सभी सरकारी कार्यालयो में संविधान का शपथ लिया जाता है। मौके पर उमेश दास, रूपेश कुमार, उपेंद्र दास, शतुर्धन दास समेत कई लोग मौजूद थे।

जागरूकता > स्वयं मलेरिया जांच कराकर गांव वाले को मलेरिया का जांच कराने को लेकर किया जागरूक

# उपायुक्त प्रखंड के कुटलो गांव का किया भ्रमण

स्थानीय भाषा में मुखिया व अधिकारीयों को दिया निर्देश

प्रभावित गांव में 24 घंटे में सर्वे का निर्देश



राष्ट्रीय खबर

**पाकुड़:** लिट्टीपाड़ा प्रखंड के बड़ा कुटलो गांव में बीते एक सप्ताह में पांच लोगों की जान चली गई थी। आज इसी को लेकर उपायुक्त मृत्युंजय कुमार बरणवाल ने कुटलो गांव का भ्रमण किया। उपायुक्त ने गांव के लोगों से मुलाकात कर स्वास्थ्य संबंधी जानकारी ली। उपायुक्त ने सभी गांव के लोगों को मलेरिया का जांच कराने को लेकर जागरूक किया। उपायुक्त ने स्वयं अपना मलेरिया जांच कराकर गांव को लोगों को आगे आकर जांच कराने हेतु प्रेरित किया। साथ ही साथ प्रभावित गांवों में व्यापक प्रचार प्रसार कराने का निर्देश बीडीओ को दिया। उपायुक्त ने ग्राम प्रधान एवं मुखिया को कहा कि सभी गांवों के लोगों को मलेरिया की जांच कराने में सहयोग करें। साथी उन्होंने कहा कि आदिवासी बहुल क्षेत्र होने के कारण लोगों को संवाद में परेशानी हो रही है। उन्होंने बीडीओ, ग्राम प्रधान व मुखिया को स्थानीय भाषा का प्रयोग करते हुए लोगों को जागरूक करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि स्थानीय भाषा का प्रयोग करते हुए लोगों को स्वास्थ्य जांच करने के लिए प्रेरित करें ताकि अधिक से अधिक जांच किया जा सके। उपायुक्त ने ग्राम प्रधान से जानकारी ली की कुटलो गांव में कितने कुल घर है, ग्राम प्रधान ने बताया कि कुल 169 घर है। इसके अलावा उपायुक्त के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मलेरिया रोग के मरीजों से मुलाकात कर उनकी स्वास्थ्य संबंधी जानकारी ली, और ड्यूटी में तैनात डॉक्टरों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। इसके पश्चात उपायुक्त श्री मृत्युंजय कुमार बरणवाल ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लिट्टीपाड़ा में सभी डाक्टरों एवं कर्मियों के साथ बैठक की। बैठक के दौरान उपायुक्त ने कहा कि प्रभावित 23 गांव में 24 घंटे में सर्वे का कार्य कराने एवं प्रभावित गांवों में फॉगिंग कराने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने सिविल सर्जन को सभी गांवों में हेल्पलाइन नंबर जारी करने का निर्देश दिया। अगर किसी गांव वाले को फीवर आएं तुरंत इसकी सूचना हेल्पलाइन नंबर पर देने की बात कही। सूचना मिलते ही टीम उसका समुचित इलाज करें। दवा की उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।मौके पर सहायक समाहर्ता कृष्णकांत कनवाड़िया, सिविल सर्जन डॉ मंटू कुमार टेकरीवाल, अनुमंडल पदाधिकारी श्री हरिवंश पंडित, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ चंदन, बीडीओ श्रीमान मरांडी, डीएस डॉ अमित कुमार, डीएमओ डॉ के.के. सिंह, डॉ मनीष कुमार, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी एवं एसएमपीओ पवन कुमार समेत अन्य उपस्थित थे।

## पुलिस जवानों को प्रस्तावना को पढ़ाते हुए शपथ दिलाई



राष्ट्रीय खबर

**महेशपुर/पाकुड़:** थाना परिसर में संविधान दिवस मनाया गया। इस अवसर पर थाना प्रभारी आनंद पंडित ने महेशपुर थाने के पुलिस अधिकारियों एवं जवानों को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने का आह्वान करते हुए संविधान के प्रस्तावना को पढ़ते हुए शपथ भी दिलाई। वही भारत स्काउट गाइड के जिला सचिव सरोज कुमार पांडेय के नेतृत्व में स्काउट गाइड के बच्चों ने थाना परिसर में आकर पुलिस कर्मियों को संविधान की शपथ दिलाया। शपथ दिलाने के पश्चात स्काउट गाइड के सभी सदस्य अंबेडकर चौक स्थित अंबेडकर जी के प्रतिमा के पास सफाई अभियान चलाकर अंबेडकर जी के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।वही प्रखंड व अंचल कार्यालय में बीडीओ सिद्धार्थ शंकर यादव ने कर्मियों को शपथ दिलाया। इस अवसर पर जेएसआइ कैला उरांव, कपिलदेव रविदास, एएसआइ विपिन कुमार, शिवशंकर भगत, जयशंकर राम, मंदीप मेहता सहित अन्य पुलिस अधिकारी व पुलिस बल के साथ जवान उपस्थित थे।

## दलित शोषण मुक्ति मंच ने प्रस्तावना का पाठ कर लिया संकल्प



राष्ट्रीय खबर

**कोडरमा:** संविधान दिवस पर रविवार को परियोजना बालिका उच्च विद्यालय के समीप डॉ भीमराव अंबेडकर पार्क में दलित शोषण मुक्ति मंच (डीएसएमएम) ने संविधान की प्रस्तावना का सामुहिक पाठ कर संविधान बचाओ का संकल्प लिया। शुरूआत भीमराव अंबेडकर की प्रतीमा पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डीएसएमएम के जिलाध्यक्ष दिनेश रविदास और संचालन जिला सचिव शम्भु पासवान ने किया। इस अवसर पर सीटू के राज्य सचिव संजय पासवान ने कहा कि देश की आजादी के 76 वर्ष बीत जाने के बाद भी सामाजिक उत्पीडन की सबसे गंभीर मार दलितों, अतिशुद्रों या अनुसूचित जातियों को झेलना पड़ रहा है. पिछले नौ वर्षों से दलितों, आदिवासियों, पिछड़े व अल्पसंख्यकों को शिक्षा और रोजगार के क्षेत्र में उनके संवैधानिक अधिकारों से वंचित करने का काम किया गया है। केंद्र सरकार के द्वारा अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के खिलाफ अत्याचार निवारण कानून को निष्प्रभावी बनाने के लिए संविधान की धर्मनिरपेक्ष भावना और संघीय ढांचे को कमजोर करने के लिए पूरा जोर लगा दिया है और लोकतंत्र की रक्षा करने वाली तकरीबन सभी संवैधानिक संस्थाओं को कमजोर किया जा रहा है। दलित शोषण मुक्ति मंच के राज्य महासचिव दिनेश रविदास ने कहा कि 26 नवम्बर के दिन हमें आजादी व समानता के साथ जीने का अधिकार मिला। निर्माण कामगार यूनियन के अध्यक्ष प्रेम प्रकाश ने बताया कि संविधान को बचाने को लेकर 4 दिसंबर को दलित शोषण मुक्ति मंच के नेतृत्व में दर्जनों दलित संगठनों के द्वारा दिल्ली चलो का आह्वान किया गया है। जिसमें देशभर से लाखों दलित संसद मार्च में हिस्सा लेंगे। कार्यक्रम को सीटू के जिला संयोजक रमेश प्रजापति, वामसेफ के दुर्गा राम, भीम आर्मी के कृष्णा पासवान ने मुख्य रूप से सम्बोधित किया। इनके अलावा मुकेश रजक, रघुनाथ कुमार दास, सहदेव रविदास, राहुल कुमार, संजय कुमार दास, नागेश्वर दास, अर्जुन कुमार रजक, रितेश दास, शिवपूजन पासवान, दुर्गा रविदास, जगदीश राम, राजेन्द्र दास, प्रकाश दास, सुरेश राम, रंजीत राम, विजय पासवान आदि कार्यक्रम में मौजूद रहे।

## दुसरी महिला से बात करना पति को पड़ा महंगा



राष्ट्रीय खबर

**सतगावां:** पति दूसरी महिला से फोन पर करता था बात, ऐसे में हाथ बांधकर उसे उसकी पत्नी थाना ले गयी। मामला थाना अंतर्गत ग्राम खुट्टा का है। वहां के संतोष राजवंशी की पत्नी चंचला देवी ने अपने पति पर किसी दूसरे महिला से साथ फोन करने व मारपीट करने भरण पोषण नहीं देने व बच्चों के ऊपर बर्बरता करने को लेकर आरोप लगाया। इसी को लेकर पत्नी पति का हाथ बांधकर थाना ले गयी। खुट्टा में इस मामले को देखकर काफी भीड़ इकट्ठा हो गए। पत्नी पति के हाथ बांधकर बाजार में पैदल ही लेकर थाने चल दिए पत्नी का आरोप है कि पति किसी और महिला के साथ बात करता है एवं हमें भरण पोषण नही देता है। पत्नी ने बताया कि हमारे दो छोटे-छोटे बच्चे हैं उसका देख रेख नहीं करता। पत्नी ने बताया कि वह हमारे बच्चों को मार देना चाहता था एवं हमेशा घर से फरार रहता है। इस संबंध में कई बार समझने की कोशिश की गई बावजूद भी अपने हरकत से बाज नहीं आया। जिसको लेकर चंचला देवी ने अपने पिता को फोन के माध्यम से खुट्टा बुलाया तथा संतोष राजवंशी को पड़कर हाथ को रस्सी से बांध दिया एवं उसे सतगावां थाना ले गयी।

## मुखिया ने संविधान का प्रस्तावना पढ़कर शपथ दिलायी



राष्ट्रीय खबर

**जयनगर:** प्रखंड के हीरोडीह पंचायत सचिवालय में मुखिया संगीता कुमारी की अध्यक्षता में संविधान दिवस पर डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर संविधान दिवस पर याद किए गए। मुखिया संगीता कुमारी ने कहा कि 26 नवंबर 1949 के दिन देश के संविधान सभा ने संविधान को अपनाया था। यह संविधान हमें देश का आजाद नागरिक की भावना का एहसास कराता है। संविधान ही हमसभी को बराबरी का अधिकार दिलाता है। मुखिया संगीता कुमारी ने राष्ट्र के एकता के लिए संविधान का प्रस्तावना पढ़ कर शपथ दिलाया। मौके पर पंचायत सचिव रंजीत कुमार राणा, रोजगार सेवक अशफाक आलम, वार्ड सदस्य राहुल कुमार मोदी, रंजीत दास, सुखदेव यादव, अनूप दास, अशोक शर्मा, महेंद्र यादव, अभिषेक कुमार सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

जतरा > मेले में आदिवासी संस्कृति की समृद्ध परंपरा की दिखी झलक

# मां सरना कार्तिक पूर्णिमा पर लगा जतरा



राष्ट्रीय खबर

**कुडू :** प्रखंड क्षेत्र के बड़की चांपि पंचायत के चुन्द पतरा में मां सरना कार्तिक पूर्णिमा के शुभ अवसर पर आज जतरा लगा। इस जतरा में पाहन देवठान पाहन, अर्जुन भगत एवं पुजार सह जतरा समिति के अध्यक्ष बिनोद उराँव ने माँ सरना का विधिवत पूजन की।इस मौके पर मुख्य रूप से कुडू प्रखंड प्रमुख मुनी देवी,आदिवासी छात्र संघ जिलाध्यक्ष अवधेश उरांव, कुडू थाना के ए एस आई प्रेम कुमार, बड़की चाँपि पंचायत के मुखिया राजधन भगत, बड़की चाँपि पंचायत की उप मुखिया हेना तिवारी मनोज उराँव सहित कई लोग उपस्थित थे। इस मौके पर कुडू प्रमुख मुनी देवी ने कही कि जतरा हमारी संस्कृति का हिस्सा है,जतरा के माध्यम से हम सभी एक दूसरे से मिलते है अच्छी तरह रहते है।इस मौके पर आदिवासी छात्र संघ जिलाध्यक्ष अवधेश उराँव ने कहा कि जतरा के माध्यम से हमलोगों के सांस्कृतिक संस्कृती का रक्षा होती है,हमलोगो को मिल जुल कर रहने की सिख मिलती है।हम एक दूसरे के साथ अपनी वाणी,विचार का आदान प्रदान करते है।इस मौके पर बड़की चाँपि पंचायत के मुखिया राजधन भगत ने कहा कि जतरा से हमलोगों की संस्कृति का विकास होता है हम सभी मिल जुलकर रहने की परंपरा को बढ़ाते है।इस मौके पर बड़की चाँपि पंचायत की उप मुखिया हेना तिवारी ने अपने संबोधन में कही की ये जतरा का आयोजन करता को बहुत बहुत बधाई।इस जतरा के माध्यम से हम सभी का सभ्यता,संस्कृती का विकास होता है एक दूसरे से मिलजुल कर अच्छे से रहने की सिख मिलती है। इस मौके पर कई गांवों से आये खोड़हा दल के लोगों ने अपने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।जिन्हें जतरा समिति के द्वारा पुरुस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर मंच संचालन रामशंकर प्रजापति ने की।

न्यूज फटाफट

## स्व: भोला प्रसाद बक्सी की मनाई पुण्यतिथि



**पेटरवार :** पेटरवार प्रखंड स्थित लीला जानकी कंपलेक्स महावीर हॉस्पिटल एवं लीला जानकी पब्लिक स्कूल रघुनाथपुरम के प्रांगण में संस्थापक सह प्रथम अध्यक्ष स्वर्गीय भोला प्रसाद बक्सी की 12 वीं पुण्यतिथि 26.11.2023 को मनाई गई। विद्यालय के प्रबंधक नीरज कुमार सिन्हा ने भावभीनी श्रद्धांजलि देते हुए उनके चित्र पर माल्यार्पण किया और छात्र छात्राओं को संदेश दिया कि उनकी सच्ची श्रद्धांजलि तभी पूर्ण होगी जब आप पढ़ लिखकर स्वर्गीय भोला प्रसाद बक्सी के सपनों को साकार करेंगे। इस अवसर पर विद्यालय की अध्यक्षा नीलम बक्सी एवं लीला जानकी सेवा संस्थान के सचिव श्री किशोरी स्वर्णकार , पंकज कुमार सिन्हा, संध्या सिन्हा, रागिनी सिन्हा, अनिष्कासिन्हा, ज्ञान एवं विद्यालय के प्रधानाचार्य अमर प्रसाद एवं शिक्षिका एंव शिक्षिकगण के द्वारा पुष्प अर्पण किया गया।

## सभी सरकारी कार्यालय में मनाया गया संविधान दिवस



**पाकुड़ :**संविधान दिवस के अवसर पर जिले के विभिन्न सरकारी कार्यालय एवम विद्यालयों में संविधान की शपथ अधिकारियों को दिलाई गई। इस अवसर पर समाहरणालय प्रांगण, जिला जनसंपर्क कार्यालय, अनुमंडल कार्यालय, सभी प्रखंड एवम अंचल कार्यालय सहित विभिन्न कार्यालय में अधिकारियों को संविधान का पाठ पढ़ाया गया। इस मौके पर जिला जनसंपर्क कार्यालय में जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ चंदन के नेतृत्व में भारत को एक संपूर्ण प्रभुत्व संपन्न समाजवादी, पंथनिरपेक्ष, लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने के लिए तथा उनके समस्त नागरिकों को, सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय, विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता, प्रतिष्ठा और अवसर की समता प्राप्त करने के लिए तथा उन सबों में व्यक्ति की गरिमा और राष्ट्रीय की एकता और अखंडता सुनिश्चित करने वाली बंधुता बढ़ाने का संकल्प लिया।

## अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देने के साथ एतवारी छठ संपन्न



**जयनगर :** प्रखंड अंतर्गत विभिन्न गांवों में लोक आस्था से जुड़ा एतवारी छठ की अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देने के साथ संपन्न हो गया। बताते चलें कि विभिन्न छठ घाटों में काफी भीड़ का माहौल था। आस्था से परिपूर्ण लोगों के अंदर धार्मिक गुणों का संचार के साथ सनातन धर्म के प्रति आस्था और विश्वास कूट-कूट कर दिखाई दे रही थी। अस्त होते हुए सूर्य को अर्घ देने का उत्साह सभी छठ व्रतियों में देखने को मिल रहा था। यहां तक कि बच्चे बूढ़े जवान सभी छठ घाटों पर शांतिपूर्ण ढंग से पूजा अर्चना कर रहे थे। सूर्य भगवान अस्ताचलगामी हुए, लोगों ने दूध तथा पवित्र जल से अर्घ्य देकर सूर्य देव को प्रसन्न किया व अपनी मनोकामना मांगी। इधर प्रशासन की ओर से विभिन्न छठ घाटों पर शांतिपूर्ण ढंग से छठ त्यौहार को लेकर पुलिस बल जगह-जगह पर तैनात किए गए थे। पूरे जयनगर प्रखंड में एतवारी छठ का त्यौहार हर्षोल्लास से संपन्न हुआ। वहीं प्रखंड विकास पदाधिकारी गौतम कुमार, जयनगर थाना प्रभारी राजेंद्र कुमार राणा, पुलिस अवर निरीक्षक अमित कुमार, सुनील पासवान, पंचम तिग्गा एवं पुलिस बल के द्वारा क्षेत्र में गहन पेट्रोलिंग किया गया।

## मरकच्चो में मनाया गया एतवारी छठ पर्व



**मरकच्चो :** प्रखंड के दर्जनों नदी, तालाबों व पोखरों में इतवार को सैकडों की संख्या में छठ व्रती अस्ताचलगामी सूर्य को अ?र्घ्य देने के लिए पहुंचे। व्रती जल में घंटों खडे.रहकर सूर्य की आराधना की एवं डूबते सूर्य की लालिमा को देख अ?र्घ्य अर्पित किया। इसके बाद विधिवत पूजा अर्चना किया गया। उक्त इतवार छठ का महत्व भी छठ महापर्व के सामान ही है। कहा जाता है कि जो महिला छठ महापर्व की हैं वो प्रथम इतवार को भी 24 घंटे का उपवास रखकर अस्ताचलगामी सूर्य को अ?र्घ्य देती हैं। इससे पूर्व खरना भी करती हैं तथा प्रत्येक कार्य छठ महापर्व की तरह ही किया जाता है। कहा जाता है कि इतवार छठ करने से व्रती को सुहागन व धन, वंश, वैभव आदि की प्राप्ति होती है।

## बैंक ऑफ इंडिया का ऋण अदायगी शिविर 29 दिसम्बर को

**मरकच्चो :** बैंक ऑफ इंडिया मरकच्चो एवं जामू शाखा के द्वारा 29 दिसम्बर को सुबह 10:30 बजे से स्थायी लोक अदालत का आयोजन किया जायगा। उक्त बातों की जानकारी बैंक ऑफ इंडिया शाखा के शाखा प्रबंधक सुशील कुमार व जामु शाखा के शाखा प्रबंधक संजीव कुमार ने संयुक्त रूप से दी। उन्होंने बताया कि जिस प्रकार मार्केट में बिग बीलियम सेल आता है। सभी प्रोडक्ट में बंपर छूट दी जाती है, ठीक उसी प्रकार बैंक ऑफ इंडिया ने यह घोषणा की है कि अपने एनपीए खाताधारियों को एक मुक्त समझौता पर भारी-भरकम छूट दी जाएगी। शिविर में बैंक ऑफ इंडिया हजारीबाग अंचल से आंचलिक प्रबंधक वी वी के किशोर, आंचलिक प्रबंधक राजेश कुमार बैस, मुख्य प्रबंधक ऋण वसूली विभाग के संतोष कुमार सिन्हा, स्थाई लोक अदालत के चेयरमैन जज अमृत लाल यादव, सदस्य बालेश्वर राम, ममता सिंह, पेशकार महेंद्र नारायण, रंजीत पांडे बैंक ऑफ इंडिया कोडरमा से अग्रणी जिला प्रबंधक अजय राणा, क्षेत्रीय प्रबंधक विमल कांत झा समेत बैंक ऑफ इंडिया शाखा के सभी कर्मी उपस्थित रहेंगे।

## न्यूज फटाफट

### अनुराध ठाकुर ने पैरा गेम्स के लिए लोगो, मस्कट और जर्सी की लॉच




**नयी दिल्ली :** केंद्रीय युवा मामले और खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने रविवार को पैरा खेलों का पहला एडिशन, लोगो, मस्कट और जर्सी लॉच करते हुए कहा कि 11 दिसंबर को खेलो इंडिया का उद्घाटन होगा। खेल मंत्री ने आज दिल्ली छावनी स्थित मानेकशॉ सेंटर में आयोजित एक समारोह में कहा कि 10 से 17 दिसंबर तक राजधानी दिल्ली के तीन स्टेडियमों, आईजी स्टेडियम, तुगलकाबाद में शूटिंग रेंज और जेएलएन स्टेडियम में पैरा एथलेटिक्स, पैरा शूटिंग, पैरा तीरंदाजी, पैरा फुटबॉल, पैरा बैडमिंटन, पैरा टेबल टेनिस और पैरा वेट लिफ्टिग सहित सात स्पर्धाओं में पैरा एथलीट सम्मान के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे। उन्होंने कहा कि इस आयोजन से प्रतिभाशाली पैरा एथलीटों की पहचान करने में मदद करेगा जिन्हें भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) और खेल मंत्रालय के पर्याप्त समर्थन से सहायता मिलेगी। उन्होंने कहा कि देश, विदेश में होने वाले पैरा खेलों के आयोजन का खर्च सरकार उठायेगी तथा प्रत्येक खिलाड़ी की छह लाख रूपये का जेब खर्च अगल से दिया जाता है। एथलीट को विकसित करने के लिए तीन लाख रूपये अतिरिक्त दिया जाता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने शब्द नहीं सोच को बदलते हुए विक्लांग को दिव्यांग किया। इसके साथ सुविधाएं भी बदली। उन्होंने कहा कि खेलों इंडिया एक अभियान नहीं, जन भागीदारी से जन आंदोलन बन गया है। उन्होंने कहा कि खेलों इंडिया के तहत पहले चार वर्षो के लिए तीन हजार करोड़ रूपये दिये गये थे। उन्होंने कहा कि अगले पांच वर्षो के लिए हमें 33 सौ करोड़ रूपये मंजूर कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने अब पैरा प्रशिक्षण के लिए 52 करोड़ रूपये खर्च किये है। उन्होंने इस दौरान कई पैरा खिलाड़ियों की उपलब्धियों को जिक्र भी किया।

### खेलो इंडिया वूमेन 'एस किक बॉक्सिंग लीग का शुभारंभ खेल गांव में

**रांची :** खेलो इंडिया विमेंस किकबॉक्सिंग लीग आज स्थानीय खेल गांव कोटवार रांची में मुख्य अतिथि संजय सेठ सांसद लोकसभा रांची एवं विनय सिंह दीपू वरिष्ठ नेता प्रदेश महासचिव कांग्रेस के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया इस अवसर पर झारखंड के विभिन्न जिलों से आए हुए लगभग 325 खिलाड़ी एवं 75 ऑफिस येलो ने अपना योगदान दिया इस अवसर पर झारखंड की बॉक्सिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष बी ठाकुर ने बताया महिला खिलाड़ियों को ज्यादा से ज्यादा संख्या में आगे लाने के लिए केंद्र सरकार एवं वाको इंडिया कीक बॉक्सिंग फेडरेशन के द्वारा पूरे भारत में 27 स्थान पर लीग का आयोजन किया जा रहा है इस लीग में स्वर्ण पदक विजेताओं का सीधी तौर पर राष्ट्रीय महिला लीग में खेलने का अवसर प्रदान होगा। मुख्य अतिथि के तौर पर सांसद संजय सेठ ने कहा महिलाओं की अस्मिता की रक्षा करने के लिए खेल की भावना को और प्रोत्साहित करने के लिए सरकार ने खेलो इंडिया कार्यक्रम की शुरूआत की है और आज के इस वूमेंस किकबॉक्सिंग लीग में आए हुए सभी महिला खिलाड़ियों का हम रांची में स्वागत करते हैं। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता विनय सिन्हा दीपू ने कहा ऐसे खेल को प्रोत्साहित करने से महिला खिलाड़ियों का मनोबल ऊंचा होता है और झारखंड की खिलाड़ियों ने पहले भी देश में अपना परचम लहराया है और उम्मीद है कि कीक बॉक्सिंग में भी राष्ट्रीय स्तर पर अच्छा प्रदर्शन करेंगी। इस अवसर पर झारखंड किकबॉक्सिंग एसोसिएशन के सचिव ओवैस अराफात करण कुमार संस्कार तिवारी सहित रांची जिला किकबॉक्सिंग एसोसिएशन के महासचिव गुलाम जावेद वॉरिय उपाध्यक्ष विमल आनंद नाग आलोक श्रीवास्तव नौशाद खान कलीम खान कोषाध्यक्ष कमल किशोर कच्छप संजीव श्रवास्तव सहित पूनम सिंह अधिवक्ता प्रिया कुमारी, ब्लमदीना तिग्गा इबरार अंसारी गुलाम गौस कुरैशी लालचंद लोहार राहुल सिंह, सहित अन्य उपस्थित थे।

## निर्णय

### केकेआर और डीसी ने किए कई खिलाड़ी रिलीज

# भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी खेलेंगे अगला टूनार्मेंट

एजेंसियां




**नई दिल्ली:** आईसीसी वनडे वर्ल्ड कप 2023 खत्म हो चुका है। वनडे वर्ल्ड कप के बाद क्रिकेट फैंस इंडियन प्रीमियर लीग 2024 के इंतजार में बैठे हैं। इंडियन प्रीमियर लीग 2024 की नीलामी 19 दिसंबर को दुबई में होने वाली है। दुबई में होने वाली नीलामी से पहले ट्रांसफर विंडो खुली जिसकी तारीख 26 नवंबर को खत्म हो गई है। अंतिम तारीख से पहले सभी 10 टीमों को अपने खिलाड़ियों को रिलीज और रिटन करना था जिसकी लिस्ट भी सामने रखनी थी। आईपीएल के लिए रिटेंशन लिस्ट को लेकर अपडेट आने शुरू हो गए हैं।

**चेन्नई सुपर किंग्स से खेलेंगे महेंद्र सिंह धोनी**

भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी के आईपीएल खेलने पर संशय बना हुआ था जो अब दूर हो गया है। चेन्नई सुपर किंग्स की ओर से अगले सीजन में भी महेंद्र सिंह धोनी खेलते हुए नजर आएंगे। टीम ने बेन स्टोक्स, ड्वेन प्रिटोरियस, अंबति रायडू, सिसांडा मगाला, काइल जेमिसन, भगत वर्मा, सेनापति और आकाश सिंह को रिलीज कर दिया है।

**दिल्ली कैपिटल्स से खेलेंगे ऋषभ पंत**

एक्सीडेंट होने के बाद रिकवर कर रहे भारतीय टीम के खिलाड़ी ऋषभ पंत दिल्ली कैपिटल्स से ही खेलते हुए नजर आएंगे। ऋषभ तेजी से रिकवर कर रहे हैं और अगले सीजन में आईपीएल में खेलते हुए दिखेंगे। दिल्ली की टीम ने ऋषभ पंत को रिटेन किया है, जबकि 11 खिलाड़ियों को रिलीज कर दिया है। रिलीज किए गए खिलाड़ियों में रिली रोशौ, चेतन सकारिया, रोवमैन पॉवेल, मनीष पांडे, फिल साल्ट, मुस्तफिजूर रहमान, कमलेश नागरकोटी, रिपल पटेल, सरफराज खान, अमन खान और प्रियम गर्ग का नाम शामिल है।

**हार्दिक पांड्या पर संशय खत्म**

कई दिनों से रिपोर्ट्स थी की गुजरात टाइटंस को विजेता बनाने वाले हार्दिक पांड्या को टीम रिलीज कर सकती है। हालांकि ऐसा नहीं हुआ और हार्दिक को टीम ने रिटेन किया है। आईपीएल सीजन 2024 में हार्दिक पांड्या गुजरात आइटम की ओर से खेलते हुए नजर आएंगे। गुजरात टाइटंस ने अपने 8 खिलाड़ियों को रिलीज किया है जिसमें यश दयाल, केएस भरत, शिवम मावी, उर्विल पटेल, प्रदीप सांगवान, ओडियन स्मिथ, अल्जारी जोसेफ और दासुन सनाका शामिल है।

**Mumbai Indians ने रिलीज किया आर्चर-जॉर्डन को**

आईपीएल की आगामी सीजन के लिए मुंबई इंडियंस ने भी 11 खिलाड़ियों को रिलीज कर दिया है। रिलीज किए गए खिलाड़ियों में रशद खान, रमनदीप सिंह, ऋतिक शौकीन, राघव गोयल, जोफ्रा आर्चर, ट्रिस्टन स्टब्स, डुआन जानसेन, झे रिचड्र्सन, रिले मेरेडिथ, क्रिस जॉर्डन औ? संदीप वॉरियर का नाम शामिल है।

**राजस्थान ने नौ और पंजाब ने भी 5 खिलाड़ी किए रिलीज**

पंजाब किंग्स ने अपने पांच खिलाड़ियों को रिलीज कर दिया है। शिखर धवन की कप्तानी वाली टीम ने भानुका राजपक्षे, मोहित राठी, बलतेज ढांडा, राज अंगद बावा और शाहरुख खान को बाहर का रास्ता दिखाया है।

वहीं राजस्थान रॉयल्स ने नौ खिलाड़ियों का साथ छोड़ा है जिसमें जो रूट, अब्दुल बासित, जेसन होल्डर, आकाश वशिष्ट, कुलदीप यादव, ओबेड मैकॉय, मुरुगन अश्विन, केसी करियप्पा और केएम आसिफ का नाम शामिल है।

**केकेआर ने भी बाहर भेजे सबसे अधिक खिलाड़ी**

आगामी सीजन के लिए सबसे अधिक खिलाड़ियों को रिलीज करने वाली टीम कोलकाता नाइट राइडर्स बनी है। टीम ने कई विदेशी और भारतीय खिलाड़ियों को रिलीज कर दिया है।

### वर्ल्ड चैंपियन खिलाड़ी टी20 लीग में नहीं खेलेगा

## संजू सैमसन और राजस्थान रॉयल्स को बड़ा झटका



एजेंसियां

**नई दिल्ली:** आईपीएल 2024 की तैयारियों जोर-शोर से चल रही हैं। आज यानी 26 नवंबर तक सभी 10 टीमों को रीटेन और रिलीज किए गए खिलाड़ियों के नाम का ऐलान करना है। इससे पहले बड़ी खबर आ रही है। इंग्लैंड के दिग्गज क्रिकेटर जो रूट ने आईपीएल 2024 से हटने का फैसला किया है। यह फ्रेंचाइजी और कप्तान संजू सैमसन के लिए बड़ा झटका है। रूट ने आईपीएल 2023 से टी20 लीग में डेब्यू किया था। वे 2019 में वनडे वर्ल्ड कप का खिताब जीतने वाली इंग्लैंड की टीम में शामिल थे। इससे पहले इंग्लैंड के ही दिग्गज ऑलराउंडर बेन स्टोक्स वर्कलोड और फिटनेस का हवाला देते हुए इंडियन प्रीमियर लीग के मौजूदा सीजन से हट चुके हैं। स्टोक्स डिफेंडिंग चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स में शामिल थे।राजस्थान रॉयज्स के डायरेक्टर ऑफ क्रिकेट कुमार संगकारा ने बताया, हमारी रिटेंशन बातचीत के दौरान जो रूट ने आईपीएल 2024 में हिस्सा नहीं लेने के अपने फैसले के बारे में हमें जानकारी दी। उन्होंने बताया कि रूट जैसे अनुभवी खिलाड़ी फ्रेंचाइजी और खिलड़ियों में सकारात्मक प्रभाव डालने में सक्षम थे। हम उनके फैसले का सम्मान करते हैं। पिछले सीजन में रॉयल्स ने रूट को 1 करोड़ रुपये में टीम में शामिल किया था। उन्हें 3 ही मैच में खेलने का मौका था और एक मैच में बल्लेबाजी की थी। उन्होंने 10 रन बनाए थे।97 टी20 के मैच खेले32 साल के जो रूट इंग्लैंड के अनुभवी खिलाड़ियों में से एक हैं। उन्होंने 32 टी20 इंटरनेशनल के मुकाबलो में 5 अर्धशतक के सहारे 893 रन बनाए हैं। नाबाद 90 रन बेस्ट प्रदर्शन है। बतौर ऑफ स्पिनर 6 विकेट भी लिए हैं। रूट के ओवरऑल टी20 करियर की बात करें, तो उन्होंने 87 पारियों में 32 की औसत से 2235 रन बनाए हैं। 14 अर्धशतक लगाया है। नाबाद 92 रन बेस्ट प्रदर्शन है जबकि स्ट्राइक रेट 128 का है। बतौर ऑफ स्पिनर 24 विकेट भी लिए हैं।

## रश्मिका ने जीता अपना पहला आईटीएफ खिताब



एजेंसियां

**बेंगलुरू :** राष्ट्रीय चैम्पियन रश्मिका भामीदिपति ने रविवार को महिला विश्व टेनिस टूर के फाइनल में जील देसाई को हराकर अपना पहला आईटीएफ खिताब जीता। आज यहां बॉरिंग इंस्टीट्यूट कोर्ट में भारतीय खिलाड़ियों के बीच हुए फाइनल मुकाबले में रश्मिका ने 6-0, 4-6, 6-3 की जीत दर्ज करते हुए 3935 डॉलर की पुरस्कार राशि और 50 डब्ल्यूटीए अंक अपने नाम किये। देसाई को 2107 अमेरिकी डॉलर और 30 डब्ल्यूटीए अंक प्राप्त हुए। रश्मिका ने देसाई पहला सेट आसानी से 6-0 से जीत लिया। लेकिन सेट में देसाई ने वापसी करते हुए प्रतिद्वंद्वी की सर्विस तोड़ दी। इसके बाद रश्मिका ने चौथे और पांचवें गेम में सर्विस रखते हुए 3-2 से बढ़त बना ली। देसाई ने फिर वापसी करते हुए लगातार तीन गेम जीतकर सेट 6-4 से हासिल किया। निर्णायक मुकाबले में देसाई रश्मिका से 0-3 से पिछड़ रही।

## खेल जगत अपडेट्स »

### विराट कोहली का रिकॉर्ड तोड़ने के करीब सूर्यकुमार यादव



**नई दिल्ली :** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच दूसरा टी20 मैच खेला जाएगा। इस मुकाबले में सूर्या के पास कोहली का रिकॉर्ड तोड़ने का मौका होगा।भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच टी20 सीरीज का दूसरा मैच तिरुवनंतपुरम में खेला जाएगा। भारत ने पांच मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली है। उसने पिछले मुकाबले में रोमांचक जीत दर्ज की थी। सूर्यकुमार यादव ने 80 रनों की पारी खेली थी। सूर्या के पास एक बार फिर से कमाल दिखाने का मौका है। वे विराट कोहली का एक खास रिकॉर्ड तोड़ सकते हैं। इसके लिए उन्हें कुछ रनों की जरूरत है। दरअसल टी20 इंटरनेशनल में सूर्या 2000 रन पूरे करने के करीब हैं। इस फॉर्मेट में सबसे तेज 2000 रन बाबर आजम ने बनाए हैं। मोहम्मद रिजवान भी इस मामले में संयुक्त रूप से पहले स्थान पर हैं। कोहली दूसरे नंबर पर हैं। रिजवान और बाबर ने 52 पारियों में 2000 रन पूरे किए हैं। जबकि कोहली ने इसके लिए 56 पारियां ली हैं। सूर्या 51 पारियों में 1921 रन बना चुके हैं। उन्हें अब 79 रनों की जरूरत है।सूर्यकुमार ने भारत के लिए अब तक 54 टी20 मैच खेले हैं। उन्होंने इस दौरान 1921 रन बनाए हैं। सूर्या ने 3 शतक और 16 अर्धशतक लगाए हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ टी20 स्कोर 117 रन रहा है। अगर उनके वनडे रिकॉर्ड को देखें तो वह ज्यादा अच्छा नहीं रहा है। उन्होंने 37 मुकाबले में 773 रन बनाए हैं। इस दौरान 4 अर्धशतक लगाए हैं। वे एक टेस्ट मैच भी खेल चुके हैं।बता दें कि भारत ने ऑस्ट्रेलिया को टी20 सीरीज के पहले मैच में 2 विकेट से हरा दिया था। ऑस्ट्रेलिया ने पहले बैटिंग करते हुए 208 रन बनाए थे। इसके जवाब में टीम इंडिया ने 8 विकेट गंवाकर मैच जीत लिया था। सूर्यकुमार यादव ने 80 रनों की शानदार पारी खेली थी। अब टीम इंडिया तिरुवनंतपुरम में सीरीज का दूसरा मैच खेलने मैदान पर उतरेगी। इसके बाद 28 नवंबर को गुवाहाटी में मैच खेला जाएगा।

## खेसारी लाल यादव की फिल्म रंग दे बसंती का फर्स्ट लुक रिलीज



एजेंसियां

**मुंबई:** भोजपुरी सिनेमा के सुपरस्टार खेसारी लाल यादव और निर्माता रौशन सिंह की आने वाली फिल्म रंग दे बसंती का फर्स्ट लुक रिलीज हो गया है। फिल्म रंग दे बसंती के फर्स्ट लुक में खेसारी लाल यादव पंडित की भूमिका में नजर आ रहे हैं। एसआरके म्यूजिक प्राइवेट लिमिटेड प्रस्तुत फिल्म रंग दे बसंती के निर्माता रौशन सिह और सह निर्माता शर्मिला आर सिंह हैं। उन्होंने कहा कि इस फिल्म की यूएसपी इसकी बेजोड़ कहानी है जो दर्शकों को अपनी और आकर्षित करेगी और उन्हें खूब पसंद आएगी। फिल्म का ट्रेलर और रिलीज डेट भी हम जल्द ही अनाउंस करेंगे। यह फिल्म बेहद खास है और इसे हमने पूरी भव्यता के साथ बनाया है, तो हम उम्मीद करेंगे कि दर्शकों का भी प्यार खूब मिले। इस फिल्म से रति पांडे, डायना खान, अमिताभ भट्टाचार्य, फिरोज खान और मास्टर ऋषभ यादव इंट्रोड्यूस हो रहे हैं। फिल्म में सभी कलाकारों ने बेहतरीन काम किया है यह जब फिल्म रिलीज होगी तब दर्शकों को भी महसूस होगा। वही खेसारी लाल यादव ने फिल्म रंग दे बसंती को लेकर फिल्म के निर्माता रौशन सिंह और निर्देशक प्रेमांशु सिंह की तारीफ की है।

## डिस्टिक्टिव इंटरनेशनल अरब फेस्टिवल अवाड्र्स में सम्मानित हुयी जैकलीन



एजेंसियां

**मुंबई:** बॉलीवुड की जानीमानी अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडीस डिस्टिंक्टिव इंटरनेशनल अरब फेस्टिवल अवाड्र्स में सम्मानित की गयी। जैकलीन फर्नांडीज को हाल ही में दुबई में आयोजित डिस्टिंक्टिव इंटरनेशनल अरब फेस्टिवल अवाड्र्स के सातवें संस्करण में विशिष्ट पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार उन्हें फिल्म इंडस्ट्री में असाधारण योगदान के लिए मिला है। अवार्ड समारोह की तस्वीर जैकलीन ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर शेयर की हैं। अवॉर्ड से सम्मानित होने के बाद जैकलीन काफी खुश दिख रही हैं।फैंस जैकलीन की इन तस्वीरों को खूब लाइक कर रहे हैं और इस अचीवमेंट पर उन्हें बधाई भी दे रहे हैं। जैकलीन फर्नांडीस जल्द ही फिल्म क्रैक, फतेह और वेलकम टू द जंगल में नजर आएंगी।

## भगतराम पहली संगीताकार जोड़ी (भगतराम की पुण्यतिथि के अवसर पर)

एजेंसियां

**मुंबई :** भारतीय फिल्म संगीत जगत में अपनी धुनों के जादू से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध करने वाले संगीतकार तो कई हुए और उनका जादू भी श्रोताओं के सर चढ़कर बोला लेकिन उनमें कुछ ऐसे भी थे जो बाद में गुमनामी के अंधेरे में खो गये और आज उन्हें कोई याद भी नहीं करता। फिल्म इंडस्ट्री की पहली संगीतकार जोड़ी हुस्नलाल-भगतराम भी ऐसी ही एक प्रतिभा थे। हिन्दी फिल्मों के सुप्रसिद्ध पार्श्वगायक मोहम्मद रफी को प्रारंभिक सफलता दिलाने में हुस्नलाल-भगतराम का अहम योगदान रहा था। चालीस के दशक के अंतिम वर्षों में जब मोहम्मद रफी फिल्म जगत में बतौर पार्श्वगायक अपनी पहचान बनाने में लगे थे तो उन्हें काम ही नहीं मिलता था। तब हुस्नलाल-भगतराम की जोड़ी ने उन्हें एक गैर फिल्मी गीत गाने का अवसर दिया था।वर्ष 1948 में महात्मा गांधी की हत्या के बाद इस जोड़ी ने मोहम्मद रफी को राजेन्द्र कृष्ण रचित गीत ''सुनो सुनो ऐ दुनिया वालो बापू की अमर कहानी'' गाने का अवसर दिया। देशभक्ति के जज्बे से परिपूर्ण यह गीत श्रोताओं में काफी लोकप्रिय हुआ। इसके बाद अन्य संगीतकार भी मोहम्मद रफी की प्रतिभा को पहचानकर उनकी तरफ आकर्षित हुये और अपनी फिल्मों में उन्हें गाने का मौका देने लगे। मोहम्मद रफी हुस्नलाल-भगतराम के संगीत बनाने के अंदाज से काफी प्रभावित थे। मोहम्मद रफी, हुस्नलाल-भगतराम के संगीत बनाने के अंदाज से काफी प्रभावित थे और उन्होंने कई मौकों पर इस बात का जिक्र भी किया है। मोहम्मद रफी सुबह चार बजे ही इस संगीतकार जोड़ी के घर तानपुरा लेकर चले जाते थे जहां वह संगीत का रियाज किया करते थे। हुस्नलाल-भगतराम ने मोहम्मद रफी के अलावा कई अन्य संगीतकारों को पहचान दिलाने में अहम भूमिका निभायी थी। सुप्रसिद्ध संगीतकार जोडी शंकर जयकिशन ने हुस्नलाल-भगतराम से ही संगीत की शिक्षा हासिल की थी। मशहूर संगीतकार लक्ष्मीकांत भी हुस्नलाल-भगतराम से वायलिन बजाना सीखा करते थे। छोटे भाई हुस्नलाल का जन्म 1920 में पंजाब में जालंधर जिले के कहमां गावं में हुआ था जबकि बडे भाई भगतराम का जन्म भी इसी गांव में वर्ष 1914 में हुआ था। बचपन से ही दोनों का रूझान संगीत की ओर था। हुस्नलाल वायलिन और भगतराम हारमोनियम बजाने में रूचि रखते थे। हुस्नलाल और भगतराम ने संगीत की



प्रारंभिक शिक्षा अपने बडे भाई और संगीतकार पंडित अमरनाथ से हासिल की। इसके अलावा उन्होंने पंडित दिलीप चंद बेदी से से भी शास्त्रीय संगीत की शिक्षा ली थी। वर्ष 1930-1940 के दौरान संगीत निर्देशक शास्त्रीय संगीत की राग-रागिनी पर आधारित संगीत दिया करते थे। हुस्नलाल-भगतराम इसके पक्ष में नहीं थे। उन्होंने शास्त्रीय संगीत में पंजाबी धुनों का मिश्रण करके एक अलग तरह का संगीत देने का प्रयास दिया और उनका यह प्रयास काफी सफल भी रहा। उन्होंने अपने सिने करियर की शुरूआत वर्ष 1944 में प्रदर्शित फिल्म चांद से की। इस फिल्म में उनके संगीतबद्ध गीत दो दिलों की ये दुनिया श्रोताओं में काफी लोकप्रिय हुये लेकिन फिल्म की असफलता के कारण संगीतकार के रूप में वे अपनी खास पहचान नहीं बना सके। वर्ष 1948 में प्रदर्शित फिल्म प्यार की जीत में अपने संगीतबद्ध गीत एक दिल के टुकड़े हजार हुये'' की सफलता के बाद हुस्नलाल-भगतराम फिल्म जगत में अपनी पहचान बनाने में कामयाब हो गये।

मोहम्मद रफी की आवाज में कमर जलालाबादी रचित यह गीत आज भी रफी के दर्द भरे गीतों में विशिष्ट स्थान रखता है लेकिन दिलचस्प बात यह है कि हुस्नलाल-भगतराम ने यह गीत फिल्म प्यार की जीत के लिये नही बल्कि फिल्म सिंदूर के लिये संगीतबद्ध किया था। फिल्म सिंदूर के निर्माण के समय जब हुस्नलाल-भगतराम ने फिल्म निर्माता शशिधर मुखर्जी को यह गीत सुनाया तो उन्होंने इसे अनुपयोगी बताकर फिल्म में शामिल करने से मना कर दिया। बाद मे निर्माता ओ. पी. दत्ता ने इस गीत को अपनी फिल्म प्यार की जीत में इस्तेमाल किया। वर्ष 1950 में प्रदर्शित फिल्म चांद में अपने संगीतबद्ध गीत चुप चुप खड़े हो जरूर कोई बात है की सफलता के बाद यह जोड़ी फिल्म जगत में चोटी के संगीतकारो में शुमार हो गयी। इस गीत से जुड़ा एक रोचक तथ्य है कि उस जमाने में गांवों में रामलीला के मंचन से पहले दर्शको की मांग पर इसे अवशय बजाया जाता था। लता मंगेशकर और प्रेमलता की युगल आवाज में रचे-बसे इस गीत की तासीर आज भी बरकरार है । साठ के दशक मे पाश्चात्य गीत.संगीत की चमक से निर्माता निर्देशक अपने आप को नही बचा सके और धीरे धीरे निर्देशकों ने हुस्नलाल-भगतराम की ओर से अपना मुख मोड़ लिया। इसके बाद हुस्नालाल दिल्ली चले गये और आकाशवाणी में काम करने लगे जबकि भगतराम मुंबई में ही रहकर छोटे-मोटे स्टेज कार्यक्रम में हिस्सा लेने लगे। । भगतराम 26 नवंबर 1973 को बडी ही खामोशी के साथ इस दुनिया को अलविदा कह गये । हुस्नलाल इससे पहले 28 दिसंबर 1968 को चल बसे थे।

## प्रदेश >> अपडेट

### सड़क दुर्घटना मे एक व्यक्ति की मौत

**बस्ती :** उत्तर प्रदेश के बस्ती जिले मे दुबौलिया थाना क्षेत्र के रामजानकी मार्ग पर रविवार को अज्ञात वाहन ने एक व्यक्ति को टक्कर मार दिया जिससे उसकी मौत हो गयी। यहां यह जानकारी देते हुए पुलिस सूत्रो ने बताया कि दुबौलिया थाना क्षेत्र के रामजानकी मार्ग पर गोकुलपुर ग्राम निवासी राजमणि चर्तुवेदी (55) को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी।

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

### धनखड़ ने दी गुरु नानक जयंती की शुभकामनाएं

**नयी दिल्ली :** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने गुरु नानक जयंती की पूर्व संध्या पर को शुभकामनाएं दी हैं। उप राष्ट्रपति सचिवालय ने रविवार को यहां यह जानकारी दी। धनखड़ ने कहा, मैं गुरु नानक देव जी की जयंती के शुभ अवसर पर सभी भारतीयों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देता हूं। उन्होंने कहा कि गुरु नानक देव जी आध्यात्मिक ज्ञान के प्रकाश पुंज थे। उनकी शिक्षाएं मानवता से गहराई से मेल खाती हैं और सभी प्राणियों की एकता पर जोर देती हैं तथा समानता, दया और निस्वार्थ सेवा की बात करती हैं। धनखड़ ने कहा कि सहिष्णुता और असीम करुणा का उनका गहरा संदेश जाति, पंथ, धर्म और राष्ट्रीयता की सीमाओं को पार करते हुए मानव जाति का मार्गदर्शन करता रहता है। उन्होंने कहा, यह शुभ दिन सत्यनिष्ठा, सद्भाव और सार्वभौमिक भाईचारे के सिद्धांतों के प्रति चिंतन और समर्पण का समय होना चाहिए।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### जनता के आशीर्वाद से 'आप' एक राष्ट्रीय पार्टी बनी: केजरीवाल

**नयी दिल्ली :** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि आम आदमी पार्टी(आप) को जनता ने अपने प्यार और आशीर्वाद से राष्ट्रीय पार्टी में बदल दिया है। केजरीवाल ने एक्स पर कहा आज ही के दिन साल 2012 में देश के आम आदमी ने उठकर अपनी खुद की पार्टी 'आम आदमी पार्टी' की स्थापना की थी। तब से लेकर आज तक इन 11 साल में बहुत उतार-चढ़ाव आए, बहुत मुश्किलें भी आई लेकिन हम सबके जज़्बे और जुनून में कोई कमी नहीं आई है। उन्होंने कहा एक छोटी सी पार्टी को आज जनता ने अपने प्यार और आशीर्वाद से एक राष्ट्रीय पार्टी में बदल दिया है, जनता का आशीर्वाद हमारे साथ है, हम सब अपने मज़बूत इरादों के साथ आगे बढ़ते रहेंगे और जनता के लिए काम करते रहेंगे। उन्होंने आख़िर में सभी कार्यकर्ताओं को पार्टी के स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दी। उल्लेखनीय है कि आम आदमी पार्टी की स्थापना 26 नवंबर 2012 को हुई थी।

### शिवराज ने दी संविधान दिवस की शुभकामनाएं

**भोपाल :** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने राज्य की जनता को संविधान दिवस की शुभकामनाएं देते हुए आज कहा कि हम सभी देश के सर्वांगीण विकास हेतु संविधान में वर्णित कर्तव्यों को पूर्ण निष्ठा से निभाने का संकल्प लें। चौहान ने एक्स पर पोस्ट किया, प्रत्येक भारतीय का अभिमान, लोकतंत्र का प्राण है। विश्व बंधुत्व की भावना से दीप्त, भारत का संविधान है। संविधान दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं। उन्होंने कहा कि इस पावन अवसर पर हम सभी संवैधानिक मूल्यों व अधिकारों से परिचित हों और देश के सर्वांगीण विकास हेतु संविधान में वर्णित कर्तव्यों को पूर्ण निष्ठा से निभाने का संकल्प लें।

**हमला** विस्फोटों की लहरों से परमाणु ऊर्जा संयंत्र सहित क्षेत्र में बुनियादी ढांचे को नुकसान

# रूस ने अब तक का सबसे भीषण ड्रोन हमला किया

- ड्रोन का मलबा दो आवासीय इमारतों पर गिरा
- प्रशासन ने निवासियों को छिपने की चेतावनी
- कई स्थानों पर आग लग गई



**एजेंसियां**

**कियेब:** यूक्रेनी अधिकारियों का कहना है कि रूस ने युद्ध की शुरूआत के बाद से यूक्रेन के खिलाफ सबसे बड़ा ड्रोन हमला किया है। स्थानीय अधिकारियों के अनुसार, रूस ने शनिवार को यूक्रेन की राजधानी कियेब के खिलाफ अपने आक्रमण की शुरूआत के बाद से सबसे बड़ा ड्रोन हमला किया है। कुल लगभग 75 शहीद ड्रोन दो दिशाओं - प्रिमोर्स्को-अख्तरस्क और कुर्स्क क्षेत्र, रूस से लॉन्च किए गए थे। प्राथमिक लक्ष्य कियेब शहर था, यूक्रेन की वायु सेना ने एक टेलीग्राम पोस्ट में हमले को ड्रोन की रिकॉर्ड संख्या के रूप में वर्णित किया। इसमें कहा गया है कि हवाई सुरक्षा ने यूक्रेन के छह क्षेत्रों में ईरान निर्मित 71 ड्रोनों को रोका - लेकिन अधिकांश ड्रोन कियेब क्षेत्र में रोके गए। वायु सेना ने कहा, हवाई हमले को विफल करने में विमान भेदी मिसाइल सेना, सामरिक विमानन, मोबाइल फायर समूह और इलेक्ट्रॉनिक युद्ध इकाइयां शामिल थीं। इसमें कहा गया है कि निप्रॉपेट्रोस क्षेत्र में एक केएच 59 निर्देशित मिसाइल भी नष्ट कर दी गई। कियेब शहर के सैन्य प्रशासन के प्रवक्ता मायखाइलो शमनोव ने राजधानी की ओर विभिन्न दिशाओं से आने वाले ड्रोन की कई बार के हमलों का वर्णन किया। कियेब में एक पत्रकार ने ऊपर से ड्रोन की गड़गड़ाहट के बीच तेज धमाकों और बार-बार होने वाली धमाकों की आवाज सुनी। शहर के सैन्य प्रशासन ने निवासियों को छिपने की चेतावनी देते हुए कहाः बड़ी संख्या में दुश्मन यूएवी विभिन्न दिशाओं से कियेब में प्रवेश कर रहे हैं। हम आपसे अलार्म बजने तक आश्रयों में रहने का आग्रह करते हैं! शमनोव के अनुसार, इस महीने कियेब पर यह चौथा ड्रोन हमला था। कियेब के मेयर विटाली क्लिट्स्को के अनुसार, कियेब के सोलोमियांस्की जिले में कम से कम दो लोग घायल हो गए। क्लिट्स्को ने कहा, सोलोमियांस्की जिले में कई स्थानों पर आग लग गई, जिसमें एक आवासीय इमारत और अन्य गैर-आवासीय परिसर भी शामिल हैं। उन्होंने कहा कि सोलोमियांस्की जिले में पांच मंजिला आवासीय इमारत की दूसरी मंजिल क्षतिग्रस्त हो गई, और गिराए गए ड्रोन का मलबा दो आवासीय इमारतों पर गिरा - एक निप्रोवस्की जिले में, दूसरा होलोसिवस्की जिले में।

एक अलग बयान में, कियेब शहर के सैन्य प्रशासन के प्रमुख सेरही पोपको ने कहा कि सोलोमियांस्की जिले में एक ड्रोन को गिराए जाने के बाद एक किंडरगार्टन के परिसर में आग लग गई थी। देश के ऊर्जा मंत्रालय ने कहा कि यह हालिया हमला कियेब कट पर हुआ है। ओवरहेड लाइन की बिजली बंद कर दी गई, जिससे शहर के केंद्र में 77 आवासीय भवन और 120 प्रतिष्ठान बिजली से वंचित हो गए। यूक्रेनी ऊर्जा कंपनी डीटीईके ने शनिवार को बाद में घोषणा की कि सभी कियेब निवासियों के लिए बिजली बहाल कर दी गई है। पिछली सर्दियों में, रूस ने यूक्रेन के ऊर्जा बुनियादी ढांचे को कमजोर करने के लिए मिसाइल और ड्रोन हमलों का निरंतर अभियान चलाया। पश्चिमी यूक्रेन में खमेलनित्सकी नियमित रूप से हमलों का निशाना बन गया है, विस्फोटों की लहरों से परमाणु ऊर्जा संयंत्र सहित क्षेत्र में बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंच रहा है।

## सिख श्रद्धालु गुरु नानक की जयंती मनाने पाकिस्तान पहुंचे



**एजेंसियां**

**लाहौरः** सिख धर्म के संस्थापक बाबा गुरु नानक देव जी की 554वीं जयंती में भाग लेने के लिए भारत से लगभग 3,000 सिख यात्रियों (तीर्थयात्रियों) का प्रतिनिधिमंडल यहां वाघा सीमा के रास्ते से पाकिस्तान पहुंचा। इवेक्यू ट्रस्ट प्रॉपर्टी बोर्ड (ईटीपीबी) के अतिरिक्त सचिव (धर्मस्थल) राणा शाहिद सलीम, पाकिस्तान सिख गुरुद्वारा प्रबंधक समिति (पीएसजीपीसी) के प्रधान सरदार अमीर सिंह, समिति के सदस्य सरदार सतवंत सिंह, सरदार रविंदर सिंह और अन्य ने तीर्थयात्रियों का गर्मजोशी से स्वागत किया। शनिवार को ननकाना साहिब में गुरु नानक की 554वीं जयंती के अवसर पर धार्मिक अनुष्ठानों में भाग लेने के लिए बड़ी संख्या में सिख यात्री पाकिस्तान पहुंचे। राणा शाहिद सलीम ने मेहमानों का स्वागत करते हुए कहा कि तीर्थयात्रियों के लिए विशेष बसों की व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा, हम दुनिया भर से आए सभी सिख तीर्थयात्रियों का खुले दिल से स्वागत करते हैं। पीएसजीपीसी प्रधान सरदार अमीर सिंह ने कहा कि 25 नवंबर से चार दिसंबर तक पाकिस्तान में 10 दिवसीय प्रवास के दौरान, तीर्थयात्री गुरुद्वारा जन्मस्थान ननकाना साहिब, गुरुद्वारा पुंजा साहिब हसनअबदाल, गुरुद्वारा सच्चा सौदा, गुरुद्वारा डेरा साहिब लाहौर, गुरुद्वारा रोहरी साहिब ऐमनाबाद और गुरुद्वारा दरबार साहिब करतारपुर नारोवाल का दौरा करेंगे।

## संवैधानिक अधिकारों को कुचल रहे भाजपा-आरएसएस: खड़गे



**एजेंसियां**

**नयी दिल्ली:** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे ने संविधान को भारतीय लोकतंत्र की जीवन रेखा बताते हुए कहा है कि भारतीय जनता पार्टी(भाजपा) और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) देश की जनता के संवैधानिक अधिकारों को कुचल रहे हैं। खडगे ने संविधान दिवस पर आज अपने संदेश में कहा भारत का संविधान हमारे लोकतंत्र की जीवन रेखा है। हम 74वें संविधान दिवस को मनाते हुए इसके निर्माताओं के कृतज्ञ हैं और उनके प्रति अत्यंत श्रद्धा से सर नवाते हैं - क्योंकि उन्होंने हमारे संविधान में प्रत्येक भारतीय के सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक अधिकारों की गारंटी दी है। उन्होंने कहा, इन गारंटियों के बावजूद आज हमारे संविधान की भावना के समक्ष अनेक चुनौतियां सामने आकर खड़ी हो गई हैं और लोगों को इन चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। देश का वर्तमान शासन संविधान में निहित सभी स्वतंत्रताओं को कुचलने और कम करने के लिए हर चाल चल रहा है। असहमति को दबाया जा रहा है और संस्थाओं को सत्तावादी व्यवस्था लागू करने के खेल में मोहरा बनाया जा रहा है। यही नहीं सामाजिक परिवर्तनों की आड़ में नफरत को परोसा जा रहा है। खडगे ने कहा आरएसएस भाजपा संविधान पर व्यवस्थित और तीखा हमला करने के लिए सरकारी मशीनरी के हर नट और बोल्ट का बड़े पैमाने पर दुरुपयोग कर रहे है। ऐसा लगता है कि हम जल्द ही उस चरम बिंदु पर पहुंच जाएंगे जहां सामाजिक न्याय और सद्भाव खत्म हो जाएगा और कमजोर वर्गों के डारे अधिकार धीरे-धीरे छीन लिए जाएंगे। यह विभाजन और नफरत की इस राजनीति के खिलाफ खड़े होने का समय है। उन्होंने कहा कांग्रेस इस लड़ाई को आगे बढ़कर लड़ रही है। पार्टी नेता राहुल गांधी ने शांति,एकता, सौहार्द और करुणा का संदेश फैलाने के लिए भारत जोड़ो यात्रा का नेतृत्व किया।

## मोदी पर अभद्र टिप्पणी, केरल के माकपा नेता को मानहानि का नोटिस



**एजेंसियां**

**तिरुवनंतपुरम :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर अपमानजनक टिप्पणी करने के मामले में केरल के मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी(माकपा) नेता जैक सी थॉमस को मानहानि नोटिस दिया गया है। वरिष्ठ पत्रकार एवं भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पूर्व राष्ट्रीय बौद्धिक संयोजक डॉ आर बालाशंकर ने गत 19 नवंबर को एशियानेट टीवी न्यूज चैनल पर चर्चा के दौरान मोदी को 'नराधमन' के रूप में संदर्भित करने के लिए थॉमस को मानहानि का कानूनी नोटिस भेजा है। डॉ बालाशंकर ने अपने बयान में कहा कि थॉमस ने न केवल एक उच्च संवैधानिक हस्ती के खिलाफ अप्रिय टिप्पणी की, बल्कि अन्य सम्मानित पैनलिस्ट की ओर से ऐसी टिप्पणियों पर आपत्ति जताने पर भी उन्होंने (थॉमस) ने उस बयान को दोहराना जारी रखा और समाचार एंकर के अनुरोध को भी नजरअंदाज कर दिया। ऑर्गेनाइजर वीकली के पूर्व संपादक बालाशंकर ने कहा कि बिना शर्त सार्वजनिक माफी मांगने में विफल रहने की स्थिति में उनके खिलाफ उचित कानूनी कार्यवाही शुरू की जायेगी। उन्होंने कहा, लोकतांत्रिक तरीके से चुनाव लड़ने और दो-तिहाई बहुमत से जीतने के बाद नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बने। माकपा नेता की अपमानजनक टिप्पणी देश के 1.4 अरब लोगों और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का अपमान है।

## उत्तरी गाजा पहुंची 61 ट्रक सहायता सामग्री: संरा

**एजेंसियां**

**संयुक्त राष्ट्रः** मानवीय मामलों के समन्वय के लिए संयुक्त राष्ट्र के कार्यालय (ओसीएचए) ने कहा है कि शनिवार को उत्तरी गाजा में 61 ट्रक सहायता सामग्री पहुंचाई गई, जो सात अक्टूबर को हमास और इजरायल के बीच शुरू हुए संघर्ष बाद से सबसे ज्यादा सहायता सामग्री है। संरा के मुताबिक सहायता सामग्री में भोजन, पानी और आपातकालीन चिकित्सा आपूर्ति शामिल है। इसके साथ ही घायल लोगों का उपचार करने में सहायता के लिए 11 एम्बुलेंस, तीन कोच और एक फ्लैटबेड उत्तरी गाजा के अल शिफा अस्पताल में पहुंचाया गया। संरा ने बताया कि अन्य 200 ट्रकों को इज़रायली सीमावर्ती शहर नित्ज़ाना से राफ़ा क्रॉसिंग के लिए भेजा गया। उनमें से 187 स्थानीय समयानुसार शनिवार रात तक गाजा में प्रवेश कर गए। संरा कार्यालय के अनुसार, इसके अलावा 1,29,000 लीटर ईंधन गाजा पहुंच गया है। संरा के अनुसार इनमें से कोई भी आपूर्ति फ़लिस्तीनी और मिस्र की रेड क्रिसेंट सोसाइटीज़ की सहायता के बिना संभव नहीं होती। मानवीय संघर्ष विराम जितना लंबा रहेगा, मानवीय एजेंसियां गाजा में उतनी ही अधिक सहायता भेज सकेंगी। संरा ने कहा, हम आज और अधिक बंधकों की रिहाई का स्वागत करते हैं और सभी बंधकों की तत्काल और बिना शर्त रिहाई के लिए अपना आह्वान दोहराते हैं। हमें उम्मीद है कि अधिक फिलिस्तीनी बंदियों की रिहाई से उनके परिवारों और प्रियजनों को राहत मिलेगी।

**रिहाई** विदेशियों के अलावा 13 इजरायली बंधक गाजा छोड़ा जाएगा

# देरी के बाद भी इजरायली बंधकों की दूसरी रिहाई जारी रहेगी: हमास

- 39 फिलिस्तीनियों को आज रात रिहा कर दिया जाएगा
- हमास ने 24 बंधकों को रिहा कर दिया, जिनमें 13 इजरायली, 10 थाईलैंड के



**राष्ट्रीय खबर**

**गाजा/दोहाः** फिलिस्तीनी इस्लामिक प्रतिरोध आंदोलन (हमास) ने शनिवार देर रात कहा कि फिलिस्तीनी कैदियों के लिए इजरायली बंधकों की दूसरी अदला-बदली कई घंटों की देरी के बाद आगे बढ़ेगी। हमास ने एक बयान में कहा कि उसने मिस्र और कतर द्वारा आंदोलन को आश्वासन दिए जाने के बाद अस्थायी संघर्ष विराम समझौते की निरंतरता सुनिश्चित करने का निर्णय लिया है और उम्मीद करता है कि इज़रायल समझौते में निर्धारित सभी शर्तों का पालन करेगा। उधर, कतर के विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि दोनों पक्षों के साथ कतर-मिस्र के संपर्कों के माध्यम से कैदियों की रिहाई में आने वाली बाधाओं को दूर कर लिया गया है और 39 फिलिस्तीनियों को आज रात रिहा कर दिया जाएगा, जबकि सात विदेशियों के अलावा 13 इजरायली बंधक गाजा छोड़ा जाएगा। फिलिस्तीनी कैदियों के लिए इजरायली बंधकों की दूसरी अदला-बदली शनिवार को स्थानीय समय शाम चार बजे के आसपास होने वाली थी, लेकिन कई घंटों की देरी हुई। हमास ने पहले दिन में कहा था कि उसने दूसरी रिहाई में देरी करने का फैसला किया है क्योंकि इज़रायल गाजा के उत्तरी क्षेत्रों में राहत ट्रकों के प्रवेश के संबंध में शर्तों का पालन करने में विफल रहा है। उल्लेखनीय है कि कतर और मिस्र की मध्यस्थता के तहत हमास और इज़रायल ने बुधवार को लड़ाई को अस्थायी रूप से रोकने के लिए चार दिवसीय मानवीय संघर्ष विराम पर सहमति व्यक्त की थी। शुक्रवार को संघर्ष विराम समझौता प्रभावी होने के बाद हमास ने 24 बंधकों को रिहा कर दिया, जिनमें 13 इजरायली, 10 थाईलैंड के निवासी और एक फिलिपीन्स का नागरिक शामिल था, जबकि इजरायल ने 39 फिलिस्तीनी कैदियों को रिहा कर दिया। गैर-इजरायली नागरिकों की रिहाई युद्धविराम समझौते से अलग है।

## न्यूज फटाफट

### जापान में भूकंप के तेज झटके

**टोक्यो :** जापान के होंशू के पूर्वी तट पर रविवार को तड़के भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। अंतरराष्ट्रीय समय के अनुसार आज तड़के 01.47 महसूस किए गए भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 5.1 मापी गयी। जीएफजेड जर्मन रिसर्च सेंटर फॉर जियोसाइंसेज ने बताया कि भूकंप का केंद्र धरती की सतह से 10.0 किलोमीटर की गहराई में 37.81 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 142.74 डिग्री पूर्वी देशांतर में था।

### हमास ने 13 इजरायलियों सहित 17 लोगों को किया रिहा

**गाजा :** हमास ने फिलिस्तीनी कैदियों के छोड़े जाने के बदले में 13 इजरायली बंधकों के दूसरे समूह को रिहा कर दिया है। उल्लेखनीय है कि हमास ने इज़रायल पर समझौते का उल्लंघन करने का आरोप लगाया था, जिसके कारण बंधकों के बदले कैदियों की अदला-बदली में कई घंटों रूकी रही। क़तर और मिस्र के मध्यस्थों के हस्तक्षेप और इज़राइल के आश्वासन के बाद हमास आगे बढ़ने के लिए सहमत हो गया और देर रात 13 इज़रायलियों और थाईलैंड के चार बंधकों को रिहा कर दिया। अधिकारियों ने कहा कि इज़रायल ने बदले में 39 फिलिस्तीनी कैदियों को रिहा कर दिया। न्यूज एजेंस एएफपी की फोटो और वीडियो में दिखाई दे रहा है कि रेड क्रॉस की मिनीबसों को देर रात बंधकों को इज़रायल स्थानांतरित करने से पहले गाजा की राफा सीमा के माध्यम से मिस्र की सीमा को पार कर रही हैं। इस बीच जर्मनी की विदेश मंत्री एनालेना बेयरबॉक ने कहा है कि वह चार जर्मन-इजरायल सहित हमास के बंधकों के दूसरे समूह की रिहाई से राहत महसूस कर रही हैं। उन्होंने एक्स पर लिखा, मैं उनके बारे में और उन लोगों के बारे में सोच रही हूं,जो अभी भी हमास के कैद में हैं। हम यह सुनिश्चित करने के लिए अपनी पूरी ताकत से काम कर रहे हैं कि वे भी जल्द ही मुक्त हो जाएं।

### चीन की वायु गुणवत्ता में सुधार हुआ

**बीजिंग :** चीन के कई शहरों में अक्टूबर में वायु गुणवत्ता में सुधार हुआ है। पारिस्थितिकी और पर्यावरण मंत्रालय के आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। मंत्रालय द्वारा निगरानी किए गए 339 शहरों के लिए, अच्छी वायु गुणवत्ता वाले दिनों की हिस्सेदारी पिछले महीने 93.4 प्रतिशत थी, जो साल दर साल 1.6 प्रतिशत अंक अधिक थी। दक्षिण पश्चिम चीन के ज़िज़ांग स्वायत्त क्षेत्र की राजधानी ल्हासा, अक्टूबर में अच्छी वायु गुणवत्ता के मामले में देश में शीर्ष पर रही। इसके बाद दक्षिण-पश्चिम चीन के गुइझोऊ प्रांत में गुइयांग और पूर्वी प्रांत झेजियांग में झोउशान का स्थान आया। आंकड़ों से पता चला कि जनवरी-अक्टूबर की अवधि के दौरान, इन 339 शहरों में अच्छी वायु गुणवत्ता वाले दिनों की हिस्सेदारी 85.1 प्रतिशत थी, जो एक साल पहले की तुलना में 1.2 प्रतिशत अंक कम है।

### पाकिस्तान में सड़क हादसे में सात की मौत, 18 घायल

**इस्लामाबाद :** पाकिस्तान में दो अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में कम से कम सात लोगों की मौत हो गई और 18 अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी है। सरकारी राहत एवं बचाव संगठन रेस्क्यू 1122 के अनुसार शनिवार को घटित हुयी पहली घटना में चार यात्रियों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। यह घटना पूर्वी पंजाब प्रांत में अटक जिले के फतेह जंग इलाके में घटित हुयी। यहां एक एक्सप्रेसवे पर एक कार एक ट्रॉलर से टकरा गई। इस घटना की जानकारी मिलते ही बचाव कर्मी और राजमार्ग गश्ती पुलिस घटनास्थल पर पहुंचे और शवों तथा घायलों को पास के अस्पताल में पहुंचाया। पुलिस ने कहा कि कार चालक ने वाहन पर से नियंत्रण खो दिया और तेज रफ्तार कार ने लंबे वाहन को पीछे से टक्कर मार दी।

### कराची में शॉपिंग मॉल में आग लगने से 11 की मौत, 20 से अधिक झुलसे

**इस्लामाबाद :** पाकिस्तान के बंदरगाह शहर कराची में शनिवार को एक शॉपिंग मॉल में भीषण आग लग गई, जिसमें कम से कम 11 लोगों की मौत हो गई और 20 से अधिक झुलस गए। कराची के पूर्वी जिले के उपायुक्त अल्ताफ शेख ने शनिवार शाम मीडिया को घटना की पुष्टि करते हुए कहा कि मरने वालों की संख्या बढ़ सकती है।

### आज का इतिहास

- 1001 : गजनी के सुल्तान महमूद के साथ हुई लड़ाई में जयपाल की हार।
- 1795 : एक बांग्ला नाटक का कलकत्ता के एजरा स्ट्रीट में स्टेज पर पहली बार सार्वजनिक मंचन किया गया।
- 1815 : पोलैंड साम्राज्य ने संविधान अपनाया।
- 1895 : अल्फ्रेड नोबेल ने नोबेल पुरस्कार की स्थापना की।
- 1907 : प्रसिद्ध कवि और लेखक हरिवंश राय बच्चन का जन्म। आज की पीढ़ी उन्हें भले अमिताभ बच्चन के पिता के तौर पर जानती हो, लेकिन हिंदी साहित्य में उनका योगदान सदैव सराहा जाता रहेगा।
- 1912 : अल्बानिया ने राष्ट्रीय ध्वज अपनाया।
- 1932 : पोलैंड और तत्कालीन सोवियत संघ ने अनाक्रमण समझौते पर हस्ताक्षर किया।
- 1940 : ब्रूस ली का जन्म। सान फ्रांसिस्को में जन्मे और हांगकांग में पले बढ़े ब्रूस को मार्शल आर्ट में महारत हासिल थी और उन्होंने 70 के दशक में मार्शल आर्ट पर आधारित बहुत सी फिल्मों में काम किया और इस कला का दुनियाभर में प्रसार किया।
- 1948 : राष्ट्रीय कैडेट कोर :एनसीसी: की स्थापना।
- 1966 : उरुग्वे ने संविधान अपनाया।
- 1975 : बीबीसी के कार्यक्रम प्रस्तुतकर्ता रोस मैक्र्स्टर की गोली मारकर हत्या। उन्हें गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड के सह संस्थापक के तौर पर भी जाना जाता है।
- 1895 : स्वीडन के केमिस्ट, इंजीनियर और उद्योगपति अल्फ्रेड बर्नाड नोबेल ने अपनी वसीयत पर दस्तख्त किए, जिसके आधार पर नोबेल पुरस्कारों की स्थापना की गई और 1901 में पहली बार नोबेल पुरस्कार प्रदान किए गए। अल्फ्रेड नोबेल ने डायनामाइट और कई अन्य शक्तिशाली विस्फोटकों की खोज की थी।
- 1986 : भारतीय क्रिकेटर सुरेश रैना का जन्म।
- 2001 : हब्बल टेलीस्कोप ने सौर मंडल से बाहर ओसाइरस ग्रह पर हाइड्रोजन युक्त वायुमंडल की खोज की। सौरमंडल से बाहर ऐसे वायुमंडल वाला यह पहला ग्रह है।
- 2005 : फ्रांस में इजाबेल दिनोरे नामक महिला का दुनिया में पहली बार सफल आंशिक चेहरा प्रतिरोपण हुआ।
- 2008 : भारत के पूर्व प्रधानमंत्री विश्वनाथ प्रताप सिंह का निधन।
- 2011 : प्रसिद्ध भारतीय शास्त्रीय संगीतकार सुल्तान खान का निधन।
- 2012 : यूरोजोन ने वित्तीय संकट से जूझ रहे यूनान को 43.7 अरब यूरो का ऋण देने की घोषणा की।
- 2013 : दुनिया में सबसे ज्यादा कमाई करने वाली एनिमेशन फिल्म 'फ्रोजन' रिलीज हुई।
- 2014 : आस्ट्रेलियाई क्रिकेटर फिलिप 'ूज की बाउंसर से घायल होने के कारण मौत।
- 2017 : उत्तर प्रदेश के उरई में पत्ते चरने और गमले तोड़ने के आरोप में चार दिन जेल में बंद रहने के बाद आठ गदहों को रिहा किया गया।
- 2019 : भारतीय नौसेना के पूर्व प्रमुख एडमिरल सुशील कुमार का निधन।
- 2019 : पृथ्वी की बेहद साफ तस्वीर लेने वाले भारत के कार्टोसैट-3 उपग्रह का सफल प्रक्षेपण।

# राष्ट्रीय ख़बर
हमारी नज़र

प्रथम पृष्ठ 2

रांची सोमवार 12

web : www.rashtriyakhabar.com
epaper.rastriyakhabar.com

27:11:2023


## आईएएस में प्रमोशन के लिए बोर्ड सहमत

रांची:झारखंड प्रशासनिक सेवा से आईएएस में प्रमोशन देने के लिए यूपीएससी बोर्ड सहमत हो गया है। 11 अधिकारियों को आइएएस में प्रोन्नति मिलेगी। विगत 20 नवंबर को हुई बैठक में इस पर सहमति बन गयी है। कार्मिक मंत्रालय भारत सरकार के समक्ष संचिका भेजी जायेगी। लगभग एक माह में इस संबंध में अधिसूचना भी जारी कर दी जायेगी।

**खुलासा** धुर्वा पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज से मिले साक्ष्य के आधार पर आरोपी को गिरफ्तार किया

# रांची के भगवान जगन्नाथ मंदिर परिसर में चोरी मामले का खुलासा, आरोपी गिरफ्तार

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** भगवान जगन्नाथ मंदिर में चोरी करने वाला चोर आखिरकार पकड़ा गया है। धुर्वा पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज से मिले साक्ष्य के आधार पर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। साथ ही चोरी के अधिकांश सामान को भी बरामद कर लिया गया है। गिरफ्तार आरोपी मंदिर के पास ही स्थित मौसीबाड़ी का रहने वाला है।झारखंड के प्रसिद्ध जगन्नाथ मंदिर में चोरी करने वाले शातिर चोर सन्नी उरांव को रांची पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार सन्नी मंदिर से कुछ ही दूरी पर स्थित मौसीबाड़ी में रहता था। उसने 20 नवंबर की रात मंदिर परिसर स्थित पुजारी के कमरे में



चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। चोरी की वारदात के बाद पुलिस की काफी फजीहत हुई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए एक स्पेशल टीम चोरों की तलाश में जुटी हुई थी।रांची पुलिस को 21 नवंबर को मंदिर परिसर में भी चोरी की सूचना मिली थी। जिसके बाद आखिरकार छठे दिन चोर को गिरफ्तार किया गया और चोरी के सभी सामान बरामद कर लिए गए हैं। दरअसल, चोरी की वारदात को सुलझाने के लिए रांची पुलिस के द्वारा मंदिर परिसर में लगे सभी सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए थे, लेकिन उससे पुलिस को कोई खास मदद हाथ नहीं लगी, लेकिन पुलिस ने जब एक घर में लगे सीसीटीवी कैमरे को खंगाला तो उसमें सामान ले जाते हुए सन्नी दिखाई दिया। पुलिस को यह भी जानकारी मिल गई की सन्नी मौसीबाड़ी का रहने वाला है, लेकिन तब तक वह फरार हो चुका था। इसी बीच रविवार की सुबह सूचना मिली कि सन्नी अपने घर आया हुआ है। जिसके बाद पुलिस ने उसे दबोच लिया।इस संबंध में धुर्वा थाना प्रभारी विमल नंदन सिन्हा ने बताया कि मंदिर में चोरी करने वाला आरोपी पुलिस के पकड़ में आ चुका है। उसकी निशानदेही पर पुलिस की एक टीम चोरी किए गए सामानों की बरामदगी के लिए गई है।गौरतलब है की झारखंड के प्रसिद्ध जगन्नाथ मंदिर में 20 नवंबर 2023 की रात चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया था। मंदिर परिसर स्थित पुजारी के कमरे को अज्ञात चोरों ने निशाना बनाया था। जगन्नाथ मंदिर परिसर के भीतर ही पुजारी का कमरा बना हुआ है। 20 नवंबर की देर रात मंदिर परिसर स्थित पुजारी के कमरे से 20 हजार रुपए नगद, कई पेन ड्राइव, मंदिर के सजावट के सामान और साउंड सिस्टम को गायब कर दिया गया था।

# इक्फाई युनिवर्सिटी, रांची में संविधान दिवस के अवसर पर हुआ कार्यक्रम का आयोजन

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** झारखंड लीगल सर्विस अथॉरिटी( झालसा ) के तत्वाधान में तथा न्यायायुक्त-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डालसा), रांची के निर्देश पर रविवार को संविधान दिवस के अवसर पर सभी ब्लॉक एवं लिगल-एड-क्लिनिक में संविधान दिवस मनाया गया। ईकफाई युनिवर्सिटी, रांची में भी संविधान दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डालसा सचिव राकेश रंजन उपस्थित थे। कार्यक्रम में छात्रों ने संविधान दिवस के अवसर पर पोस्टर एवं वाद विवाद प्रतियोगिता में भाग लिया। छात्रों ने संविधान की प्रस्तावना का पाठन भी किया। डालसा सचिव ने विधि के छात्रों को संविधानिक मूल्यों को प्रभावी ढंग से साकार करने के लिए उनसे अपेक्षित प्रयासों की चर्चा की। उन्होंने संविधानिक




मूल अधिकारों एवं मूल कर्तव्यों की भी चर्चा की। संविधान दिवस के अवसर पर डालसा , राची द्वारा शहर के विभिन्न स्कूल कॉलेजों में छात्र छात्राओं के बीच कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें जागरूक किया और उनके बीच संविधान से संबंधित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कस्तुरबा गांधी आवासीय विद्यालय, मांडर में भी संविधान दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम प्रधानाध्यापिका, श्वेता कुमारी, वार्डन इंदू लकड़ा, पीएलवी सुमन ठाकुर आदि उपस्थित थे। इस दौरान बच्चों को संविधान के बारे में बताया गया तथा उन्हें उनके अधिकार बाल श्रम, बाल विवाह एवं पोक्सो एक्ट के बारे में जानकारी दी गयी।

# भारत में राम राज्य की परिकल्पना साकार हो रहा: स्वामी दिव्यानंद

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** कार्तिक मास की दीपावली के पश्चात माघ मास में भी दीपावली मनेगी, हिंदू राष्ट्र होने तक चैन से नहीं रहेंगे इसके अतिरिक्त कई अन्य हिंदू सनातनियों को व्यवहार में लाने का सूत्र प्रख्यात हिंदू धर्मगुरु परम पूज्य स्वामी दिव्यानंद जी महाराज ने नगड़ी वासियों को बताया। आयोजन था श्री त्रिदिवसीय हनुमान मंदिर का जीर्णोद्धार समारोह सः रुद्र यज्ञ, एवं पंचकुंडी यज्ञ, ग्राम वासियों उपस्थिति हिंदुत्व जागरण का बोध करा रहा था, ऐसा जोश व उमंग महिला, पुरुष, युवा, बालक सभी के चेहरे में अयोध्या में होने वाले 22 जनवरी का उत्सव स्पस्ट रूप से देखने को मिला। स्वामी जी ने कहा साढ़े पांच हजार वर्ष के पश्चात श्रीराम का पुनर्वतरण हो रहा है श्रीराम लला के रूप में भगवान के जन्मस्थली श्री अयोध्या धाम में, 500 वर्ष लग गए हमें श्री राम की धरती में ही राम को पाने में, स्वामी जी का उद्बोधन भक्तों में एक नया जोश भर दिया। स्वामी जी अपने उद्बोधन में हिंदू संस्कृति के संरक्षण एवं दैनिक व्यवहार को अपने आचरण में लाने पर जोर देकर कहा कि अपने जन्म दिवस को मनाने की प्रक्रिया सनातनी रूप से ही हो, हिंदुत्व की पहचान के लिए अपने दैनिक दिनचर्या में अपनी धार्मिक गतिविधियों को ब्यवहार में लाएं।

# वैज्ञानिकों को रोग, सुखाड़ और सहिष्णु चावल प्रभेदों पर शोध केन्द्रित करना होगा: डॉ अरविन्द कुमार

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** अर्धशुष्क उष्ण कटिबंध संबंधी अंतर्राष्ट्रीय फसल अनुसंधान संस्थान (इक्रीसैट), हैदराबाद के उप महानिदेशक (शोध) डॉ अरविन्द कुमार ने बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के आनुवंशिकी एवं पौध प्रजनन विभाग में ह्यउपज, पोषकतत्व एवं जलवायु लचीलापन बढ़ाने के लिए जिनोमिक्स एसिस्टेड ब्रीडिंगह्व विषय पर शोधपूर्ण व्याख्यान दिया। उन्होंने कहा कि आनेवाले समय में कृषि के लिए पानी और भूमि की उपलब्धता घटेगी, मिट्टी का डिग्रेडेशन, शहरीकरण और उद्योगीकरण



बढ़ेगा तथा बाढ़-सुखाड़ के मामलों में वृद्धि, परिवर्तनशील मौसम, प्रकाश की गहनता में कमी, फसल रोगों में वृद्धि, कीट गतिशीलता में बदलाव और पोषक तत्वों में कमी जैसी मौसम परिवर्तन की चुनौतियां उभरेंगी। ऐसे परिदृश्य में हो सकता है पिछले 60 वर्षों से चल रहा फसल सुधार संबंधी कार्य अप्रासंगिक हो जाय और हमें नई रणनीतियों पर काम करना पड़े। व्याख्यान का आयोजन इंडियन सोसाइटी आफ प्लांट जेनेटिक्स एंड ब्रीडिंग की रांची शाखा द्वारा किया गया था।उन्होंने कहा कि हरित क्रांति के दौर में उन्नत प्रभेदों के इस्तेमाल और ज्यादा उर्वरकों के उपयोग से उत्पादकता तो बढ़ी लेकिन फसलों में विपरीत मौसम, सुखाड़ आदि सहने की जो स्वाभाविक क्षमता थी वह समाप्त हो गई। प्लांट ब्रीडिंग पौधों के जेनेटिक आर्किटेक्चर में सुधार करने की कला और विज्ञान है। अब वैज्ञानिकों को रोगों, डुबाव, सुखाड़ तथा तृणनाशकों के प्रति सहिष्णुता प्रभेदों के विकास पर ज्यादा ध्यान देना होगा तथा चावल की सीधी बुवाई की तकनीक अपनानी होगी।

# संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन ने लगाया रक्तदान शिविर

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन के तत्वधान में हमेशा की भांति इस बार भी 26 नवंबर को प्रातः 10:00 बजे से 2:00 बजे तक संत निरंकारी सत्संग भवन बुध विहार में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में रांची के सांसद संजय सेठ विशिष्ट अतिथि के रूप में झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष किशोर मंत्री उपाध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा कृष्ण अग्रवाल उपस्थित थे। निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन के रक्तदान शिविर में 102 निरंकारी भक्तों ने रजिस्ट्रेशन करवाया जिसमें जांच के बाद 73 यूनिट सदर हॉस्पिटल ने रक्तदान लिया । जैसा की ज्ञात हो युग प्रवर्तक बाबा गुरबचन सिंह जी सदैव ही समाज कल्याण के लिए निरंतर प्रयासरत रहे। और उनके उपदेशों को मानते हुए 1986 से लगातार रक्तदान कैंप का सिलसिला जारी है।बाबा हरदेव



सिह ने कहा था कि इंसानी रक्त मानव की नाड़ियों में बहना चाहिए ना कि नालियों में। उनके उपदेश के चलते संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन द्वारा हर वर्ष समय-समय पर रक्तदान कैंपों आयोजित किए जाते है।
सांसद संजय सेठ ने रक्तदान की सहारना करते हुए कहा कि संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन रक्तदान देने वाली विश्व स्तर की अपनी किस्म की अग्रणी संस्था है। जो इंसानों को मजहबों, जाति, रंगो, पहरावों, से ऊपर उठ कर हर एक में परमात्मा के स्वरूप को पहचाने का आह्वान देती है। संत निरंकारी मिशनपूरे विश्व में इस आयोजन को सफलतापूर्वक अंजाम दे रहा। रक्तदान शिविर के साथ-साथ सत्संग सभा का भी आयोजन किया गया जिसमें गुरु के संदेश को बताया गया कि ज्ञान से मनुष्य का अज्ञान नष्ट हो जाता है परमात्मा सूर्य की रोशनी के समान उनके अंदर ज्ञान प्रकाशित कर देता है। ज्ञान की रोशनी से अज्ञान का अंधेरा मिट जाता है मन में जितने भी भ्रम होते हैं सब दूर हो जाते हैं हर तरफ परमात्मा ही नजर आता है। जैसे सूर्य की रोशनी में हर वस्तु स्पष्ट नजर आती है इस प्रकार ज्ञान का उजाला प्राप्त करके हर समय हर जगह परमात्मा नजर आने लगता है और जीवन प्रकाशमय हो जाता है यहां भगवत गीता में श्री कृष्णा के संदेश का भी सहारा लेते हुए कहा गया की श्री कृष्णा कहते हैं कि परम तत्व को जानकर आत्मबोध होने पर फिर मनुष्य मन बुद्धि को निष्ठा पूर्वक प्रभु में लगाकर परमात्मा की शरण में रहकर ही मुक्ति प्राप्त करता है। श्री कृष्णा परमात्मा का ज्ञान लेने को प्रेरित कर रहे हैं और कह रहे हैं कि परमात्मा को जानना ही ज्ञान है और परमात्मा को न जाना अज्ञान है मानव जीवन का उद्देश्य ही मुक्ति यानी मोक्ष जन्म मरण से मुक्त प्राप्त करना है ।यह मुक्ति परमात्मा को जानकर इसका ज्ञान लेकर ही पाई जा सकती है प्रभु को जाने बिना मोक्ष या मुक्ति संभव नहीं सत्संग के उपरांत भक्तों के बीच गुरु का अटूट लंगर वितरण किया गया।

# संविधान से हटाये गये चित्रों को बहाल करे केंद्र सरकार: सुनील

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** रविवार को 26 नवंबर संविधान दिवस के अवसर पर राष्ट्र सेवा फाउंडेशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह ने कहा की भारत का संविधान 26 जनवरी 1950 को लागू हुआ था, जबकि इसकी स्वीकृति 26 नवंबर 1949 को हीं मिल गई थी। जिसे पहली बार 26 नवंबर 2015 को संविधान दिवस के रूप में मनाया गया। तब से 26 नवंबर को संविधान दिवस के रूप में मनाया जाने लगा । इस अवसर पर श्री सिंह ने कहा कि ओरिजिनल भारतीय संविधान में 22 पार्ट थे, और उन 22 पार्ट में 22 महान लोगों के चित्र थे। संविधान के भाग झ्एक के पेज नंबर 1 में सिंधु घाटी की सभ्यता थी जिसमें जेबू बैल था जेबु बैल को सबसे शक्तिशाली वंश और मोहनजोदड़ो, हड़प्पा का प्रतीक माना जाता था। संविधान के भाग 22 के पेज नंबर 181 मे समुद्र में लहरों से टकराता हुआ जहाज। यह चित्र यह पेज नंबर 181 पर है यह चित्र हमारे गौरवशाली सामुद्रिक प्रभाव और यात्राओं का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम में बलिदान हुए लोगों को बलिदान देने का चित्र है।जब संविधान बना था ए सारे चित्र बने हुए थे।लेकिन सेकुलरिज्म का कीड़ा ऐसा काटा की राम का भी चित्र हटा दिए, कृष्ण का भी चित्र हटा दिए, विक्रमादित्य का भी चित्र हटा दिए, गुरु गोविंद सिंह का भी चित्र हटा दिए, शिवाजी महाराज का भी चित्र हटा दिया, नालंदा विश्वविद्यालय का भी चित्र हटा दिया, गुरुकुल का भी चित्र हटा दिया । परंतु आज की तारीख में जो संविधान हम आप पढ़ रहे हैं उसमें आपको किसी का भी चित्र नहीं मिलेगा यह इस देश के साथ धोखा हुआ है। इस धोखे को ठीक करना है, लेकिन धोखा तभी ठीक होगा, जब देश में जन जागरण हो? चारों तरफ से इन बातों पर चर्चा हो की क्या सही था, क्या गलत था,क्या होना चाहिए था, क्या नहीं होना चाहिए था। अर्थात राष्ट्र सेवा फाउंडेशन संविधान के अनुच्छेदझ्र 32 के तहत मिले अधिकारों के तहत केंद्र सरकार से उक्त हटाए गए सभी 22 महान चित्रों को पुनः बहाल कर संविधान मे चित्रित कर शामिल करने की मांग करती है।

## भारतीय संविधान ने देश के दलितों, पिछड़ों, आदिवासियों को दी बड़ी ताकत: अमर बाउरी

**रांची:** संविधान दिवस पर भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा की ओर से रांची के तपोवन मंदिर से पुराना हाईकोर्ट तक संविधान गौरव यात्रा निकाली गई। नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी समेत सैकड़ों कार्यकताओं ने यात्रा में शामिल होकर पुराना हाईकोर्ट के पास स्थित डॉ भीमराम अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। उन्होंने कहा कि भारत की आजादी के लिए लाखों लोगों ने अपनी कुबार्नी दी, तब जाकर हमें स्वतंत्रता प्राप्त हुई। लेकिन सही तौर पर हमें स्वतंत्रता उस दिन मिली जब हमें हमारा संविधान मिला। संविधान की जिम्मेदारी बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर को दिया गया। उन्होंने सभी व्यक्ति को एक समान अधिकार देकर एक समृद्ध और कुशल समाज की स्थापना की। आज संविधान के कारण ही एक साधारण व्यक्ति भी प्रधानमंत्री या राष्ट्रपति के पद पर नियुक्त हो सकता है। यही ताकत संविधान से हमें मिलती है। कार्यक्रम में जीतू चरण राम, सीताराम रवि, केके गुप्ता, सुरेंद्र महतो, काजल प्रधान,जीतेंद्र पटेल समेत कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

## रांची पुलिस लाइन में ही चल रहा था जुए का अवैध खेल,छापेमारी कर 6 लोगों को हिरासत में लिया गया

**रांची:** राजधानी रांची के पुलिस लाइन में ही जुए का खेल चल रहा था। जानकारी मिलने पर रांची के सीनियर एसपी के द्वारा एक टीम भेज कर छापेमारी की कारवाई गई, जिसमें 6 से ज्यादा लोग हिरासत में लिए गए हैं। जानकारी के अनुसार जिन लोगों को हिरासत में लिया गया उसमें से कई पुलिसकर्मी भी हैं।रविवार को रांची पुलिस लाइन में उस समय भगदड़ मच गई जब जुआ खेल रहे 6 लोगों को पुलिस ने छापेमारी कर उठा लिया। छह लोगों को हिरासत में लेने के बाद जानकारी मिली कि उसमें कई पुलिसकर्मी भी हैं। जिसके बाद मामले को दबाने की भरपूर कोशिश की गई। हालांकि अभी तक किसी भी पुलिस अधिकारी ने हिरासत में लिए गए लोगों में पुलिसकर्मी होने की पुष्टि नहीं की है।दरअसल रांची के सीनियर एसपी चंदन कुमार सिन्हा को यह शिकायत मिली थी कि पुलिस लाइन में ही अवैध रूप से कुछ लोग जुआ खिलाने का काम करते हैं। इसके लिए उन्होंने किराए पर एक मकान भी ले रखा है। जानकारी मिलने पर एसपी के स्पेशल टीम के द्वारा अचानक पुलिस लाइन में छापेमारी गई की गई। जिसमें जुआ खेलते हुए छह लोग पकड़ लिए गए। मौके से पकड़े गए लोगों के पास से तीन लाख के करीब नगद भी बरामद हुआ है।सदर डीएसपी प्रभात रंजन बरवार ने बताया कि जुआ खेलने की शिकायत पर छापेमारी की गई थी। जिसमें कुछ लोगों को पकड़ा गया है। मामले में पुलिस वाले शामिल हैं कि नहीं यह जांच की जा रही है।इस मामले में बाबूलाल मरांडी ने भी सवाल उठाए हैं। उन्होंने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर लिखा 'रांची के गोंदा थाने क्षेत्र में कल देर रात पुलिसकर्मी समेत अन्य लोग जुआ खेलते पकड़े गये हैं। ये पुलिसकर्मी खुद भी जुआ खेल रहे थे और खेलवा भी रहे थे। इस पूरे प्रकरण में सबसे खास बात यह है कि इनमें से कुछ पुलिसकर्मी मुख्यमंत्री आवास में कार्यरत हैं और इस बात को पूरी तरह से छिपाया गया है। किसी भी तरह से मामले को रफा दफा किया जा रहा है। जिस राज्य का मुखिया सुबह से रात तक बस चोरी और हेरा-फेरी का गोरखधंधा करने में लगा हो, वहां ठीक उसके नाक के नीचे काम करने वालों को ऐसा 'अपराध करने का ऑक्सीजन' मिलता ही रहता है। जब बॉस ही राज्य के साथ रोज जुआ खेले तो चेले क्यों पीछे हटेंगे? साथ ही साथ यह भी पता लगाना जरूरी है कि इस जुआ के आमदनी का पैसा ऊपर कहां तक जाता है?'

## रांची एयरपोर्ट पर गांजे के साथ पकड़ा गया यात्री, पुलिस ने किया गिरफ्तार

**रांची:** राजधानी रांची के बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर एक यात्री को सीआईएसएफ के जवानों ने गांजा के साथ गिरफ्तार किया है। चेकिंग के दौरान यात्री के बैग से गांजा बरामद किया गया था जिसके बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार यात्री का नाम अमल जैन है और वह हरियाणा का रहने वाला है।रांची एयरपोर्ट से मिली जानकारी के अनुसार अमल जैन नाम के व्यक्ति को 30 ग्राम गांजे के साथ गिरफ्तार किया गया है। हरियाणा का रहने वाला अमल जैन रांची से हैदराबाद की फ्लाइट पकड़ने के लिए रांची एयरपोर्ट पहुंचा था। चेकिंग के दौरान सीआईएसएफ के जवानों के द्वारा उसे गांजे के साथ पकड़ा गया है। हिरासत में लेने के बाद आवश्यक पड़ताल कर यात्री को रांची पुलिस के हवाले कर दिया गया।कहा जा रहा है कि अमल जैन हमेशा गांजे का सेवन करता है और उसने अपने इस्तेमाल के लिए ही अपने बैग में गांजा रखा था, लेकिन एयरपोर्ट पर जांच में पकड़ गया।नारकोटिक्स ड्रग्स एंड साउकोट्रॉपिक एक्ट 1985 के तहत उन मामलों में कार्रवाई की जाती है जो ड्रग्स से जुड़े होते हैं। इसमें नशिले पदार्थों पर प्रतिबंध लगाया गया है। इस कानून के तहत किसी भी मादक पदार्थ का निर्माण, उत्पादन, खेती, खरीद, भंडारण, परिवहन या उपभोग पर प्रतिबंध है। इस कानून के तहत गांजे रखने पर सजा इस बात पर तय होती है कि उसकी मात्रा कितनी है। अगर यह ज्यादा मात्रा में या फिर कमर्शियल होती है तो इसके लिए ज्यादा सजा होती है। इसमें 10 साल की कठोर सजा और एक लाख रुपए का जुमार्ना हो सकता है। हालांकि अगर गांजा की मात्रा कम हो तो सजा भी कम होती है। गांजा की एक किलोग्राम की मात्रा को कम माना जाता है। जबकि कमर्शियल मामले में एक किलो से ज्यादा होता है। कम मात्रा में गांजा पकड़े जाने पर एक साल तक कठोर कारावास या 10 हजार रुपए जुमार्ना या फिर दोनों हो सकता है।

**दाह संस्कार** संस्था के सदस्यों ने दाह संस्कार से पूर्व मृत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की

# 32 लावारिस शवों का मुक्ति संस्था ने किया सामूहिक दाह संस्कार

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** मुक्ति संस्था ने रविवार को जुमार नदी तट पर 32 लावारिस शवों का सामूहिक रूप से अंतिम संस्कार किया। संस्था के सदस्यों ने दाह संस्कार से पूर्व मृत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। फिर उन्हें मुखाग्नि दी। मुक्ति संस्था पिछले नौ वर्षों से लावारिस शवों का अंतिम संस्कार करते आ रही है। इन शवों के अंतिम संस्कार के लिए संस्था की ओर से कई दिनों से तैयारी की जा रही थी। रिम्स में कानूनी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद इन लावारिस शवों को जुमार नदी तट पर ला गया। फिर अंतिम संस्कार किया



गया। गौरतलब है कि संस्था द्वारा अब तक 1655 लावारिस शवों का अंतिम संस्कार किया जा चुका है। इससे पहले पुलिस की ओर से इन शवों की पहचान के लिए कई प्रयास किए गए। पुलिस ने शवों की पहचान के लिए कई बार विज्ञापन भी निकाले। लेकिन इन शवों की पहचान नहीं हो सकी। इनके संबंधियों की कोई खोज-खबर नहीं आने के बाद आखिरकार लंबे समय से रखे गए इन शवों को सामूहिक दाह संस्कार के लिए संस्था को सौंप दिया गया। इससे पहले संस्था के सदस्य रिम्स के मोर्चरी में पड़े सभी शवों को पैक कर ट्रैक्टर से ले गए। इनमें से कई शव गल गए थे। इसलिए उन शवों को प्लास्टिक पैक कर पूरी तरह सील कर दिया गया था। सभी शवों को जुमार नदी के तट पर लाकर एक साथ 32 चिता सजायी गयी। फिर शवों को मुखाग्नि दी गई। दाह संस्कार के सभी विधि-विधान भी पूरे किए गए।

## नागपुरी शॉर्ट फिल्म समाधान का हुआ प्रीमियर

**रांची:** ड्रीम वर्ल्ड सिनेमा के बैनर तले बनी नागपुरी शॉर्ट फिल्म समाधान का प्रीमियर मिनी सुजाता में किया गया। फिल्म की निर्मात्री श्वेता साहू हैं, जबकि इसका निर्देशन नारायण साहू ने किया है। इससे पहले नारायण साहू ने झारखंड में बनी फीचर फिल्म फेसबुक वाला प्यार का निर्देशन किया था। जिसमें बॉलीवुड के कलाकारों ने काम किया था और फिल्म ने काफी सुर्खियां बटोरी थीं।नारायण साहू ने बताया कि ये शॉर्ट फिल्म समाधान पति पत्नी के रिश्ते पर आधारित है। जहां छोटी छोटी बात पर मनमुटाव धीरे-धीरे कैसे रिश्तों में जहर घोलती है। साथ ही इसमें किसी तीसरे का आना रिश्तों को और खराब कर देता है चाहे वह पति के परिवार वाले हों या पत्नी के।